


उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

" सफलता इन्तजार करने से नहीं, काम करने से मिलती है। "

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी



खुश रहिए इसलिए नहीं कि सब कुछ अच्छा है, अपितु जो कुछ है वही अच्छा है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 18 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक कृष्ण पक्ष: द्वादशी/त्रयोदशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 288 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 16



ATMA RAM JEWELLERS

# ज्वेलरी खरीदने से पहले ये 3 चीज़ें ज़रूर देखें

रेट और रिटर्न पॉलिसी भी ज़रूर चेक करें

ज्वैलरी बिल पर *HUID* नंबर चेक करें

*22 KT* का रेट कम्पेयर करें

22 KT GOLD RATE

₹ 1,18,000

NO POLISH
NO WASTAGE
EXTRA

ONLY 4% MAKING CHARGES



IGI

T & C APPLY* OFFER VALID FOR TODAY ONLY

VISIT US: SCO-806 NAC MANIMAJRA SECTOR-13
CHANDIGARH, INDIA 0172 460 9563

# मुख्यमंत्री ने शहीद भगत सिंह की दुर्लभ वीडियो फुटेज प्राप्त करने के लिए ब्रिटेन के कानूनविदों से सहयोग मांगा

इंग्लैंड और वेल्स की बार काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने भगवंत मान से की मुलाकात

ब्रिटिश निवेशकों को अगले वर्ष होने वाले 'इन्वेस्ट पंजाब सम्मेलन' में शामिल होने का आमंत्रण दिया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की दुर्लभ वीडियो फुटेज प्राप्त करने में राज्य सरकार की सहायता के लिए ब्रिटेन के कानूनविदों से समर्थन की अपील की। अपने सरकारी निवास पर इंग्लैंड और वेल्स की बार काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में इस महान शहीद की कोई भी वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि जानकारी के अनुसार स्कॉटलैंड यार्ड के पास भगत सिंह की दुर्लभ वीडियो फुटेज, विशेष रूप से उनकी गिरफ्तारी और मुकदमे की सुनवाई से संबंधित वीडियो, मौजूद हो सकती हैं।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये वीडियो पूरे भारतवासियों के लिए, विशेष रूप से पंजाबियों के लिए, अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भगत सिंह सभी के दिलों में अपार सम्मान रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पहले से ही इन वीडियो फुटेज को प्राप्त करने के प्रयास कर रही है ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनसे प्रेरणा ले सकें।

उन्होंने इंग्लैंड और वेल्स की बार काउंसिल से अपील की कि वे शहीद भगत सिंह की गौरवशाली विरासत को युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनाने के इस मानवीय और जनकल्याणकारी प्रयास में पंजाब सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे की पैरवी में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

भगवंत सिंह मान ने ब्रिटिश निवेशकों को आगामी मार्च में होने वाले 'इन्वेस्ट पंजाब सम्मेलन' में भाग लेने का निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर इंग्लैंड और वेल्स की बार काउंसिल की चेयर बारबरा मिल्स के.सी., बार की चेयर की सलाहकार प्रीन ढिल्लों-स्टार्किंग्स, कंसल्टेंट मेलिशा चार्ल्स, और बैरिस्टर 4पी.बी. बलजिंदर बाठ सहित अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री को पूर्ण सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य की आर्थिक उन्नति और जनकल्याण सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों की भी सराहना की।

### मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश निवेशकों को पंजाब में निवेश के लिए प्रेरित करने हेतु बार काउंसिल से सहयोग मांगा

एक अन्य मसले पर बात करते हुए मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश निवेशकों को पंजाब में निवेश के लिए प्रेरित करने हेतु बार काउंसिल से सहयोग मांगा। उन्होंने बताया कि पंजाब में सूचना प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएँ हैं, जिनका निवेशक भरपूर लाभ उठा सकते हैं।

## तस्करी गिरोह के 5 सदस्य चार ग्लॉक पिस्तौलों और 2 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपी दुबई स्थित तस्कर के निर्देशों पर कर रहे थे काम : गौरव यादव

बरामद की गयी खेप की कड़ियाँ पाकिस्तान से जुड़ी : एआईजी एसएसओसी अमृतसर सुखमिंदर मान




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 17 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार त्योहारों के सीजन को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष चेकिंग और विशेष अभियानों के दौरान बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने एक केंद्रीय एजेंसी के समन्वय में विदेशी हैंडलरों से जुड़े एक तस्करी नेटवर्क के पाँच सदस्यों को चार 9 मिमी कैलिबर ग्लॉक पिस्तौलों और 2 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान शिवम अरोड़ा निवासी न्यू जसपाल नगर, सुल्तानविंड रोड, अमृतसर; गुरप्रीत सिंह निवासी न्यू कपूर नगर, अमृतसर; अनमोलदीप सिंह निवासी सुल्तानविंड रोड, अमृतसर; अभिषेक सिंह निवासी गांव ढंड, तरनतारन और कुलमीत सिंह निवासी कॉलोनी गंगानगर, गांव ढंड, तरनतारन के तौर पर हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपी दुबई स्थित तस्कर के निर्देशों के तहत काम कर रहे थे, जो अपने पाकिस्तानी सहयोगियों के संपर्क में था। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जब्त की गई खेप पाकिस्तान से भारत भेजी गई थी। डीजीपी ने आगे बताया कि गिरोह के बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी और पूरे नेटवर्क को निष्क्रिय करने के प्रयास जारी हैं।

ऑपरेशन के विवरण साझा करते हुए, एआईजी एसएसओसी अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने कहा कि तस्करी की गतिविधियों में इन संदिग्धों की संलिप्तता के बारे में विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद, केंद्रीय एजेंसी की टीमों के साथ संयुक्त अभियान में पुलिस ने एक गुप्त कार्रवाई की और पाँचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से नशीले पदार्थ और आधुनिक हथियार बरामद किए गए, जिन्हें आरोपी आगे किसी ठिकाने पर पहुंचाने वाले थे। एआईजी ने कहा कि इस पूरे नेटवर्क के संबंधों का पता लगाने के लिए मामले के अगले-पिछले संबंध स्थापित करने हेतु गहन जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। इस संबंध में पुलिस स्टेशन एसएसओसी अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29, आर्म्स एक्ट की धारा 25, तथा बीएनएस की धारा 61(2) के तहत एफआईआर नंबर 61 दिनांक 16.10.2025 को केस दर्ज किया गया है।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' : 230वें दिन, पंजाब पुलिस ने 2.1 किलोग्राम हेरोइन और 3 लाख रुपये की ड्रग मनी के साथ 59 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

'डी-एडिक्शन' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 28 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने के इलाज के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के खात्मे के लिए शुरू की गई व्यापक मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध÷ को लगातार 230वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में 326 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल 57 एफआईआर दर्ज कर 59 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही, पिछले 230 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या बढ़कर 33,280 हो गई है।

इन छापेमारियों के दौरान पकड़े गए नशा तस्करों के कब्जे से 2.1 किलोग्राम हेरोइन, 1598 नशीली गोलियां/कैप्सूल, और 3.17 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। नशे के खिलाफ इस जंग की निगरानी के लिए राज्य सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस अभियान के दौरान 66 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों की 120 से अधिक टीमें राज्यभर में 326 स्थानों पर छापेमारी में शामिल रहीं। दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 349 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

राज्य सरकार ने नशों के उन्मूलन के लिए तीन-आयामी रणनीति ङ्क प्रवर्तन, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन लागू की है। 'डी-एडिक्शन' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज 28 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।

## एसएसएफ ने 'हौली चलो' अभियान से ग्रामीण सड़क सुरक्षा में लाई तेजी

विशेष डीजीपी ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा ए.एस. राय ने भागो माजरा टोल प्लाजा से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफलेक्टर-स्टिकर लगाकर अभियान की शुरुआत की



अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**एस.ए.एस. नगर, 17 अक्टूबर।** सड़क सुरक्षा को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक अहम पहल के तहत, पंजाब पुलिस के ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा विंग की सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) ने शुक्रवार को एनएच-5 (मोहाली-चंडीगढ़) हाईवे पर स्थित भागो माजरा टोल प्लाजा से ''हौली चलो'' स्टिकर अभियान की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि यह अभियान यारा इंडिया द्वारा समर्थित है और एसएसएफ द्वारा लागू किया जा रहा है।

अभियान की शुरुआत करते हुए विशेष पुलिस महानिदेशक (स्पेशल डीजीपी) ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा, पंजाब, ए.एस. राय ने बताया कि पहले चरण में एसएसएफ के 144 रूटों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगभग 30,000 रिफ्लेक्टर स्टिकर लगाए जाएंगे, जो कि पंजाब के लगभग 4,100 किलोमीटर प्रमुख सड़क हिस्सों को कवर करेंगे।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2017 से 2022 के बीच पंजाब में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से संबंधित 2,048 सड़क हादसे हुए, जिनमें 1,569 लोगों की मौत हुई। मृतकों में अधिकांश किसान थे। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि इस अवधि (2017 से 2022) में राज्य में सड़क हादसों से होने वाली कुल मौतों में से 5-6 प्रतिशत मौतें ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसों में हुई, जो सुरक्षा उपायों की आवश्यकता की ओर संकेत करती हैं। ए.एस. राय ने कहा कि पंजाब के किसान, जो हमारे कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, उनकी सड़कों पर सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। ''हौली चलो'' अभियान के माध्यम से न केवल वाहनों को दूर से देखना आसान होगा बल्कि यह सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से होने वाले हादसों में भी कमी लाएगा।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के दौरान पंजाब में सड़क हादसों से होने वाली मौतों में कमी देखी गई है, विशेष रूप से हादसे के 24 घंटे के भीतर होने वाली मौतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। यह सकारात्मक बदलाव पंजाब पुलिस के ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा विंग द्वारा प्रवर्तन, सड़क इंजीनियरिंग और जागरूकता से संबंधित पहलों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

उन्होंने आगे कहा कि पंजाब भर में सभी एसएसएफ यूनिटें एक साथ यह अभियान शुरू करेंगी। मौजूदा समय में चल रहे कटाई के सीजन को ध्यान में रखते हुए, पंजाब पुलिस किसानों के जीवन की रक्षा और सुबह तथा देर शाम के समय कृषि वाहनों की सुरक्षित आवाजाही के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

## सड़कों के गड्ढे भरने का काम नगर परिषद का, कर रही आम जनता

### पीरमुछल्ला-किशनपुरा रोड़ पर अपने खर्चे से गड्ढे भरवाएः गुरसेवक सिंह पूनिया



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 18 अक्तूबर।** पीरमुछल्ला से किशनपुरा रोड़ की खराब हालत को देखते हुए समाजसेवी गुरसेवक सिंह पूनिया ने आज अपने स्तर पर सड़क के गड्ढे भरवाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य नगर परिषद का है, लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद अब तक सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। पूनिया ने बताया कि क्षेत्र की अधिकांश सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नगर परिषद ज़ीरकपुर के अधिकारियों से आग्रह किया कि सभी मुख्य और आंतरिक सड़कों की मरम्मत शीघ्रता से तारकोल डालकर की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने गुरसेवक सिंह पूनिया के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यदि प्रशासन इसी तरह जिम्मेदारी से काम करे तो शहर की सूरत निखर सकती है उन्होंने कहा, 'नगर परिषद का काम जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना है, लेकिन हम शिकायत करते-करते थक चुके हैं। मजबूर होकर अपने पैसों से सड़क की मरम्मत करवानी पड़ी।'

पहले ही नगर परिषद जीरकपुर की तरफ से पीर मुछल्ला क्षेत्र में पैचवर्क का काम किया जा रहा है एक-दो दिन में लुक वाला प्लांट चल जाने के बाद पूरे जीरकपुर में जहां-जहां पर पैचवर्क होने वाला है या नई सड़क बनने वाली है उन्हें तुरंत प्रभाव से बना दिया जाएगा।

**चरणपाल सिंह, एमई नगर परिषद जीरकपुर**

रियल एस्टेट सेक्टर के लिए गठित कमेटी की पहली बैठक संपन्न

## मान सरकार रियल एस्टेट सेक्टर में काम करना आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध : मुंडियां

आने वाले दिनों में जालंधर और लुधियाना में बिल्डरों व संबंधित विकास प्राधिकरणों के बीच होगी बैठक

नई पहल के लिए कमेटी के सदस्यों द्वारा सरकार का धन्यवाद




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** रियल एस्टेट सेक्टर में सकारात्मक बदलाव के लिए पंजाब सरकार द्वारा हाल ही में गठित की गई सेक्टर-विशेष कमेटी की पहली बैठक पुडा भवन, एस.ए.एस. नगर में हुई।

बैठक में उपस्थित कमेटी सदस्यों को संबोधित करते हुए आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार रियल एस्टेट सेक्टर द्वारा राज्य के विकास में दिए जा रहे योगदान को भली-भांति समझती है, क्योंकि इस क्षेत्र की तरक्की से राज्य की अर्थव्यवस्था भी मज़बूत होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सेक्टर-विशेष कमेटी सरकार को अपने सुझाव देकर रियल एस्टेट क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगी।

बैठक में पंजाब सी.आर.ई.डी.ए.आई. के अध्यक्ष श्री जगजीत सिंह माझा ने रियल एस्टेट सेक्टर में संरचनात्मक नीतियाँ बनाने के लिए कमेटी गठित करने के सरकार के इस कदम की सराहना की। कमेटी के चेयरमैन श्री दीपक गर्ग (डायरेक्टर, मार्बेला ग्रुप) ने बैठक के दौरान पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि कमेटी सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएगी। बैठक में यह भी सहमति बनी कि आने वाले दिनों में जालंधर और लुधियाना में बिल्डरों और संबंधित विकास प्राधिकरणों के बीच बैठकें आयोजित की जाएंगी ताकि इन शहरों में रियल एस्टेट क्षेत्र में और निवेश की रूपरेखा तैयार की जा सके।

रियल एस्टेट सेक्टर को अधिक निवेश-अनुकूल और प्रोत्साहन देने के लिए बैठक में सभी सदस्यों द्वारा कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई - जैसे सी.एल.यू., एल.ओ.आई., लाइसेंस और अन्य स्वीकृतियों को जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाना, पार्शियल कंप्लीशन सर्टिफिकेट और कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने को सरल बनाना, तथा प्लॉटों की हाइपोथिकेशन और डी-हाइपोथिकेशन की प्रक्रिया को और सुगम बनाने संबंधी तुरंत आवश्यक कदम उठाने पर सहमति जतायी गयी।

इस अवसर पर मुख्य प्रशासक, गमाडा विशेष सारंगल, अतिरिक्त मुख्य प्रशासक गमाडा व सदस्य सचिव, सेक्टर-विशेष कमेटी अमरिंदर सिंह मल्ली उपस्थित रहे। इसके अलावा, कमेटी के वाइस चेयरमैन रूपिंदर सिंह चावला (एम.डी., सी.ई.ई.ई.एन.एन. प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्रा. लि.) तथा अन्य सदस्य सुखदेव सिंह (डायरेक्टर, ए.जी.आई. ग्रुप), प्रदीप कुमार बांसल (डायरेक्टर, एच.एल.पी. ग्रुप), बलजीत सिंह (डायरेक्टर, जुबली ग्रुप), दीपक मखीजा (बिजनेस हेड, पंजाब, एमार ग्रुप), श्री रूपिंदर सिंह गिल (एम.डी., गिलसन्ज़ कंस्ट्रक्शन लि.), रोहित शर्मा (कार्यकारी निदेशक, डी.एल.एफ. ग्रुप), मोहित गोयल (चेयरमैन, एफिनिटी ग्रुप) और वरुण धाम (डायरेक्टर, के.एल.वी. बिल्डर्स) भी बैठक में शामिल हुए।

## ढकौली क्षेत्र के रेलवे फाटक पर बूम बैरियर को महिंद्रा पिकअप गाड़ी के चालक ने मारी टक्कर

### सरकारी प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने के आरोप में गाड़ी चालक को जीआरपीएफ पुलिस ने किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 17 अक्तूबर।** ढकौली क्षेत्र में स्थित रेलवे फाटक पर बूम बैरियर को एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बूम बैरियर टूटने से फाटक कर्मचारियों के हाथ पांव फूट लए क्योंकि उसी दौरान लाइन से ट्रेन गुजरने का समय था। घटना शुक्रवार दोपहर 3 बजे की है। बूम बैरियर के टूटने से कोई वाहन लाइन क्रॉस ना करे इसके लिए फाटक कर्मचारी लाल झंडा लेकर रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ा हो गया ताकि कोई बड़ा हादसा ना हो जाए। इस दौरान करीब आधे घंटे तक रेलवे फाटक बंद रहा। रेलवे विभाग को सूचना मिलने के तुरंत बाद रेलवे पुलिस कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। रेलवे पुलिस ने पिकअप चालक को सरकारी प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने के आरोप में हिरासत में लिया और गाड़ी भी जब्त कर ली। महिंद्रा पिकअप सामान से लोड थी। रेलवे पुलिस ने सामान दूसरी गाड़ी में शिफ्ट करवाने उपरांत गाड़ी को केस प्रॉपर्टी के तहत कब्जे में ले लिया। आरोपी पिकअप चालक की पहचान निर्मल सिंह के रूप में हुई है जोकि धनास से गाड़ी में सामान लोड करके लाया था। बता दें कि इस रेलवे ट्रैक से दिनभर में 65 ट्रेने निकलती हैं। दोपहर करीब 3 बजे ट्रेन के गुजरने का समय था और फाटक कर्मचारियों ने बूम बैरियर नीचे कर दिया था। उसी दौरान निर्मल सिंह पिकअप गाड़ी लेकर आया जिसने जल्दबाजी में फाटक क्रॉस करने के चक्कर में बूम बैरियर के पिल्लर को टक्कर मार दी जिस कारण बूम बैरियर का पिल्लर टूटकर नीचे गिर गया। रेलवे फाटक कर्मचारियों ने बूम बैरियर की रिपेयर तुरंत शुरु कर दी। करीब आधे घंटे तक फाटक को दोनों तरफ से बंद रखा। हालांकि ऐसा होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों को ढकौली या पीर मुछल्ला जाने के लिए वैकल्पिक रास्तों को ढूंढना पड़ा। कुछ समय बाद बूम बैरियर को ठीक कर ट्रैफिक को सुचारू करवाया गया।



घटना की जानकारी मिली थी। कानून के हिसाब से बनती कार्रवाई की जा रही है।

**सत्यम कुमार, एएसआई रेलवे पुलिस**

## तरन तारन उप चुनावः नामांकन के पाँचवें दिन छह नामांकन पत्र दाखिल

**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर (अप्रस)।** पंजाब विधानसभा की 21-तरन तारन सीट के उप चुनाव के लिए नामांकन के पाँचवें दिन 6 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं।

पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि तरन तारन सीट के लिए आज भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हरजीत सिंह संधू ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने दो नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। राजेश वालिया की ओर से उनके कवरिंग उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। वहीं सच्चो सच पार्टी के उम्मीदवार श्याम लाल गांधी ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। उल्लेखनीय है कि इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार करणबीर सिंह ने आज एक और नामांकन पत्र दाखिल किया है। इससे पहले उन्होंने 15 अक्टूबर को भी नामांकन पत्र दाखिल किए थे।

नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर 2025 है।

## अमृतसर में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर जसवीर सिंह उर्फ लल्ला काबू; पिस्तौल बरामद

गिरफ्तार आरोपी गैंगस्टर हैपी जट्ट और बंबीहा गैंग का है मुख्य सरगना है

गैंगस्टर जसवीर उर्फ लल्ला एक हत्या के मामले और पुलिस पार्टी पर हुए हमले के मामले में वांछित था : डीजीपी गौरव यादव



अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर, 17 अक्तूबर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने की चल रही आरंभ की मुहिम के दौरान बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने अमृतसर ग्रामीण पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में विदेश-आधारित गैंगस्टर हरप्रीत सिंह उर्फ हैपी जट्ट और बंबीहा गैंग के मुख्य सरगना गैंगस्टर जसवीर सिंह उर्फ लल्ला को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने दी। पुलिस टीमों ने गिरफ्तार किए गए आरोपी के कब्जे से .30 कैलिबर की एक विदेशी पिस्तौल और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि आरोपी जसवीर सिंह उर्फ लल्ला को उसके विदेश-स्थित हैंडलर द्वारा विरोधी गिरोह के सदस्यों को निशाना बनाने के निर्देश दिए जा रहे थे। एडीजीपी एजीटीएफ प्रमोद बान ने बताया कि गिरफ्तार गैंगस्टर जुलाई 2024 में हुई परमिंदरदीप सिंह उर्फ प्रिंस की हत्या के मामले में वांछित था। इसके अलावा, वह फरवरी 2025 में पुलिस पार्टी पर हुए हमले में भी शामिल था, जिसमें पंजाब पुलिस का एक एएसआई घायल हो गया था। इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए एआईजी एजीटीएफ संदीप गोयल ने बताया कि विशेष गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एजीटीएफ की पुलिस टीमों ने डीएसपी बिक्रमजीत बराड़ और डीएसपी (डी) अमृतसर ग्रामीण गुरिंदर पाल सिंह नागरा की निगरानी में अमृतसर ग्रामीण पुलिस के साथ मिलकर संदिग्ध जसवीर उर्फ लल्ला को गांव वडाला भीटेविंड में रोका। आरोपी ने भागने की कोशिश में पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी की, लेकिन संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद उसे काबू कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों का नेतृत्व इंस्पेक्टर विक्रम, एसआई चंदर और एसआई कोमल कर रहे थे।

एआईजी ने बताया कि गिरफ्तार गैंगस्टर, विदेश भाग चुके वांछित गैंगस्टर हैपी जट्ट का मुख्य शूटर है। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर हैपी जट्ट कई हत्या और हत्या के प्रयास के मामलों में वांछित है। अमृतसर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मनिंदर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां तथा बरामदगियां होने की संभावना है। इस संबंध में एफआईआर संख्या 199, दिनांक 17/10/2025 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 109, 111, 221 और 132 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(8) के तहत अमृतसर ग्रामीण के थाना कांबो में दर्ज की गई है।

## विजडम इंटरनेशनल स्कूल में दिवाली के त्योहार से जुड़ी कई बच्चों की एक्टिविटीज

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगरांव, 17 अक्टूबर।** विजडम इंटरनेशनल स्कूल में दिवाली के त्योहार से जुड़ी कई एक्टिविटीज़ हुई। इलाके के मशहूर स्कूल लीला मेघ सिंह, विजडम इंटरनेशनल स्कूल में नर्सरी से पांचवीं क्लास तक के स्टूडेंट्स ने दिवाली के त्योहार से जुड़े दीये, मोमबत्तियां, थालियां और फूल सजाने के कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया। जिसमें स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टीचर्स ने बच्चों को बताया कि पुराने ज़माने में लोग कैसे हाथ से मिट्टी के दीये और बिगुल बनाते थे और उन्हें खुद सजाते थे। तीसरी से पांचवीं क्लास तक के स्टूडेंट्स ने वॉल हैंगिंग और रंगोली बनाई। बच्चों के चारों हाउस फेथ, होप, पीस और चैरिटी में इंटर-हाउस कॉम्पिटिशन भी हुए। जिसमें बच्चों ने खूब जोश दिखाया। जिसमें होप हाउस का स्टूडेंट फर्स्ट आया। उसके बाद मैडम गुरप्रीत कौर, साक्षी, किरणप्रीत कौर, हरकोमल कौर, किरणदीप और मैडम स्नेह की लीडरशिप में एक्टिविटीज़ हुईं। जिसमें कुलवीर कौर, जसवंत कौर, सिमरन कौर और लवदीप कौर ने जज की भूमिका निभाई। इस मौके पर स्कूल चेयरमैन सतीश कालरा, प्रिंसिपल मैडम अनीता कालरा मौजूद थीं। चेयरमैन सर ने बच्चों को ग्रीन दिवाली मनाने के लिए मोटिवेट किया और पटाखों से दूर रहने का मैसेज दिया।

दैनिक

# अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 18 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक कृष्ण पक्ष : द्वादशी/त्रयोदशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 288 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 16





उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

"तूफान ज्यादा हो तो कश्तियां भी डूब जाती हैं, और अहम् ज्यादा हो तो हस्तियां भी डूब जाती हैं।"

**सुबल वाणी**



खुश रहने से विपत्ति भी सम्प्रति में बदल जाती है।





GANAUR, SONIPAT

7303 124 242 | 9812 985 174 | 8448 605 456

Disclaimer: Promotions and marketing material are for informational purposes only and do not constitute a legal offering, marketing, or an invitation to purchase. The company reserves the right to alter or remove specifications, prices, and other information without prior notice. Ramakrishna Buildwell Pvt. Ltd is not liable for any information about its projects that may be circulated by third parties. Public is advised to verify details and the RERA registration status of any project before making a purchase. Computer-generated images and artistic impressions are indicative and may not represent the actual designs.

# वर्तमान भाजपा सरकार के 11 साल का कार्यकाल स्वर्णिम समय रहा : अनिल विज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 17 अक्तूबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 11 साल का कार्यकाल स्वर्णिम समय रहा है और इस अवधि में अनेकों योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए तकनीक का महत्वपूर्ण योगदान होता है और हमारी सरकार तकनीक का पूरी से उपयोग कर रही है ताकि आमजन को सुविधाएं तेजी से मुहैया कराई जा सके और लोगों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पडें।

श्री विज आज अंबाला छावनी में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 (चरण-2) कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारी वर्तमान भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष बेमिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि इस एक साल में कई विकास के कार्य हुए हैं और तरक्की का पहिया तेजी से चला है। तीसरी बार प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है और इन 11 सालों को कहा जाए तो यह हरियाणा का स्वर्णिम समय है और इस अवधि में अनेकों योजनाएं शुरू की गई। श्री विज ने कहा कि पहले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि यदि हम एक रुपया भेजते है तो 85 पैसे सिस्टम खा जाता है और लाभपात्र तक केवल 15 पैसे पहुंचते हैं। मगर हमारी भाजपा सरकार ने तकनीक का सहारा लेकर विभिन्न योजनाओं के सारे पैसे सीधे लाभपात्रों के खातों में पूरे पहुंचते हैं।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आज मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 का शुभारंभ किया जा रहा है। इस योजना के तहत जिनके पास घर नहीं है और जिन्होंने किसी भी किसी अन्य योजना के तहत घर नहीं ले रखे, उन्हें 50 या 100 वर्गगज के प्लाट दिए जाएंगे, जिनकी पारिवारिक आय 1.80 लाख से कम है। इसी प्रकार, पंचायती राज संस्थाओं व नगर परिषदों को भी उनके हिस्से के अनुसार विकास कार्यों के लिए 700 करो? रुपए की राशि मुख्यमंत्री द्वारा दी जाएगी ताकि विकास कार्य किए जा सकें। श्री विज ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार काम करने में लगे है और हमारी डबल इंजन की सरकार है।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने स्वच्छता अभियान चलाकर देश को नया रूप देने का काम किया :** विज ने कहा कि आजादी के बाद अंग्रेज यहां से चले गए, मगर अंग्रेजों की जो शासन पद्धति थी वहीं चलती रही क्योंकि हम अभाव में जीते थे, अस्पताल-कालेजों के लिए तरसते रहे, पीने के पानी के लिए तरसते रहे, नागरिक सीवरेज-स्ट्रीट लाइट के लिए तरसते रहे। मगर जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने सारी आवश्यकताएं पूरा करने का कार्य शुरू किया और लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता की बात कही। यदि हमारे पहले प्रधानमंत्री यह सोचते तो आज भारत भी अमेरिका या इंग्लैंड की तरह होता। लोग बैंक की दहलीज तक नहीं जा सकते थे, लेकिन मोदी जी ने गरीबों के लिए जनधन योजना की शुरूआत की। उज्जवला योजना लागू करके गरीब लोगों की रसोई में गैस सिलेंडर दिए गए। आयुषमान भारत योजना एक मिसाल योजना है जिसके माध्यम से हर परिवार को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त ईलाज कराने की व्यवस्था की गई है। पहले घर में कोई ब?ी बीमारी आ जाती थी तो परिवार के लोग सहम जाते थे, मगर आज उसे पता है कि पांच लाख रुपए तक का ईलाज सरकार ने कराने की जिम्मेदारी ली है।

**मोदी जी ने हिन्दूस्तान को बदला लेने वाला हिंदुस्तान बनाया, देशवासी गौरन्वित :** श्री विज ने कहा कि हमारे पड़ोस में पाकिस्तान है जो हमारे से ही अलग होकर बना है। हमारे कुछ नेताओं ने हिंदुस्तान के टुकड़े कर दिए जबकि आजादी की लड़ाई में ऐसी कभी भी बात नहीं थी, जिन्होंने कुर्बानियां दी उन्होंने टूटते हुए भारत के लिए नहीं दी थी और भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव ने अखंड भारत के लिए कुर्बानी दी। नेताजी सुभाष बोस ने आजाद हिंद फौज बनाई और अंग्रेज सरकार के साथ सशस्त्र लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि क्या शहीदों ने हिंदुस्तान के बंटवारे के लिए कुर्बानियां दी। मगर उस समय सत्ता के लालची कुछ नेताओं ने हिंदुस्तान के टुकड़े धर्म के आधार पर करवा दिए। हिंदु हिंदुस्तान में और मुसलमान पाकिस्तान में रहेंगे यह निर्णय कर दिया गया, जिससे हजारों लोग बेघर हुए। आज वहीं पाकिस्तान जो हमारे से अलग होकर बना है वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। अनेकों वर्षों से उग्रवाद चल रहा है और बेकसूर लोगों को मारकर वह चले जाते थे।

# विद्यार्थियों ने लगाए दीपावली फेस्ट के स्टॉल

## विद्यार्थी इकॉफ्रेंडली दिवाली मनाएः रोहित कुमार

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 17 अक्तूबर।** राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में आज महिला प्रकोष्ठ एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ (ई डी सी) के संयुक्त तत्वावधान में दिवाली मेले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर सबसे पहले महिला प्रकोष्ठ एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रोफेसर रेनू कुमारी ( वाणिज्य विभाग) एवं उनकी समस्त समिति के सदस्यों द्वारा प्राचार्य को पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका स्वागत किया व प्राचार्य ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सृजनशीलता और व्यवसायिक दृष्टिकोण को विकसित करते हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को इकाफेंडली दिवाली मनाने का संदेश दिया जिससे की पर्यावरण को कोई भी क्षति न पहुचें।

विद्यार्थियों ने सजावट, फूड स्टॉल्स में गोल गप्पे, दहीं भले, भेलपुरी, फरूट चाट, चना व शक्करगंदी चाट, टिक्की, मोमोज, स्प्रिंग रोल, कुलचे, जलजीरा,द लस्सी व गेम्स, हस्तनिर्मित उपहार, क्राफ्ट आइटम, एक्सेसरीज आदि के आकर्षक स्टॉल लगाए। कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

महिला प्रकोष्ठ एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की संयोजिका रेनू कुमारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को कमाई के साथ सीखने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

उन्होंने बताया कि इस दिवाली मेले में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न तरह की 30 स्टाल्स लगायी गई, जिसमें हाइजीन, साफ सफाई का खासकर ध्यान रखा गया। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले स्टॉल को नगद पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

निर्णायक मण्डल की भूमिका प्रोफेसर सुभाष कुमार, प्रोफेसर संजीव कुमार, डॉ अपूर्वा चावला, डॉ. सुमन लता, डॉ रीमा संधू व प्रो. नरेश कुमार ने निभाई। ऑर्गनाइजिंगिंग कमेटी के सदस्य डॉ. स्वर्णजीत सिंह,आशिमा ठाकुर, डॉ. मनीषा देवी, डॉ. सपना गुप्ता, दलजीत, डॉ. सोनू, इन्दु धीमान,डॉ नेहा वालिया, सपना सैनी व समस्त टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। इस मेले का अवलोकन गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### 'विश्व सांख्यिकी दिवस 2025' पर पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** अर्थशास्त्र और गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व सांख्यिकी दिवस 2025' की पूर्व संध्या पर पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक जी की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सांख्यिकी और डेटा-साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा डेटा के माध्यम से सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर रचनात्मक संवाद को प्रोत्साहित करना था। प्राचार्य ने कहा की सांख्यिकी आज के युग में नीति निर्माण, शोध कार्य और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक विषय है। इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों में सृजनात्मकता और विषय के प्रति रुचि बढ़ाने में सहायक होती हैं । इस अवसर पर गणित विभागाध्यक्ष डॉ. राजकमल एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज सिवाच विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तर के छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। प्रतिभागियों ने आंकड़ों के महत्व, डेटा-स्रोतों की विश्वसनीयता, और डेटा-आधारित नीति निर्माण जैसे मुद्दों को रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से पेश किया। आयोजकों ने रंग, रचना, संदेश की स्पष्टता और सांख्यिकीय सामग्री की सटीकता को मूल्यांकन मानदंड बताया। निर्णायक मण्डल में पूनम, सोनू सिहाग, मोनिका, रीना, सुनीता शामिल रहे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी क्रमश काफी, राधिका, नुपुर को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में रणधीर, भगवान दास, अजय, गुरदीप, मन्नू, अनिल कुमारी, नूतन, श्रीमती दीपिका उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में सेवा कर मनाई अनोखी दीपावली



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** सहारा इंटरनेशनल स्कूल लाडवा के विद्यार्थियों ने बाबा बंसीवाला वृद्धाश्रम जाकर बुजुर्गों को कपड़े, मिठाइयां व राशन वितरित कर सेवा और करुणा की मिसाल पेश की। स्कूल में दीवाली मिलन समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल व गीतिका अग्रवाल ने पूजा-अर्चना से किया। विद्यार्थियों ने कार्ड मेकिंग, दीया सजावट, रंगोली व थाली सजावट जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की शपथ भी दिलाई गई। एस.डी.एम. लाडवा ने बच्चों को संकल्प दिलाया कि वे अपने माता-पिता को कभी वृद्धाश्रम में अकेला नहीं छोड़ेंगे। प्रधानाचार्या ॠतु गोगिया ने विद्यार्थियों की सेवा भावना को प्रेरणादायक बताया।

### ग्लोबल हेरिटेज स्कूल के छात्रों ने कराटे में लहराया परचम




**लाडवा (विकास कश्यप)।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने ओपन इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में परचम लहराते हुए 16 स्वर्ण पदकों सहित 40 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह जानकारी स्कूल खेलकूद विभाग के अध्यापक विजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अंबाला में रेड ड्रैगन मार्शल अकादमी की तरफ से ओपन इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिसमें करीब 400 खिलाडियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में 16 स्वर्ण, 17 रजत व 7 कांस्य पदकों के साथ कुल 40 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। पदक जीतने वाले खिलाडियों में अमृतपाल, भगत राम, सार्थक, रमनीत, एविक कंबोज, गुरनूर, मोहित, मनन, माणिक, युगम, आरव, नक्ष, मयंक, कुणाल, रेहान व रेशव ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वही अनंत चोपड़ा, मनन, रुद्रवीर, रुद्रांश, अर्जुन, यश, योजित, इशिका, आगम भाटी, दिग्विजय, भाविक, युवराज, कुंवर, तनिश, युवराज, वीश व यश्विन ने रजत पदक हासिल किया और सीरत, चेष्टा, दिग्विजय, इशू, अन्वी, परिषा व माही ने कांस्य पदक जीता। स्कूल के खिलाडी एविक कंबोज व मोहित को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। स्कूल में पहुंचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया व उन्हें पुरस्कार दिए गए। विजेताओं का स्वागत करने के पश्चात प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया वो सभी बधाई के पात्र हैं। यह जीत ग्लोब हेरिटेज फैमिली की जीत है।

# लगता है स्वास्थ्य विभाग के आशीर्वाद से ही बन रही हैं टोहाना में मिलावटी मिठाइयां

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 17 अक्तूबर।** त्योंहारी सीजन शुरू होते ही शहर में हर गली मोहल्ले वह स्टोरे में मिष्ठान भंडार वाले मिठाईयां बनानी शुरू कर देते हैं इतनी मिठइयां बनाने के लिए तो दूध हलवाइयों को प्राप्त नहीं हो सकता इसलिए नकली दूध उत्पाद बनाने वाले माफिया से नकली दूध , पनीर, खोवा लेकर शहर में मिठइयां बनाई जा रही हैं और यही यही ही नहीं टोहाना शहर से नकली दूध, घी, पनीर, खोवा बड़ी मात्रा से सप्लाई भी किया जाता है। नकली देसी घी का कारोबार टोहाना मंडी में वर्षों से हो रहा है जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग कई बार कमर कसने की बात कर छापा मार कार्रवाई करने की बड़ी-बड़ी बातें भी करता देखा गया है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम सही मायने में कभी भी मिलावट खोरों के विरुद्ध कार्यवाही करती नहीं देखी गई। नकली दूध से बनी मिठइयां शहर की पहचान बनी हुई है सुबह-सुबह ही नकली मिठइयों से भरी हुई गाड़ियां सारे हरियाणा व पंजाब तक सप्लाई की जाती हैं यह सफेद मीठा जहर लोगों को सस्ते के चक्कर में बेचा जा रहा है। टोहाना शहर के लोग मिठाई चाहे वह खुद के खाने के लिए मिठाई खरीद रहे हैं या रिश्तेदार को उपहार देने के लिए खरीद रहे हैं है तो मीठा जहर ही है। स्वास्थ्य विभाग सब कुछ जानकार भी चुप्पी साधे हुए हैं लोगों का हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से मांग है कि कम से कम त्योहारों के सीजन में तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपने वातानुकूलित कमरों से निकल कर मिष्ठान भंडारों पर छापामार कार्रवाई करें ताकि मिष्ठान भंडार वाले अपने कुछ लालच में लोगों की सेहत से खिलवाड़ न करें और मिष्ठान भंडार वालों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति भय बना रहे।

# पार्षदो ने मौजूदा सैनी सरकार का एक वर्ष के कार्यकाल में उपलब्धियों का किया बखान, लोगों कों दी शुभकामनायें

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 17 अक्तूबर।** नप पार्षद मनीष बेनिवाल ने केंद्र में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने तथा मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार के 01 वर्ष पूरा होने पर जनता कों शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज हरियाणा सरकार देश में विकास, सुशासन और विश्वास की नई पहचान बनी है। पिछले 11 वर्षों में प्रदेश ने जनकल्याण, पारदर्शिता और विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। भाजपा ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मंत्र के साथ राज्य ने समग्र विकास का रास्ता अपनाया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से लाखों युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर सरकार नौकरी मिली है। पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी से सरकारी तंत्र में जवाबदेही और निष्पक्षता आई

वहीं नपा पार्षद अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की भाजपा सरकार का बखान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में ई-गवर्नेंस के जरिए प्रत्येक योजना और सेवा ऑनलाईन हुई, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगी। आज हरियाणा देश का पहला राज्य है जो किसानों की 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर कर रहा है। इसके अलावा किसान समृद्धि के लिए फसल खरीद पूरी तरह पारदर्शी हुई है और फसलों के दामों का सीधे किसानों के खाते में भुगतान किया जा रहा है।

वहीं पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी विपिन छाबड़ा ने वार्ड वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि भाजपा सरकार में किसानों कों मेरी फसल, मेरा ब्यौरा जैसी योजनाओं से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही सरकार ने मण्डियों में किसानों के लिए सभी सुविधाएं देने का कार्य किया है ताकि हमारे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

वहीं शहरी मंडल अध्यक्षा रेखा संजय गोयल ने कहा कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण व उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की है। हरियाणा सरकार ने हाल ही में लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को प्रत्येक महिला 2100 रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि हमारी महिलाएं आत्मनिर्भर बने। इसके अलावा महिलाओं को अनेकों योजनाओं के माध्यम से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं पार्षद कप्तान छौक्कर ने हरियाणा की पंचायत प्रणाली में महिलाओं को 50 प्रतिशत की भागीदारी मिली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। आने वाला दशक भी हरियाणा के स्वर्णिम भविष्य का दशक होगा।

### ग्रीन पटाखों को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री व उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध

# पटाखों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करेगी पुलिस : कुलदीप सिंह

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 17 अक्तूबर।** पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह, भा.पु.से. ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक 15.10.2025 को पारित आदेशों के अनुपालन में तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला जींद में पटाखों की बिक्री और प्रयोग पर सख्त नियम लागू किए गए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखना तथा नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है।

केवल नेशनल एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी।

बिक्री केवल उन्हीं लाइसेंसधारी विक्रेताओं द्वारा की जा सकेगी जिन्हें पेसो/नीरी से अनुमति प्राप्त है।

बिक्री निर्धारित स्थलों पर ही की जाएगी, जिन्हें जिला प्रशासन द्वारा पुलिस विभाग के समन्वय से तय किया गया है। बिक्री अवधि केवल 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक सीमित रहेगी। पटाखे फोड़ने की अनुमति केवल दीपावली से एक दिन पहले और दीपावली के दिन ही रहेगी। निर्धारित समयावधिः सुबहः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक शामः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक केवल कोड युक्त ग्रीन पटाखे ही मान्य होंगे। बेरियम या किसी अन्य निषिद्ध रासायनिक पदार्थ वाले पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा । सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष गश्त एवं निगरानी करने के आदेश दिए गए है यदि किसी ईलाका थाना में पटाखों के अवैध बिक्री, भंडारण या परिवहन कि सुचना मिलने पर तत्काल जब्ती एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दान उत्सव के माध्यम से बांटी खुशियां

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 17 अक्तूबर।** प्रतिवर्ष की भांति इस इस वर्ष भी ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने दान उत्सव -3 में बढ़-चढ़कर भाग लिया । इस अवसर पर कक्षा तीन और चार के बच्चों ने अनाथ आश्रम? अमीन, कक्षा 9 तथा 10 के बच्चों ने कुष्ठ आश्रम कुरुक्षेत्र और कक्षा 5 तथा 6 के बच्चों ने भट्टे पर काम करने वाले गरीब लोगों के साथ दीवाली मनाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में दया, अपनापन और समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के प्रति सम्मान की भावना पैदा करना था। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से मिठाइयाँ, फल, दिए, मामबत्तियां, कपड़े और ज़रूरी सामान वितरित किए।

इसके साथ ही कक्षा पांचवी छठी और सातवीं के बच्चों ने ग्रीन दिवाली और स्वच्छता दिवाली के विषय पर सेक्टर 5 सेक्टर 7 डीडी कॉलोनी हीरानगर में रैली निकाली।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुमिता ठाकुर ने कहा, 'ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में संवेदनशीलता और सहानुभूति बढ़ती है। जब बच्चे समाज के लोगों से जुड़ते हैं, तो वे सच्चे अर्थों में इंसानियत को समझते हैं। उन्होंने सभी बच्चों से ग्रीन दिवाली मनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष श्री रोशन लाल गुप्ता और स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती सुदेश गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा समाज के प्रत्येक व्यक्ति का का सम्मान करना चाहिए और अपने आसपास को साफ रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल मे इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए बच्चों को प्रेरित करना है।

# ग्रामीण स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर : गुर्जर




अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**ढांड, 17 अक्तूबर।** गांव साकरा में आयोजित क्रिकेट महाकुंभ में खेल भावना, उत्साह और सामाजिक एकता की शानदार झलक देखने को मिली। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जहां ग्रामीणों और युवाओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अशोक गुर्जर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। खेल हमें अनुशासन, सहयोग, टीम भावना और आत्मविश्वास का पाठ सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित ऐसे प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करती हैं और समाज में भाईचारे की भावना को और अधिक सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत साकरा की इस सराहनीय पहल के लिए आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर विशेष रूप से ढाण्ड मार्किट कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र मैहला जड़ौला, पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकरा, वाइस चेयरमैन देवीदयाल बरसाना, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुबे सिंह, बलवान साकरा, सरपंच डॉ. सतपाल साकरा, प्रदीप काला साकरा, अमित साकरा, टोनी साकरा, संजय साकरा एवं क्षेत्र के ग्रामवासी और क्रिकेट प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किया प्रदीप दलाल की किताब 'न्यूज़ फॉर सेल' का विमोचन

## अमेज़न किंडल, फ्लिपकार्ट और रेख्ता जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मनोवैज्ञानिक, स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक प्रदीप दलाल द्वारा लिखित चर्चित पुस्तक ÷न्यूज़ फॉर सेल÷ का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने लेखक को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पुस्तक आधुनिक मीडिया की दिशा और दशा पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत करती है। पुस्तक ऑफलाइन प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ अमेज़न किंडल, फ्लिपकार्ट और रेख्ता जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध है।

लेखक प्रदीप दलाल ने बताया कि 'न्यूज़ फॉर सेल' के माध्यम से उन्होंने मीडिया की बदलती प्राथमिकताओं, कॉर्पोरेट दबावों और जनसरोकारों से बढ़ती दूरी जैसे मुद्दों को उजागर करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि यह किताब किसी उपदेश के लिए नहीं, बल्कि समाज को यह सोचने पर विवश करने के लिए है कि क्या समाचार अब केवल बाजार की वस्तु बन चुके हैं या अब भी ज़िम्मेदारी का माध्यम हैं। प्रदीप दलाल ने आगे कहा कि पत्रकारिता एक समय समाज का चौथा स्तंभ मानी जाती थी। आज़ादी से पहले इसे एक मिशन के रूप में देखा जाता था, लेकिन समय के साथ यह मिशन से व्यवसाय की ओर बढ़ गई है। आज विज्ञापन, टीआरपी और राजनीतिक स्वार्थों की दौड़ में मीडिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। यह पुस्तक इन्हीं प्रश्नों और चुनौतियों पर केंद्रित है। इसमें स्वतंत्र भारत से लेकर डिजिटल युग तक मीडिया के उत्थान, पतन और संक्रमणकाल का गहन विश्लेषण किया गया है। लेखक ने उन पत्रकारों का भी उल्लेख किया है जिन्होंने सच की कीमत पर भी निष्पक्ष पत्रकारिता की मशाल जलाए रखी। पत्रकारिता लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में अपनी विश्वसनीयता खोता जा रहा है लेकिन वर्तमान में ऐसे अनेकों पत्रकार हैं जो जमीर की स्याही से बिना डरे व झुके लोगों तक सच पहुंचाने का कार्य करते हैं। प्रदीप दलाल ने बताया कि यह कृति पूरी तरह से शोध, वरिष्ठ पत्रकारों, शिक्षाविदों और आमजन के अनुभवों पर आधारित है। पुस्तक को दृशी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि 'न्यूज़ फॉर सेल' जैसी पुस्तकें समाज को यह याद दिलाती हैं कि लोकतंत्र तभी मज़बूत रह सकता है जब मीडिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और जनपक्षीय बना रहे। गौरतलब है कि प्रदीप दलाल वर्तमान में लंदन में मनोवैज्ञानिक व स्वतंत्र पत्रकार के रूप में कार्यरत हैं। वे पब्लिक रिलेशन ऑफिसर के रूप में अपनी सेवायें दे चुके हैं, वहीं वे प्रदेश के बेस्ट जर्नलिस्ट के अवार्ड के साथ कई बार राज्यपाल व समाजसेवी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किए जा चुके हैं। उन्होंने मास कम्युनिकेशन एवं जर्नलिज्म से एमएससी और एमफील की उच्च शिक्षा प्राप्त की है।




" सफलता इन्तजार करने से नहीं, काम करने से मिलती है। "

दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

**सुबल वाणी**



खुश रहिए इसलिए नहीं कि सब कुछ अच्छा है, अपितु जो कुछ है वही अच्छा है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 18 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक कृष्ण पक्षः द्वादशी/त्रयोदशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 288 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 16













हरियाणा सरकार का एक साल पूरा होने पर सीएम सैनी का ऐलान

# हरियाणा में एक नवंबर से बढ़ेगी 200 रुपए बुढापा पेंशन

## दिसंबर से खातों में आएंगे 3200 रुपए

## 37 लाख लोग सामाजिक सुरक्षा पेंशन के दायरे में

अर्थ प्रकाश/ आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दीपावली के अवसर पर प्रदेश में बुढापा पेंशन में 200 रुपये वृद्धि का ऐलान किया है। बढ़ी हुई पेंशन एक नवंबर को हरियाणा दिवस से लागू होगी और दिसंबर माह से बुजुर्गों के खाते में 3200 रुपये पेंशन आएगी। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा तीन हजार रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है।


मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यह ऐलान भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में किया। हुड्डा सरकार में एक हजार रुपये मासिक बुढ़ापा पेंशन मिला करती थी, जिसे भाजपा सरकार ने चरणबद्ध तरीके से बढ़ाते हुए तीन हजार रुपये मासिक तक पहुंचाया। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन को महंगाई सूचकांक से जोड़ते हुए समय-समय




पर उसमें बढ़ोतरी का वादा प्रदेश की जनता से किया, जिसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी सरकार का एक साल पूरा होने पर पेंशन 3200 रुपये कर दी है। राज्य में करीब 37 लाख लोग सामाजिक सुरक्षा पेंशन के दायरे में आते हैं। इनमें 22 लाख 13 हजार 628 लोग वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करते हैं, जबकि 8 लाख 93 हजार 276 महिलाएं विधवा पेंशन हासिल कर रही हैं। हरियाणा में विशेष श्रेणी के 2 लाख 45 हजार 272 बच्चे और 2 लाख 11 हजार 744 दिव्यांगजन सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे देश में हरियाणा सबसे अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने वाला राज्य है। भाजपा सरकार ने एक सिस्टम के तहत सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी की प्रक्रिया अपना रखी है, जिसे महंगाई के सूचकांक से जोड़ा गया है।

## पूरन कुमार व संदीप आत्महत्या केस में किसी के साथ नहीं होगा अन्यायः सीएम

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि आईएएस वाई पूरन कुमार और एएसआई संदीप लाठर आत्महत्या केस में किसी के भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होगा। वाई पूरन कुमार और संदीप लाठर की आत्महत्याओं से जुड़ी घटनाओं में अलग-अलग जांच चल रही है। केंद्र व राज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार है। किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। एडीजीपी रैंक के आइपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने सात अक्टूबर को चंडीगढ़ के सेक्टर 11 में रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने अपने फाइनल नोट में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और रोहतक के एसपी समेत 15 अधिकारियों को आरोपित ठहराया था। वाई पूरन कुमार के नोट के मुताबिक उच्चाधिकारियों ने उनका जातिगत व मानसिक उत्पीडन् किया, जिसके बाद उनकी आइएएस पत्नी अमनीत पी कुमार की शिकायत के आधार पर आरोपित अधिकारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। हरियाणा सरकार ने पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर छुट्टी भेज दिया और एसपी नरेंद्र बिजराणिया को पद से हटा दिया। चंडीगढ़ पुलिस ने मामले की जांच के लिए आइजी के नेतृत्व में छह सदस्यीय एसआईटी बनाई। इस घटनाक्रम के करीब एक सप्ताह बाद रोहतक के साइबर सेल में कार्यरत एएसआई संदीप लाठर ने फाइनल नोट और वीडियो छोडक़र रिवाल्वर से आत्महत्या कर ली और शत्रुजीत कपूर व नरेंद्र बिजराणिया को ईमानदार अधिकारी बताते हुए वाई पूरन कुमार को भ्रष्ट बताया तथा अमनीत पी कुमार पर भी कई गंभीर आरोप लगाए। संदीप लाठर के परिजनों की शिकायत पर अमनीत पी कुमार समेत चार लोगों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की गई, जिसकी जांच के लिए रोहतक पुलिस काम कर रही है। इन दोनों घटनाओं के चलते हरियाणा सरकार की परेशानी बढ़ी रही और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 17 अक्टूबर का सोनीपत (राई) दौरा स्थगित हो गया।

अधिकतम 31 डिग्री से.
डिग्री से. 18 न्यूनतम
सूर्योदय 6.27 बजे
सूर्यास्त 5.49 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 1,32,920.00 |
| सेंसेक्स | 83,952.19 |
| अमेरिका | 88.09 |
| कैनेडियन | 62.74 |
| आस्ट्रेलिया | 56.93 |

# चंडीगढ़ के सेक्टर-17 में बनेगा 124 करोड़ की लागत से नया डीसी कार्यालय

**पुरानी इमारत में बनाई जाएगी आर्ट गैलरी**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** चंडीगढ़ प्रशासन ने सेक्टर-17 में डिप्टी कमिश्नर (डीसी) कार्यालय के लिए एक नई 7-मंजिला इमारत के निर्माण की योजना को अंतिम रूप दे दिया है। यह परियोजना 124 करोड़ की लागत से पूरी की जाएगी और इसका नक्शा व डिजाइन पहले ही तैयार किया जा चुका है। नई इमारत होटल शिवालिकव्यू के पास स्थित होगी। प्रस्तावित स्थल की मिट्टी जांच रिपोर्ट पास हो चुकी है, जिससे यह पुष्टि हुई है कि यह स्थान भारी इमारत के निर्माण के लिए उपयुक्त है। अब बजट स्वीकृति के लिए इस प्रस्ताव को अगले सप्ताह भारत सरकार को भेजा जाएगा।

निर्माण कार्य 2026 में शुरू होगा, और दो वर्षों में इसे पूरा करने का लक्ष्य है। वर्तमान डीसी कार्यालय, जो कि सेक्टर-17 में टीएस सेंट्रल स्टेट लाइब्रेरी केपास स्थित है को आधुनिक आर्ट गैलरी में बदला जाएगा। इसके सामने एक एम्फीथिएटर भी बनाया जाएगा। प्रशासन को लंबे समय से पुराने कार्यालय में जगह की कमी महसूस हो रही थी, इसी कारण 2018 में नए भवन की योजना बनाई गई थी। चंडीगढ़ प्रशासन के कई विभाग इस नए भवन की छत के नीचे स्थित होंगे जिनमें पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण, रजिस्ट्रार, को-ऑपरेटिव सोसाइटीज़, आबकारी एवं कराधान विभाग, जनगणना विभाग, निर्वाचन विभाग, राजस्व विभाग, तहसीलदार कार्यालय, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, श्रम विभाग, उद्योग विभाग, कॉलोनी पुनर्वास शाखा, भवन शाखा, रेड क्रॉस कार्यालय शामिल हैं।

### हरित तकनीक से लैस होगा नया भवन

-यह नया भवन पूरी तरह ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुसार बनेगा और 5-स्टार ग्रिहा रेटिंग को प्राप्त करेगा। यह भवनविशेष फीचर्स से लैस रहेगा
-छत पर सोलर पावर प्लांट
-अपना स्वयं का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट
-600 कारों की पार्किंग क्षमता
-ऊर्जा और पानी में आत्मनिर्भरता
-इससे भवन का कार्बन फुटप्रिंट न्यूनतम रहेगा और यह पर्यावरण-अनुकूल ढांचे के रूप में एक मिसाल बनेगा

### 124 करोड़ की लागत का अनुमानः ओझा

यूटी के मुख्य अभियंता सीबी ओझा ने बताया, हमने 124 करोड़ की लागत का अनुमान तैयार कर लिया है। इसे अगले सप्ताह भारत सरकार को भेजा जाएगा। बजट आवंटन के बाद अगले वर्ष निर्माण कार्य शुरू होगा। आंतरिक डिज़ाइन की रूपरेखा भी तय कर ली गई है।

### निर्माण के लिए भूमि उपयुक्त, मिट्टी जांच रिपोर्ट में साइट को मिली हरी झंडी

चंडीगढ़ में प्रस्तावित निर्माण स्थल की मिट्टी जांच रिपोर्ट ने परियोजना स्थल को निर्माण के लिए उपयुक्त घोषित कर दिया है। विशेषज्ञों द्वारा की गई इस जांच में मिट्टी की रासायनिक और भौतिक संरचना का गहराई से अध्ययन किया गया।
मिट्टी परीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि भूमि प्रस्तावित भवन की संरचनात्मक भार वहन क्षमता रखती है या नहीं। यह जांच मौसम की स्थिति, जलवायु परिवर्तन और भूमि के ऐतिहासिक उपयोग जैसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जाती है।
अब जबकि स्थल को हरी झंडी मिल चुकी है, निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने की संभावना है। परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, एक बार निर्माण शुरू होने के बाद इसे दो वर्षों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।
यह परियोजना शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है और स्थानीय निवासियों को इससे नई उम्मीदें जुड़ी हैं।

# ग्राहकों को बड़ी राहतः चंडीगढ़ में डाकघरों के समय में हुआ विस्तार, अब देर रात तक मिलेगी सेवा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** इंडिया पोस्ट चंडीगढ़ डिवीजन ने क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों और उद्यमियों को बड़ी राहत देते हुए 12 चयनित डाकघरों के कामकाजी समय में विस्तार करने की घोषणा की है। यह कदम डाक, बैंकिंग और बीमा सेवाओं को और अधिक सुलभ और ग्राहकों के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। अब तक ये डाकघर शाम 4 बजे तक सेवाएं प्रदान करते थे, लेकिन नई व्यवस्था के तहत कई डाकघर अब शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे, जबकि कुछ डाकघर शाम 4.30 बजे तक सेवाएं देंगे।

**किन डाकघरों का समय बढ़ाया गया है? :** शाम 5 बजे तक खुले रहने वाले डाकघरों में खरड़, सेक्टर-19, सेक्टर-22, सेक्टर-30 (चंडीगढ़), सेक्टर-55, सेक्टर-59, सेक्टर-71 (एसएएस नगर)। शाम 4-30 बजे तक सेवा देने वाले डाकघरों में मोरिंडा, मुल्लांपुर, इंडस्ट्रियल एरिया (चंडीगढ़), सेक्टर-12 (चंडीगढ़) मनीमाजरा।

### मुख्य डाकघरों में विशेष सुविधा

चंडीगढ़ जीपीओ अब सोमवार से शनिवार तक रात 8 बजे तक खुला रहेगा। रविवार को भी सेवाएं मिलेंगी – सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक। वहीं, रोपड़ मुख्य डाकघर भी अब सोमवार से शनिवार तक रात 7 बजे तक सेवा देगा।

### ग्राहकों को क्या होगा फायदा?

यह नई व्यवस्था खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद होगी जो दिन के समय काम में व्यस्त रहते हैं। दुकानदार, औद्योगिक इकाइयाँ छोटे उद्यमी, आम नागरिक अब ये सभी अपने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पार्सल व दस्तावेज़ देर शाम तक आसानी से भेज सकेंगे।

### आगे क्या?

इंडिया पोस्ट चंडीगढ़ डिवीजन ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह आने वाले समय में ग्राहक सुविधा और गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर कदम उठाता रहेगा, ताकि जनता को परेशानी मुक्त डाक, बैंकिंग और बीमा सेवाएं मिलती रहें।

## न्यूज ब्रीफ

### राजकीय उच्च विद्यालय 46 में ग्रीन दिवाली कार्यक्रम का आयोजन



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय सेक्टर 46 चंडीगढ़ के प्रांगण में जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन की सहभागिता के साथ दिवाली के उपलक्ष्य में प्रदूषण रहित दिवाली मनाने के आग्रह के साथ हरित दिवाली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताए कि हमे अपने जीवन के दिनचर्या और उत्सव तथा विभिन्न आयोजनों में पर्यावरणपरक वस्तुओं के उपयोग का विशेष ध्यान रखना चाहिए और प्राणवायु की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए पटाखे रूपी राक्षस से दूर रहना चाहिए।शाही ने सभी को प्रदूषण रहित दिवाली मनाने का शपथ दिलाए। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजिंदर सिंह का पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी कार्यों में विशेष योगदान के लिए सादर धन्यवाद करते हुए इको क्लब इंचार्ज नायब सिंह को सादर आभार प्रकट किए। आज के इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अलग अलग गतिविधियों रंगोली प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता के साथ विद्यालय के पास के आवासीय क्षेत्र में ग्रीन दिवाली को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी और पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने रैली को हरी झंडी दिखाकर आगे बढ़ाया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय सिंह राणा, मनोज कुमार, केशव गुप्ता, कुलदीप इंदर सिंह, जगदीप सिंह, मधुबाला, मिनी जोशी और शालू गुलाटी का विशेष सहयोग रहा।

# साइबर क्राइम पुलिस ने फर्जी दोस्ती/डेटिंग धोखाधड़ी मामले में नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़ 17।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम ने फर्जी दोस्ती/डेटिंग धोखाधड़ी मामले में आरोपी नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान इफ़ियानी क्रिश्चियन इफ़ेसिनाची के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 4 मोबाइल फोन, जिनमें 35 जीमेल अकाउंट सक्रिय पाए गए। 15 सिम कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, पाँच बैंक पासबुक और एक एक्सपायर हो चुका नाइजीरियाई पासपोर्ट। बरामद किया।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता चंडीगढ़ निवासी ने पुलिस को बताया कि उन्हें स्टैनली नाम के एक व्यक्ति से व्हाट्सएप संदेश मिला था। जो खुद को अमेरिकी नागरिक बता रहा था। ऑनलाइन दोस्ती होने के बाद, स्टैनली ने उन्हें झूठा बताया कि उन्हें मुंबई हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया है।और उन्हें सीमा शुल्क और करों के लिए पैसे की ज़रूरत है। उस पर भरोसा करके, शिकायतकर्ता ने धोखेबाज़ द्वारा दिए गए कई खातों में 6,08,960/- ट्रांसफर कर दिए थे।

धोखाधड़ी करने वाले ऑनलाइन व्यक्तित्व स्टैनली का मुख्य संचालक था। वह पीड़ितों के साथ संचार करता था।भारतीय बैंक खातों के माध्यम से धोखाधड़ी से प्राप्त धन प्राप्त करता था।और अपने सहयोगियों के माध्यम से निकासी का समन्वय करता था। उसने भारत भर में अपने शिकार बनाने के लिए कई फर्जी डिजिटल पहचानों का भी इस्तेमाल किया। वह महिला होते हुए भी पुरुष होने का नाटक करता था।और पुरुष होते हुए भी महिला होने का नाटक करता था।

# चंडीगढ़ में हिट एंड रन का केस, आरोपी गिरफ्तार

**तेज रफ्तार थार से दो सगी बहनों को कुचला था, एक बहन की हो गई थी मौत**
**दूसरी बहन अस्पताल में मौत से जंग लड़ रही**
**बुडैल चौकी प्रभारी को हटाया गया**

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** चंडीगढ़ में हिट एंड रन के केस में पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। तेज रफ्तार थार आरोपी चालक ने दोनों सगी बहनों को बुरी तरह से कुचल दिया था। जिसमें छोटी बहन की मौत हो गई थी। जबकि दूसरी बड़ी बहन अस्पताल में जिंदगी मौत की जंग लड़ रही है। अस्पताल में भर्ती है।पकड़ा गया आरोपी पीयू में लॉ का स्टूडेंट है।और उसके पिता पंजाब में तहसीलदार हैं।पुलिस हादसे वाली चंडीगढ़ नंबर की लाल रंग की थार को पहले ही कब्जे में ले चुकी है। थार के पहले से ही डेंजर ड्राइविंग के 14 चालान कटे हैं।इस मामले में कारवाई में लापरवाही बरतने पर बुडैल चौकी प्रभारी को हटा दिया गया है। यह हादसा बुधवार को दोपहर के समय हुआ था। परिजनों ने हंगामा भी किया था। पुलिस थार आरोपी चालक को बचाने की कोशिश कर रही थी। चंडीगढ़ के सैक्टर 45 स्थित देव समाज कॉलेज के पास यह हादसा दोपहर करीब दो बजे के आसपास हुआ था। आरोपी थार चालक ने दो सगी बहन सोजेफ़ और ईशा को कुचल दिया था। जबकि आरोपी चालक मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गया था। जख्मी ही दोनों बहनों को इलाज के लिए सेक्टर 32 के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। यहां डॉक्टरों की टीम ने सोजेफ़ को मृत घोषित कर दिया था। जबकि ईशा जिंदगी मौत की जंग लड़ रही अस्पताल में भर्ती है। पिता सावेद ने बताया था कि मृतक बेटी सोजेफ़ की आयु 22 साल और जख्मी हुई ईशा की आयु 24 साल है। सोजेफ़ देव समाज कॉलेज की बीए की छात्रा थी। जबकि जख्मी ईशा सैक्टर 46 में ब्यूटी पार्लर का काम सीख रही है पिता ने कहा था कि चंडीगढ़ पुलिस कारवाई नहीं कर रही। जानकारी के अनुसार दोनों बहनों के पिता सावेद ने 16 अक्टूबर को आरोप लगाया था कि पुलिस आरोपी थार चालक को बचाने की कोशिश कर रही है। पूरे शहर में कैमरे लगे हुए है। लेकिन अभी तक पुलिस आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा पाई थी। उन्होंने कहा था कि अगर कोई आम व्यक्ति को पकड़ना होता तो पुलिस तुरंत एक्शन लेती है। जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त थार में दो लोग शामिल थे। शुक्रवार को थाना 34 पुलिस ने आरोपी थार चालक को थाने बुलाया।और उसे हिरासत में ले लिया।

# 120 करोड़ के डीसी ऑफिस की साइट बदलकर बचाए सेक्टर-17 को जाम और सार्वजनिक धन की बर्बादी से

**सौरभ जोशी की चंडीगढ़ प्रशासक से की अपील**

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** पार्षद सौरभ जोशी ने चंडीगढ़ प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल से आग्रह किया है कि 120 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित डी.सी. ऑफिस भवन की साइट (होटल शिवालिक व्यू के पास, सेक्टर-17) पर पुनर्विचार किया जाए, ताकि भविष्य में ट्रैफिक जाम, पार्किंग संकट और सार्वजनिक धन की बर्बादी से बचा जा सके। जोशी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में सेक्टर-17 के निवासी, व्यापारी, बाज़ार संघ और रोज़ाना आने-जाने वाले लोग लगातार कॉल कर रहे हैं और निवेदन कर रहे हैं कि इस मुद्दे को प्रशासन के समक्ष रखा जाए। उनकी चिंता है कि करोड़ों रुपए की जनता की मेहनत की कमाई सही जगह पर खर्च हो, न कि ऐसे स्थान पर जहाँ बाद में प्रशासन को जाम और पार्किंग की समस्याओं को सुलझाने के लिए और करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ें।

जोशी ने कहा कि प्रस्तावित स्थल पहले से ही आरएलए ऑफिस, नगर निगम भवन, डाक विभाग, पुलिस थाना, आईसीसी सेंटर, परेड ग्राउंड और सीएटी ट्रिब्यूनल से घिरा हुआ है, जिससे यहाँ पहले ही ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव रहता है। जोशी ने कहा यह परियोजना अच्छी है, पर स्थान गलत चुना गया है। यहाँ पहले से भीड़ रहती है – नया डी.सी. ऑफिस बनने के बाद ट्रैफिक जाम और पार्किंग की समस्या और बढ़ेगी, और फिर इन्हीं समस्याओं को ठीक करने के लिए प्रशासन को और खर्च करना पड़ेगा। उन्होंने एसबीआई मेन ब्रांच के सामने वाले खुले क्षेत्र को बेहतर और स्थायी विकल्प बताया। यह विरोध नहीं, सुधार की अपील है। विकास का मतलब तभी है जब वह जनता के हित और सही योजना के साथ हो।

# फाउंटेन की आपरेशन एंड मेंटेनेंस से राजस्व जुटायेगी नगर निगम

**कंपनियों ने अभी तक नहीं दिखायी रुचि**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह




**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** चंडीगढ़ नगर निगम के दायरे में आने वाले पार्कों में लगे फाउंटेन के आसपास 4 गुना 1 गुना 1.5 फुट के साइनबोर्ड लगाने वाली कंपनी मेंटेनेंस और आपरेशन का काम देखेंगी। कंपनियां नगर निगम को एडवरटाईजमेंट कंट्रोल आर्डर 1954 के अंतर्गत एडवरटाईजमेंट और लाइसेंस फीस देंगी।

इस प्रकार से एमसी ने हर वर्ष 52 फाउंटेन की आपरेशन एंड मेंटेनेंस से राजस्व जुटाने की योजना तैयार की है। उल्लेखनीय है कि शहर की विभिन्न ग्रीन बेल्ट/पार्कों में लगे 52 फाउंटेन की आपरेशन एंड मेंटेनेंस एडवर्टीजमेंट बेस पर करने के लिए हार्टीकल्चर विंग ने दो बार टेंडर लगाये। किंतु दोनों ही बार किसी कंपनी की तरफ से रुचि नहीं दिखायी दी। दूसरी बार टेंडर की बिड गत 16 अक्तूबर को रिसीव होनी थी। किंतु किसी भी कंपनी ने उसमें भाग नहीं लिया।

अब तीसरी बार इसका टेंडर ओएसडी-2 द्वारा कॉल किया जायेगा। यह फैसला पहले ही मीटिंग में लिया जा चुका है।

### 20 लाख का हो रहा खर्च

उल्लेखनीय है कि अभी नगर निगम प्रति वर्ष फाउंटेन आपरेशन एंड मेंटेनेंस से राजस्व जुटाने का प्लान तैयार किया है। अभी प्रति वर्ष फाउंटेन आपरेशन एंड मेंटेनेंस 20 लाख खर्च कर रही है। निगम के हार्टीकल्चर विंग की तरफ से काल किये गये टेंडर में 30 सितंबर को कोई कंपनी नहीं आयी। दूसरी बार काल किये टेंडर की बिड में 16 अक्तूबर को किसी कंपनी ने पार्टी सिपेट नहीं किया। तीसरे काल के टेंडर में स्पेसिफाई केशंस में तब्दीली की जा सकती है। वर्णनीय है कि फाउंटेन की सफाई भी कंपनी को करवानी होगी। यदि इंस्पेक्शन के समय क्लीनिंग हुई नहीं मिली, तो प्रति फाउंटेन एक हजार रुपये जुर्माना भी लगेगा। जांच में मोनो ब्लाक मिला तो भी एक हजार प्रति फाउंटेन की मेंटेनेंस एंड आपरेशन का काम अलाट होगा। उसी एरिया के फाउंटेन की साफ सफाई भी रखनी होगी।

### नगर निगम की हाउस मीटिंग अब 3 नवंबर को

नगर निगम चंडीगढ़ की 24 अक्तूबर को होने वाली हाउस मीटिंग अब अगली 3 नवंबर को आयोजित होगी।

# पीजीआईएमईआर के एडवांस्ड आई सेंटर ने दीवाली पर आंखों की चोटों से निपटने के लिए की पूरी तैयारी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** चंडीगढ़ स्थित प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थान एडवांस्ड आई सेंटर, पीजीआईएमईआर ने दीवाली के मौके पर होने वाली आंखों से जुड़ी आपात स्थितियों से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान ने 20 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2025 तक विशेष इंतजाम किए हैं ताकि पटाखों से होने वाली आंखों की चोटों का समय पर और प्रभावी इलाज किया जा सके।

संस्थान के अनुसार, दीवाली के दिन (20 अक्टूबर) को 22 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और अलग से एनेस्थीसिया टीम चौबीसों घंटे काम करेगी। सभी जरूरी सर्जरी और इमरजेंसी ट्रीटमेंट बिना किसी देरी के उपलब्ध रहेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि सभी सर्जरी के लिए आवश्यक दवाइयां और अन्य सामग्रियां पीजीआईएमईआर द्वारा निशुल्क दी जाएंगी। इसके अतिरिक्त, दीवाली के बाद भी (21 और 22 अक्टूबर को) 20 से अधिक डॉक्टरों की टीम आपातकालीन सेवाएं और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल प्रदान करेगी।

### पिछले 5 वर्षों का चिंताजनक आंकड़ा

पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों से पता चला है कि हर साल औसतन 60 से अधिक केस दीवाली के दौरान रिपोर्ट होते हैं, जिनमें 60-70 प्रतिशत मामलों में गंभीर चोटें पाई गईं। यह आंकड़े पटाखों की वजह से आंखों पर मंडराते खतरों को उजागर करते हैं।

### दीवाली पर आंखों की सुरक्षाः जानिए क्या करें और क्या न करें

**क्या करें :**
- पटाखे जलाते समय 6 से 8 फीट की दूरी बनाए रखें।
- सुरक्षात्मक चश्मा पहनें ताकि चिंगारी और धूल से आंखें सुरक्षित रहें।
- बच्चों की निगरानी करें, उन्हें अकेले पटाखे न जलाने दें।
- खुले स्थान पर ही पटाखे जलाएं, जहां घर, वाहन या सूखी घास न हो।
- पास में पानी की बाल्टी और फर्स्ट एड किट जरूर रखें।
- सिंथेटिक की बजाय कॉटन के कपड़े पहनें।
- पटाखों को छूने के बाद अच्छी तरह हाथ धोएं।

**क्या न करें :**
जलते या फेल हुए पटाखों को सीधे न देखें।
आंखों में कुछ चले जाने पर रगड़ें नहीं, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
आंख जलने पर क्रीम या पानी न डालें, साफ कपड़े से ढककर डॉक्टर के पास जाएं।
फेल पटाखों को दोबारा न जलाएं।
कॉन्टेक्ट लेंस पहनकर पटाखे न जलाएं।
किसी की ओर पटाखा फेंकना या चेहरे के पास जलाना खतरनाक हो सकता है।

**आपात स्थिति में संपर्क करें :** मोबाइल- 9814014464, लैंडलाइनः 0172-2756117

### इस दीवाली, रोशनी की चमक बनी रहे, आंखों में चिंगारियां नहीं!

दीवाली मनाएं, लेकिन सावधानी के साथ ताकि जश्न आपकी आंखों की रोशनी न छीन ले। अगर कोई भी चोट हो, तुरंत एडवांस्ड आई सेंटर, पीजीआईएमईआर से संपर्क करें।

# मेयर हरप्रीत कौर बबला ने वेंडिंग लाइसेंस बकायादारों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** शहर के रेहड़ी-पटरी वालों की मदद के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने उन विक्रेताओं के लिए एकमुश्त राहत की घोषणा की है, जिन्होंने चंडीगढ़ नगर निगम को बकाया राशि का भुगतान न करने के कारण अपने वेंडिंग लाइसेंस खो दिए हैं। आज यहां 472 प्रभावित विक्रेताओं की अपीलों पर विचार करते हुए, मेयर ने बकायादारों को तीन महीने की अवधि के भीतर अपने बकाया को नियमित करने का अंतिम अवसर देने की घोषणा की। इस अवधि के भीतर अपने बकाया भुगतान का भुगतान करने वाले विक्रेताओं के लाइसेंस बहाल कर दिए जाएँगे। हालाँकि, ऐसा न करने पर लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द कर दिए जाएँगे। मेयर बबला ने कहा, ÷यह हमारे विक्रेता समुदाय के लिए दिवाली का तोहफा है, जिनमें से कई को आर्थिक चुनौतियों के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। हम समावेशी विकास में विश्वास करते हैं, और यह कदम सुनिश्चित करता है कि छोटे व्यवसायों को उबरने और फलने-फूलने का उचित अवसर मिले।

इससे पहले, महापौर ने 350 विक्रेताओं की अपीलों की समीक्षा के बाद उन्हें भी इसी तरह की राहत प्रदान की थी। वर्तमान निर्णय से यह लाभ और भी अधिक विक्रेताओं को मिलेगा, जो अनौपचारिक क्षेत्र के कल्याण के लिए निगम की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। महापौर ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि बकाया भुगतान न करने वाले विक्रेताओं के लिए यह अपना बकाया चुकाने का आखिरी मौका है। यह पहल जवाबदेही और नागरिक व्यवस्था बनाए रखते हुए आजीविका को बढ़ावा देने के लिए शहर की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# महापौर हरप्रीत कौर बबला ने 40 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों की मरम्मत का काम शुरू किया

## दिवाली के बाद एक महीने के भीतर रीकार्पेटिंग पूरी करने का आश्वासन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** शहर की महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने आज शहर भर में सड़कों की रीकार्पेटिंग के एक बड़े काम की शुरुआत की। इसके लिए कुल 40 करोड़ रुपये की 11 सफल निविदाएं जारी की गईं। इस व्यापक बुनियादी ढाँचे की पहल का उद्देश्य चंडीगढ़ में महत्वपूर्ण परिवहन संपर्कों की शीघ्र मरम्मत और उन्नयन करना है।

इस अवसर पर बोलते हुए, महापौर ने कहा कि यह परियोजना एक संगठित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है, जो एक कठोर मूल्यांकन पर आधारित है, जिसमें सड़कों को तीन अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है- बहुत खराब, बहुत खराब और खराब। शुरुआती अनुबंध, जिनकी कुल लागत 40 करोड़ रुपये है, सबसे ज़रूरी मरम्मत को प्राथमिकता देते हैं। बहुत खराब श्रेणी के काम, जिनमें वी4, वी5 और वी6 श्रेणी की सड़कें शामिल हैं, ठेकेदारों को पहले ही आवंटित कर दिए गए हैं।

मेयर बबला ने आज सेक्टर 29 में वी6 सड़कों की रीकार्पेटिंग का उद्घाटन करके इस परियोजना की आधिकारिक शुरुआत की। उन्होंने नागरिकों की सुविधा के साथ त्वरित कार्यान्वयन की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कहा, 'हम अपने निवासियों के दैनिक जीवन के लिए चिकनी और उच्च-गुणवत्ता वाली सड़कों के महत्व को समझते हैं।

त्योहारों के मौसम में, खासकर दिवाली से पहले, यातायात में भारी व्यवधान से बचने के लिए, काम फिलहाल सीमित क्षेत्रों तक ही सीमित रखा जाएगा। हालाँकि, मैं जनता को आश्वस्त करती हूँ कि दिवाली के तुरंत बाद, सभी आवंटित संसाधनों का उपयोग करते हुए, काम पूरी गति से शुरू हो जाएगा।'

मेयर ने एक आक्रामक समय-सीमा की पुष्टि की और वादा किया कि दिवाली के बाद शुरू होने वाले एक महीने के भीतर सभी आवंटित सड़कों की रीकार्पेटिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली जाएगी। यह तीव्र कार्यान्वयन शहर के लिए एक मज़बूत और टिकाऊ बुनियादी ढाँचा प्रदान करने की नगर निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पंचकूला में मैराथन, रैली और प्रतियोगिताओं की तैयारी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा माह अक्तूबर-नवम्बर में नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) की 5वीं वर्षगांठ मनाने के लिए वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में, नगराधीश जागृति की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी डा विशाल सैनी, विभिन्न महाविद्यालयों, आईटीआई संस्थानों के प्रधानाचार्य, नशा मुक्ति केन्द्रों के संचालक और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए गए कि मैराथन और साइक्लोथॉन के माध्यम से नशा मुक्त रैली जिला मुख्यालय तथा सभी खंडों में निकलवाएं जिसमें स्कूली बच्चे, एनजीओ, महिला मंडल और युवा क्लब शामिल होंगे। नगराधीश द्वारा द्वारा शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि नशा मुक्ति से सम्बन्धित स्लोगन, पेंटिंग , लेखन, आदि सभी विद्यालयों और कॉलेजों में आयोजित की जाएगी। वे इस गतिविधि का समन्वय करें और विद्यार्थियों को अधिकतम भागीदारी के लिए प्रेरित करें। पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता भी स्कूल स्तर पर आयोजित की जाएगी। सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि वे नशा मुक्ति केंद्रों की जानकारी जन-सामान्य तक पहुंचाएं।


## देर रात सेक्टर 4 मनसा देवी कॉम्प्लेक्स स्थित घर में अचेत अवस्था में मिला था अकील

# दवा के ओवरडोज से बिगड़ी तबीयत, पंजाब के पूर्व डीजीपी के बेटे ने अस्पताल में तोड़ा दम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 17 अक्टूबर।** पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और कांग्रेस पार्टी की सरकार में मंत्री रहीं रजिया सुल्ताना के बेटे अकील अख्तर (35 साल) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। देरात अकील को पंचकूला के सेक्टर 4 मनसा देवी कॉम्प्लेक्स स्थित घर में अचेत अवस्था में पाया गया। इसके बाद परिवार के लोग जब अकील को पंचकूला के सेक्टर-6 सिविल अस्पताल ले गए तो वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं अकील की संदिग्ध मौत की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई है और शव को अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया गया है। बेटे की मौत को लेकर पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा गमगीन दिखे और बेटे का शव लेकर रवाना हो गए।



बताया जाता है कि अकील का अंतिम संस्कार यूपी के सहारनपुर में पैतृक गांव में किया गया। वहीं अकील की अचानक मौत कैसे हुई? इस पर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि दवा के ओवरडोज से अकील अख्तर की मौत हुई है।

### हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करते थे अकील

अकील अख्तर, पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और पूर्व मंत्री रहीं रजिया सुल्ताना के इकलौते बेटे थे और वह हाईकोर्ट में प्रैक्टिस किया करते थे। अकील के परिवार के लोगों ने बताया कि अकील शादीशुदा था। उसका एक बेटा और एक बेटी है। अकील वर्तमान में हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। मौत के बाद उनके शव का सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।अकील के पिता मोहम्मद मुस्तफा साल 2021 में कांग्रेस पार्टी की सरकार के दौरान पंजाब के डीजीपी पद पर रहे और वहीं रिटायर होने के बाद वह कांग्रेस में सक्रिय हो गए। मोहम्मद मुस्तफा को नवजोत सिद्धू का करीबी माना जाता है। वहीं मोहम्मद मुस्तफा विवादों में भी घिरे रहे है।

परिवार ने जानकारी दी कि 35 वर्षीय अकील ने गुरुवार रात को किसी दवा का सेवन किया था। इसके बाद अकील की हालत बिग? गई। फिलहाल पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में यह मामला ओवरडोज का ही लग रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण पता चल पाएगा। वहीं सुसाइड नोट की कोई बात अब तक सामने नहीं आई है। फिलहाल पुलिस इस मामले में अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। पंचकूला मनसा देवी थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर मुनीष कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दवा के ओवरडोज से मौत हुई है। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने निकले डीसी, दुकानों का किया औचक निरीक्षण

अवैध अतिक्रमण पर अपनाया कड़ा रुख, नोटिस जारी कर कार्रवाई के निर्देश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** त्योहारों के मौसम को देखते हुए उपायुक्त सतपाल शर्मा ने कल देर शाम पंचकूला की सेक्टर 7 और सेक्टर 9 मार्केटों में डेरी, मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने दुकानों पर उपलब्ध खाद्य सामग्रियों की मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट की जांच की तथा तय मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नमूने लैब जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप ही खाद्य वस्तुओं की बिक्री करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच रिपोर्ट में मिलावट पाई जाती है तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शर्मा ने खरीदारी कर रहे नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे खाद्य पदार्थ खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट की जांच अवश्य करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की कमी से बीमारियाँ फैलने का खतरा बना रहता है, इसलिए मिठाई और खाद्य दुकानों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मार्केट में दुकानदारों द्वारा अपने बूथों के बाहर उत्पाद रखकर किए जा रहे अतिक्रमण पर कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि इससे न केवल आमजन को असुविधा होती है बल्कि ट्रैफिक जाम की समस्या भी उत्पन्न होती है। उपायुक्त ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बाजारों से अवैध अतिक्रमण को प्राथमिकता के आधार पर हटवाएं।

# विधायक शक्तिरानी शर्मा ने किया कालका में 1.80 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** विकास कार्यों को गति देते हुए कालका विधानसभा क्षेत्र में आज लगभग ?1 करोड़ 80 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। कालका की विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्डों में सड़क, नाला एवं पुलिया निर्माण से संबंधित परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएँ प्राप्त होंगी।

विकास कार्यों की इस कड़ी में वार्ड 25 में लगभग ?7 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण का कार्य आरंभ किया गया। वार्ड 9 में ?25.18 लाख की लागत से नई इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क बनाई जाएगी। इसी क्रम में वार्ड 24 को बड़ी विकास सौगात देते हुए कुल ?57.18 लाख की लागत से तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिनमें दो इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़कें और एक सड़क व नाले का निर्माण शामिल है।

वार्ड 8 में लगभग ?50 लाख की तीन परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। इनमें क्रमशः ?15.81 लाख और ?15.79 लाख की लागत से दो पुलियों का निर्माण तथा ?17.81 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण शामिल है। इसी क्रम में वार्ड 22 में ?18 लाख की लागत से सड़क निर्माण और वार्ड 14 में ?20 लाख व ?3.70 लाख की लागत से दो सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया गया। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने इन विकास कार्यों के लिए विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा का आभार व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि पहली बार विकास कार्य इतनी पारदर्शिता और तेजी से हो रहे हैं, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है।

# स्वदेशी को बढ़ावा देने की पहल, मिट्टी के दिये बांटेगी भाजपा : अजय मित्तल

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला, 17 अक्टूबर।** स्वदेशी को ब?ावा देने के उद्देश्य से भाजपा जिला संगठन अपने सभी नौ मंडल इकाइयों के माध्यम से मिट्टी के दिए का वितरण करेगी। भाजपा मुख्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने भारतीय जनता युवा मोर्चा पदाधिकारियों को स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित मिट्टी के लगभग पच्चीस ह?ार दिए सौंपे। इस मौके पर प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग, जिला महामंत्री जय कौशिक, जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, जिला मंत्री अमरेंद्र सिंह, जिला प्रवक्ता संजीव कौशल, भाजयुमो प्रधान नरेंद्र लुबाना, कार्यालय सचिव इंदरजीत गुप्ता सहित युवामोर्चा के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर अजय मित्तल ने कहा, वर्ष 2025 को भारतीय जनता पार्टी भारत के लौह पुरुष और राष्ट्रीय एकता के प्रतिक सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के तौर पर मना रही है। उन्होंने बताया, जिला युवा मोर्चा के कार्यकर्ता द्वारा ?िले में ÷सरदार150 यूनिटी मार्च÷ का आयोजन किया जायेगा। अजय मित्तल ने कहा, इस ऐतिहासिक अभियान का सन्देश ÷एकता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय विकास÷ को जन जन तक पहुँचाना है, जिसके लिए जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा को संयोजक, जिला प्रवक्ता संजीव कौशल और युवामोर्चा पदाधिकारी अमनप्रीत जेलदार को सह संयोजक की ?िम्मेदारी दी गयी है।

# मांगों को लेकर सर्कल कार्यालय पर गरजे एचएसवीपी कर्मचारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** हरियाणा शहरी विकास प्राधीकरण (एचएसवीपी) कर्मचारी यूनियन की सर्कल कमेटी ने राज्य कमेटी के आह्वान पर सर्कल कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्य प्रशासक को लम्बित मांगों को पूरा करने के लिए सर्कल प्रधान रमेश चंद के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

प्रांतीय प्रधान कृष्ण धीमान ने बताया की आज विभाग के सभी सर्कलों के अधीक्षक अभियंताओं को ज्ञापन दिया गया है। कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर संस्था पूरे प्रदेश में एचएसवीपी के सभी कार्यालयों पर पिछले कई महीनों से आंदोलन कर रही है, लेकिन अभी तक कुछ समस्याओं को छोड़ कर कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि कुछ कर्मचारी जानबूझ कर गलत अफवाहें फैलाते हैं। उनसे बचकर रहें हमे जानकारी मिली है कि विभाग में कर्मचारियों की कार्यों की फाइलें स्पीड से चल रही हैं यह सभी कर्मचारियों के संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों के बारे जानकारी देते हुए कहा कि सभी कच्चे व पक्के कर्मचारियों को बोनस देना, एचकेआरएन के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देना व एचकेआरएन से वांछित कर्मचारियों को नौकरी से न हटाना यूनियन की प्रमुख मांगों में शामिल है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी लंबे समय से एचकेआरएन के पोर्टल पर रजिस्टर्ड करने की मांग उठाते आ रहे हैं। उन्हें मिलने वाले लाभ अभी तक नहीं दिए गए हैं। ऐसे ही रेग्युलर कर्मचारियों को कोर्ट के आदेश अनुसार वेतन एट पार करने, वेतन विसंगतियां दूर करने, कर्मचारियों को लोकल बॉडी में भेजने से पहले मूल विभाग में एडजस्ट करने संबंधी मांगों को दोहराया गया है। वहीं, बचे कर्मचारियों को सेवा सरते निर्धारित करने के बाद भेजना, बकाया पदोन्नती करना इत्यादि समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीजीआई कॉन्ट्रेक्ट वर्कर्स को बकाया और बोनस नहीं मिला तो काम बंद हो सकता है : विक्रमजीत



**न्यू चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** पीजीआई के स्थायी कर्मचारी बोनस की मांग कर रहे हैं, वहीं पीजीआई में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के आउटसोर्सिंग कर्मचारी 1 अप्रैल से बढ़े हुए डीसी रेट के बकाया का इंतजार कर रहे हैं। अगस्त तक पीजीआई में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों को आउटसोर्स करने का टेंडर बी वी जी कंपनी के पास था। सितंबर में मैसर्स सिक्योर गार्ड ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का टेंडर हासिल किया। सिक्योर गार्ड कंपनी ने सितंबर में बढ़े हुए डीसी रेट का वेतन तो दे दिया, लेकिन इन आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को अभी तक उनका पिछला बकाया नहीं मिला है। आउटसोर्सिंग कर्मचारी लगभग पांच महीने के बकाया का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन पीजीआई प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। पीजीआई कॉन्ट्रेक्ट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने चेतावनी दी कि अगर पीजीआई प्रशासन जल्द ही कर्मचारियों को बढ़े हुए डीसी रेट का बकाया जारी नहीं करता है, तो आउटसोर्सिंग कर्मचारी काम बंद करने को मजबूर होंगे। महासचिव हिमांशु ने मांग की कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों के समान बोनस मिले। अगर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को दिवाली पर बढ़े हुए डीसी रेट एरियर का तोहफा मिले तो वे अपने परिवार के साथ त्योहार मना सकेंगे।

### बुजुर्ग से स्नैचिंग करने वाले बाइक सवार 1 घंटे में काबू

**पंचकूला।** पिंजौर थाना पुलिस टीम ने तेजतर्रार कार्रवाई करते हुए महज एक घंटे में दो शातिर स्नैचरों को काबू करने में सफलता हासिल की है। वीरवार को पिकअप गाड़ी में लोहे की टीन खरीदने के लिए पिंजौर आए व्यक्ति से बाइक सवार दो युवक नकदी छीन कर फरार हो गए। व्यक्ति ने बताया कि जब वे मझ्झह मोड़ की लाल बत्ती के पास पहुंचे, तो युवक बाथरूम जाने के लिए गाड़ी से उतरा। इसी दौरान कालका की ओर से बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और उसके नाना की जेब से 23,500 नगद छीनकर फरार हो गए। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बच्चू सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। इस बीच सब इंस्पेक्टर रोशन सिंह व सब इंस्पेक्टर राजवीर सिंह ने मुख्य भूमिका निभाते हुए तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को सिर्फ एक घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुलशन और तनुज उर्फ अभी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पूरे 23,500 नगद और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि दोनों आरोपियों को आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने पिंजौर थाना टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए सब इंस्पेक्टर रोशन सिंह व सब इंस्पेक्टर राजवीर सिंह को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। डीसीपी ने कहा कि चोरी, स्नैचिंग और लूट जैसे अपराधों पर पंचकूला पुलिस सख्त रुख अपनाए हुए है। अपराधियों पर शिकंजा कसना और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### इनेलो प्रदेश कोषाध्यक्ष ने नायब सरकार की उपलब्धियों के बखान को बताया प्रोपगेंडा

**पंचकूला।** इंडियन नेशनल लोकदल ने नायब सरकार का एक साल पूरा होने पर सरकार की उपलब्धियों के बखान को मात्र प्रोपगेंडा बताया है। पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष पंचकूला शहरी मनोज अग्रवाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। पंचकूला जैसा शांत शहर भी इससे अछूता नहीं है ! नेशनल क्राइम रिकॉर्डस ब्यूरो की हालिया प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा ने क्राइम रेट में पूरे देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। महिलाओं से रेप के मामलों में पूरे देश में तीसरे स्थान पर आया है। किसानों की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे बिक रही हैं! प्रदेश में खाद की भारी किल्लत है। बाढ़ से हुए नुकसान की अभी तक गिरदावरी बकाया है। एक तरफ सरकार बेरोजगारों को विदेशों में रोजगार दिलाने के दावे करती है जबकि आज तक एक भी बेरोजगार को हरियाणा सरकार द्वारा विदेश में नौकरी नहीं दिलाई गई।

# जीएमएसएसएस-35 चंडीगढ़ के खिलाड़ियों ने इंटर स्कूल वेट लिफ्टिंग स्टेट टूर्नामेंट में जीते मेडल

शिवम ने इंटर स्कूल वेट लिफ्टिंग स्टेट टूर्नामेंट ने जीता गोल्ड मेडल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा आयोजित इंटर स्कूल स्टेट टूर्नामेंट 2025-26 में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल सेक्टर 35-डी चंडीगढ़ के वेट लिफ्टिंग खिलाड़ियों ने कई मेडल जीते। आज सुबह प्रार्थना सभा में स्कूल की प्रिंसिपल सीमा ग्रोवर ने सभी मैडल विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मैडलिस्ट खिलाड़ियों में शिवम ने ल?कों के अंडर-17, भार वर्ग (-79 किग्रा) में गोल्ड मेडल जीता। वहीं लड़कों के अंडर-19 के भार वर्ग (-71 किग्रा) में चांद राय भी सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब रहे।

स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर कुलदीप मेहरा ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने पहली बार इंटर स्कूल वेट लिफ्टिंग कॉम्पिटिशन में भाग लिया और दोनों ने ही मेडल जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया। इसके साथ ही कक्षा सातवीं के ज़ोरावर सिंह ने (भार वर्ग 71 किग्रा) अभी हाल ही में चंडीगढ़ एमेच्योर वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित 28वीं चंडीगढ़? जूनियर स्टेट वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025-26 में सिल्वर मेडल जीता।

# 3 अवैध कॉलोनी में ढहाए अवैध निर्माण, डीटीपी टीम की कार्रवाई

डीटीपी बोले- अवैध निर्माण के खिलाफ आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला 17 अक्टूबर।** उपायुक्त सतपाल शर्मा के मार्गदर्शन में डी0टी0पी0 संजय नारंग के नेतृत्व में जिला नगर योजनाकार की टीम द्वारा अर्बन एरिया पंचकूला में बड़ी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में गांव बरवाला व जीतपुर में 3 अवैध कॉलोनी में 6 डी0पी0सी0 व रोड नटवर्क को जे0सी0बी0 द्वारा ध्वस्त किया गया।

उक्त कार्यवाही में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट, सुशील, उपमण्डल अभियंता, डिवीजन-1, एच0एस0वी0पी0 पंचकूला, श्री अशोक कुमार, सहायक नगर योजनाकार, पंचकूला, डिम्पी राठी, सहायक नगर योजनाकार, पंचकूला एवं भारी पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुई।

डीटीपी संजय नारंग द्वारा बताया गया कि कोई भी निर्माण या कॉलोनी विकसित करने से पहले निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति से किसी प्रकार का अवैध निर्माण या कॉलोनी विकसित करता पाया गया तो उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही जारी रखी जाएगी। अतः आम जनता से अनुरोध किया जाता है कि विभाग से सी.एल.यु/लाईसेंस की अनुमति लिए बिना कोई भी निर्माण न करें।

# यूको बैंक ने घोषित किए सितंबर तिमाही के वित्तीय परिणाम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** यूको बैंक ने सितंबर 2025 तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित कर दिए हैं। बैंक का कुल कारोबार 30.09.2025 को 5,36,398 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष दर वर्ष 13.23% की वृद्धि दर्शाता है, जिसमें सकल अग्रिम 16.56 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2,30,702 करोड़ रुपये और कुल जमाराशि 10.85 प्रतिशत बढ़कर 305697 करोड़ रुपये हो गई।

बैंक के एमडी अश्विनी कुमार ने प्रेस वार्ता में बैंक के वित्तीय परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि30.09.2025 को समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 620 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 603 करोड़ रुपये था तथा परिचालन लाभ 1,613 करोड़ रहा, जो गत वर्ष 1,432 करोड़ रुपये था।

अंचल प्रमुख चंडीगढ़ मिलन दुबे ने बताया कि यूको बैंक ने अनेक डिजिटल उत्पाद की शुरुआत की है। ग्राहकों की सुविधा के लिए टेब बैंकिंग के उपयोग से नए खाते खोले जारहे हैं तथा मोबाइल बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्यूआर कोड एवं साउंड बॉक्स इत्यादि के बारे में ग्राहकों को जानकारी दी जा रही है।

व्यवसाय वृद्धि - बैंक का कुल व्यवसाय 30.09.2025 तक ?5,36,398 करोड़ रहा, जिसमें साल-दर-साल 13.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# बाल-कलाकारों ने भरत मिलाप, सीता हरण दृश्यों का मंचन कर मोहा मन

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय निपुण रामलीला का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय निपुण रामलीला का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल सेक्टर 19 में किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी संध्या मलिक ने मुख्य अतिथि व जिला ?? एल एन समन्वयक असिन्द्र कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में क्लस्टर के विद्यालयों राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 4, बुढनपुर, सेक्टर 19, सेक्टर 15 व राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिपुर सेक्टर-4 के बाल-कलाकारों ने भरत मिलाप,सीता स्वंयवर,सीता हरण जैसे दृश्यों का मंचन कर सबका मन मोह लिया। जिसमें सेक्टर 19 के विद्यालय ने प्रथम, सेक्टर 4 ने द्वितीय व हरिपुर सेक्टर 4 के विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बेहतर आयोजन के लिए क्लस्टर मुखिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 19 निर्मल दुल, विद्यालय मुखिया प्रवीण व एबीआरसी सिम्मी शर्मा की खूब प्रशंसा की।

जिला ?फ एल एन समन्वयक असिन्द्र कुमार ने बताया कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार जिले के विभिन्न राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में निपुण रामलीला का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं विद्यार्थियों में संवाद कौशल व मौखिक भाषा विकास करने के साथ-साथ उन्हें संस्कारों से परिचित करवाना है। प्रवक्ता दीपा व ए बी आर सी सिम्मी ने निर्णायक मंडल के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यापक सतविन्द' विभा गौड़, रेखा शर्मा, सोनिया, ज्योति, अनीता, दीप्ती व अध्यापक गुलाब ने विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर पर क्लस्टर के विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

सम्पादकीय

# आखिरकार राष्ट्रपति ट्रंप भारत के प्रति झूठ कैसे बोल सकते हैं

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत के संबंध में यह बयान एक बार फिर झूठ साबित हो रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस से कच्चा तेल न खरीदने का भरोसा दिया है। आखिरकार राष्ट्रपति ट्रंप अपने आप ऐसे ख्याल किस प्रकार ले लेते हैं, कि सब कुछ उनकी मर्जी के मुताबिक हो रहा है। यह उचित ही है कि विदेश मंत्रालय ने तुरंत इसका खंडन करते हुए स्थिति स्पष्ट कर दी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति से प्रधानमंत्री मोदी की इस तरह की कोई बातचीत नहीं हुई है। वैसे भी मौजूदा हालात में जब रूस और भारत के बीच सामरिक एवं व्यापारिक संबंधों में प्रगाढ़ता और गहरी हो रही है, तब रूस से तेल न खरीदने का कोई कारण सामने नहीं आता। निश्चित रूप से यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को रुकवाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप भारत पर दबाव बनाकर दोनों देशों के संबंधों को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा कर रहे हैं। भारत की ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है और इस संबंध में फैसला लेना केंद्र सरकार का दायित्व है, हालांकि इसके लिए अपने हितों की बलि नहीं दी जा सकती। इस समय राष्ट्रपति ट्रंप दुनिया भर में शांति के मसीहा के तौर पर खुद को प्रस्तुत कर रहे हैं और वे रूस और यूक्रेन युद्ध को किसी भी तरह से बंद करवा वाहवाही हासिल करने की योजना बना रहे हैं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरह से भारत के खिलाफ विरोध की जिद ठान चुके हैं, यह तब है, जब भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और उसकी अर्थव्यवस्था जहां लगातार आगे बढ़ रही है, वहीं वह छोटे और मध्यम अर्थव्यवस्था वाले देशों के लिए भी सबसे बड़ा सहारा है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, ब्राजील, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसे उसके साथ कारोबार कर रहे हैं। लेकिन अमेरिका जोकि वैश्विक तौर पर खुद को दादा समझ बैठा है, भारत के 140 करोड़ लोगों की ताकत उसे दिखाई नहीं दे रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगर साफ शब्दों में कहा है कि भारत के किसानों, मत्स्य पालकों और डेयरी उद्योग से जुड़े लोगों के हितों पर आंच नहीं आने देंगे तो यह सरकार का संकल्प है।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरह से भारत के खिलाफ विरोध की जिद ठान चुके हैं, यह तब है, जब भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और उसकी अर्थव्यवस्था जहां लगातार आगे बढ़ रही है, वहीं वह छोटे और मध्यम अर्थव्यवस्था वाले देशों के लिए भी सबसे बड़ा सहारा है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, ब्राजील, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसे उसके साथ कारोबार कर रहे हैं। लेकिन अमेरिका जोकि वैश्विक तौर पर खुद को दादा समझ बैठा है, भारत के 140 करोड़ लोगों की ताकत उसे दिखाई नहीं दे रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगर साफ शब्दों में कहा है कि भारत के किसानों, मत्स्य पालकों और डेयरी उद्योग से जुड़े लोगों के हितों पर आंच नहीं आने देंगे तो यह सरकार का संकल्प है। आखिर अमेरिका के दबाव में हम अपने लोगों के हितों को किस प्रकार प्रभावित होने दे सकते हैं।

यह कितना हास्यास्पद है कि कुछ दिन पहले तक जो राजनेता खुद को भारत का दोस्त होने का दावा करते नहीं थकता था, वह अब उसकी ओर मैली आंखों से देख रहा है और उसे दुनिया की मृत आर्थिकी करार दे रहा है। आखिर इससे भी पूरा कोई आकलन हो सकता है। अमेरिका आज अपने हित साधने के लिए पाकिस्तान जैसे आतंक परस्त देश को जहां मदद दे रहा है, उसके सेना प्रमुख को आमंत्रित कर रहा है, उस पर अपेक्षाकृत कम टैरिफ या कहें कि दिखावे के लिए टैरिफ लगा रहा है, वहीं उसकी पीठ पर अपना हाथ रखकर भारत के खिलाफ अपमानजनक बयानबाजी कर रहा है।

अमेरिका का कहना है कि भारत, रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है और वही रूस, यूक्रेन में हिंसा कर रहा है। इस पूरे प्रकरण में सबसे चिंतित करने वाली बात यह है कि अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ कच्चे तेल को लेकर ट्रेड डील की है। इसके तहत पाकिस्तान में तेल भंडारों को विकसित किया जाएगा। इसका ऐलान खुद राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप ने किया है और जैसे कि वे यह तय कर चुके हैं कि पाक का इस्तेमाल किस प्रकार भारत समेत दक्षिण एशिया के अन्य देशों के खिलाफ करना है, उनका कहना है कि इस तेल ट्रेड डील के बाद संभव है, भारत भी पाकिस्तान से तेल खरीदे।

यानी ट्रंप यह कहना चाह रहे हैं कि भविष्य में पाकिस्तान तेल के मामले में इतना समर्थ हो जाएगा कि भारत को भी उससे तेल खरीदने की जरूरत पड़ेगी। अमेरिका की दुनिया के प्रति दोगली नीति का यह श्रेष्ठ उदाहरण नहीं है कि वह उस देश की मदद कर रहा है, जोकि अपने देश में जनता को न शिक्षा दे पा रहा है और न ही चिकित्सा और न ही उसकी बदहाली दूर कर पा रहा है, लेकिन उसे मिली मदद से भारत के खिलाफ आतंकी तैयार किए जा रहे हैं और हथियार खरीदे जा रहे हैं। अमेरिका बखूबी जानता है कि आज उसके यहां भारत और भारतवंशी ही सब कुछ संभाल रहे हैं। आखिर इस बौद्धिक श्रेष्ठता का कहीं कोई विकल्प मिलेगा। अमेरिका के निवासियों को यह समझना चाहिए कि बदले दौर में भारत की उनके लिए स्वीकार्यता सर्वोपरि होनी चाहिए क्योंकि भारत ही विश्व गुरु है।

# रावण हैं हम!

दैनिक अर्थ प्रकाश



स्पिरिचुअल हीलर

**सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण**

*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*

हम अक्सर अपने आप में ही इतने व्यस्त रहते हैं कि खुद ही खुद से अनजान रहते हैं। हमारी अपनी जरूरत क्या है, इसे भी नहीं समझ पाते। आज के समाज में जितनी भी व्याधियां हैं, इनके मूल में हमारा अज्ञान ही तो है। हम इतने मूढ़ हैं कि अपने ही शरीर की आवश्यकताओं के बारे में अनजान हैं, अपने ही मन की आवश्यकताओं के बारे में अनजान हैं। हमारा शरीर और मन दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। मन खराब हो तो शरीर सुस्त पड़ जाता है और शरीर में दर्द हो या बीमारी हो, तो मन शिथिल हो जाता है। अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हमें इन दोनों को जानना और समझना हमारी अनिवार्य आवश्यकता है। अलग-अलग वैज्ञानिक शोधों से सिद्ध हुआ है कि हमारी पूरी त्वचा साँस लेती है,ऑक्सीजन भीतर खींचती है और कार्बन डाईऑक्साइड बाहर छोड़ती है, सिर्फ हमारी नाक ही नहीं। अगर हमारे शरीर पर मोटारंगपोत दिया जाए और भीतर-बाहर साँस लेने की सारी संभावना रोक दी जाए और केवल हमारी नाक खुली रहे तो हम शायद तीन चार घंटे में ही मरजाएं। सिर्फ नाक से काम नहीं चलता, नाक सबसे ज़रूरी अंग है, लेकिन खुद अकेला नाक ही पर्याप्त नहीं है। हमारा पूरा शरीर लगभग सात अरब जीवित कोशिकाओं से बना है। उन सबको ऑक्सीजन चाहिए, उन सबको कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालनी है। हम यह नहीं समझ पाते कि हमारे कपड़े इस प्रक्रिया में बाधा डालते हैं। हमारे कपड़े हमारे मित्र नहीं हैं। लेकिन हज़ारों वर्षों से कपड़े पहनने के कारण हमारा शरीर दुर्बल हो गया है, बदलते मौसम की मार बर्दाश्त नहीं कर पाता, इसलिए हमें उन्हें पहनना पड़ता है। सामाजिक वर्जनाओं के कारण भी वस्त्रहीन रहना संभव नहीं है, पर बीच-बीच में, जब मौसम अनुमति दे और आसपास कोई दूसरा ऐसा व्यक्ति न हो हमारे वस्त्रहीन होने से जिसकी भावनाएं आहत होती हों, तब वैसे ही,जैसे भगवान ने हमें भेजा था, पूर्णतः वस्त्र रहित रहकर हम जीवन की, यौवन की और ताज़गी की एक नयी मुक्ति का अनुभव कर सकते हैं।

सूरज हमारा मित्र है। हवा हमारी मित्र है। वर्षा हमारी मित्र है। हमारे कपड़े हमारे शत्रु हैं। लेकिन अभी क्योंकि हम दुर्बल हो चुके हैं, हमें कपड़े पहनने ही पड़ेंगे। आज का मनुष्य सबसे दुर्बल प्राणी है और कपड़ों को सभ्यता की निशानी मान लिया गया है, इसलिए भी हमें कपड़े पहनने ही पड़ेंगे। कपड़े पहनें मगर बीच-बीच में शरीर को उसके स्वाभाविक अधिकारका आनंद उठाने का अवसर भी दें।

हमारे शरीर में कहीं दर्द हो, हमें ज़ुकाम हो जाए या बुखार हो जाए तो हम फटाफट डाक्टर के पास जाकर दवाई लेना शुरू कर देते हैं। हमारे शरीर का दर्द, ज़ुकाम या बुखार तो सिर्फ संदेशवाहक हैं, वे हमें कुछ बताना चाहते हैं, पर हम हैं कि दवा लेकर संदेश वाहक को ही मार डालते हैं। लंका नरेश दशकंधर रावण ने भी यही किया था। दशानन रावण के अपने छोटे भाई विभीषण ने रावण को सीख देनी चाही कि वह जनक सुतावैदेही माता सीता जी को दयानिधि भगवान रामचंद्र जी के पास सम्मान वापिस भेजकर प्रभु की शरण में चला जाए परंतु अहंकारी रावण ने विभीषण को लात मारकर लंका से बाहर निकाल दिया। वह मानो ऐसा ही था कि शरीर में दर्द हुआ और डाक्टर के पास जाकर कोई पेनकिलर ले लिया। पवन पुत्र बजरंगबली हनुमान जी ने भी उसे सीख देनी चाही, पर अहंकारी रावण ने क्या किया? दशमुख रावण ने हनुमान जी को साधारण बंदर जानकर उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश दे दिया। मज़े की बात यह है कि पूंछ में लपेटने के लिए कपड़ा और रूई रावण के, उस पर लगने वाला घी और तेल रावण का, आग जलाने के लिए अंगार रावण का और लंका जली रावण की। हम भी तो यही करते हैं। बुखार हो जाए तो उसे संदेश वाहक मानने के बजाए हम डाक्टर के पास पहुंच जाते हैं। अब डाक्टर की फीस भी हम



देते हैं, दवा का पैसा भी हम खर्च करते हैं, इस सब में समय भी हम लगाते हैं और इससे हमारा इम्यूनसिस्टम, हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर होती है, वह भी हमारी ही है, जो भविष्य के लिए हमारी सेहत की खराबी का कारण बनती है। हमारा शरीर एक पूरी फार्मेसी है, दवाखाना है, लेकिन हम अपने ही शरीर पर विश्वास नहीं करते, शरीर की क्षमताओं पर विश्वास नहीं करते और अज्ञानता तथा लापरवाही के कारण डॉक्टर के पास भागे चले आते हैं। इस अर्थ में अगर देखें तो हम सब भी रावण ही हैं जो खुद ही अपना नुकसान करने पर आमादा हैं।

अपनी इस अज्ञानता या अहंकार में हम यह भूल जाते हैं कि सेहत हमारा सबसे बड़ा खज़ाना है। सेहत है तो हम स्वतंत्र हैं और सेहत खराब हुई तो हम अपने परिवार के सदस्यों की सहायता पर निर्भर हो जाएंगे, या छोटी से छोटी बातों के लिए भी डॉक्टर, नर्स, केयरटेकर आदि पर निर्भर हो जाएंगे। हमारी स्वतंत्रता बाधित होगी और पैसा खर्च होगा सो अलग। सैर करना, घूमना-फिरना, पहाड़ों पर जाना, अच्छे भोजन का स्वाद लेना, ये सब कुछ तभी संभव होता है अगर सेहत अच्छी हो। हमारी सेहत वह चाबी है जो कई ताले खोल सकती है। अपनी सेहत की उपेक्षा करके तो हम जीवन के आनंद की उपेक्षाकर डालते हैं, और फिर भी खुद को शिक्षित, सभ्य और सामर्थ्यवान मानते हैं। सुविधा होने पर शरीर को आवश्यक रोशनी और हवा का आनंद देना, नियमित सैर अथवा व्यायाम करना, ताज़ा, शुद्ध और स्वास्थ्य कर भोजन लेना हमारी सेहत की गारंटी है। इसके विपरीत यदि बंद कमरों में बैठे रहकर काम करने पर, सैर न करने पर, स्वास्थ्य कर भोजन न लेने पर, पूरी नींद न लेने पर या ऐसे ही किसी और कारण से ब्लड प्रेशर हो जाए, शूगर हो जाए, किडनी खराब हो जाए, हार्ट की बीमारी हो जाए तो दवाइयां लेकर भी हम जीवन भर के लिए दवाइयों के गुलाम ही रहते हैं और मजबूरन कई सारे परहेज करने पड़ते हैं। डॉक्टरों के चक्कर काटकर, पैसे खर्च करके, जीवन भर के लिए बीमारी मोल लेकर और दवाइयों के गुलाम बनकर अगर हम खुश होते हैं तो यह सुविधा नहीं, हमारी नासमझी है और इस नासमझी पर खुश होने का कोई कारण नहीं है।

चुनाव हमारा है कि खुद अपने ही लिए हम रावण बनकर अपना नुकसान खुद करते हैं या आवश्यक सावधानियां बरतते हुए अपनी सेहत का ध्यान रखकर परमात्मा के दिये इस शरीर का पूरा लाभ उठाकर अपना जीवन आनंदमय बनाते हैं। यह शिक्षा परिवार से शुरू होनी चाहिए, बचपन से ही शुरू हो जानी चाहिए। यह जिम्मेदारी परिवार के मुखिया मां-बाप की है, परिवार के बड़े बुजुर्गों की है, हमारी है, हम सबकी है। इसी में हमारा भला है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### पंचकूला व आसपास क्षेत्रों में चौकसी बढ़ी

पंचकूला। पंचकूला व आसपास के क्षेत्र में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है पुलिस सूत्रों के मुताबिक ऐसा खाड़कुओं के एक गिरोह के रोपड़ जिले के आसपास सक्रिय होने को ध्यान में रखते हुए एतिहात तौर पर किया गया है। सूत्रों के मुताबिक पंजाब में सुरक्षा बलों का घेरा तंग होने के कारण गुरजीत सिंह तोची गिरोह के कभी भी अपने बचाव के लिए पंचकूला चंडगीढ़ की तरफ भाग निकलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि तोची गिरोह ही कुछ महीने पहले पिंजौर के निकट बंसोला पर गत दिनों पुलिस कर्मचारी की हत्या में शामिल होने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है।

### पोस्टकार्ड के जरिये जनता से जुड़ेंगे अब भजनलाल

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने पोस्ट कार्ड के जरिये जनता के साथ जुड़ने की एक बड़ी योजना बनाई है। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। पता चला है कि इस योजना के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय में अलग से एक प्रकोष्ठ बनाया जा रहा है। पूरे राज्य से शिकायता पोस्टकार्ड सीधे इस प्रकोष्ठ में आएंगे तथा आईएएस स्तर का एक अधिकारी इस प्रकोष्ठ का प्रभारी होगा। इस चिट्ठियों का रिकार्ड जिले वार रखा जाएगा। शिकायत जिस भी विभाग से होगी, उसी विभाग को हिदायत सहित चिट्ठी चली जाएगी। इस शिकायतों और उन पर हुई कार्यवाई का रिकार्ड कम्प्यूटर में दर्ज होगा। यह योजना मुख्यमंत्री के मन में बैठी इस धारणा की उपज है कि कई वार शिकायतें बहुत मामूली होती है, लेकिन या तो लोगों को शिकायत की जगह का पता नहीं होता या फिर लोग अधिकारियों तक पहुंच नहीं पाते। इससे होता यह है कि छोटी-छोटी शिकायतें भी लोगों के लिए बड़ी समस्याएं बन जाती है। मुख्यमंत्री ने काफी सोच विचार के बाद ही अपने अफसरों से इस योजना पर अमल करने को कहा है इस योजना के पीछे एक मंशा यह भी है कि इससे मुख्यमंत्री तक जनता की सीधी पहुंच हो जाएगी। आने वाली शिकायतों से जनमानव की हालत का अंदाजा भी लगता रहेगा। यह भी पता लगता रहेगा कि कौन-कौन से विभाग बहुत मामूली समस्याओं का भी समाधान नहीं करते।

### रोहतक रैली ने डांगी को मंत्री बनाया

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश इंका की ओर से प्रगति पर यात्रा की समाप्ति पर गत दिवस रोहतक रैली में हाजिर भीड़ को देखकर स्पष्ट हो गया है कि मेहम के हीरो आनंद सिंह डांगी को झंडे वालों कार दिलाने में इस रैली का ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। रैली में हाजिर लोगों ने मुख्यमंत्री के साथ-साथ डांगी के समर्थन में बार-बार नारेबाजी की। रैली में अधिकतर संख्या ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की थी जिससे स्पष्ट हो गया कि महत के निवासियों ने इसमें अधिक मात्रा में हिस्सा लिया।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1009 फातिमिद ख़लीफ़ा अल-हकीम द्वि-अम्र अल्लाह के आदेशों के तहत, यरूशलेम के चारदीवारी शहर के भीतर अब एक ईसाई चर्च पवित्र सेकुलर का कर्च को नष्ट कर दिया गया।

1081 बीजान्टिन-नॉर्मन युद्धों-अपुल्लिया और कैलाब्रिया के ड्यूक रॉबर्ट गुइस्कार्ड के तहत नॉर्मन्स ने, इलारिया की बीजान्टिन राजधानी दिर्रैचियम शहर के बाहर बीजान्टिन को हराया।

1356 रिकॉर्ड किए गए इतिहास में सेंट्रलएयरोप में होने वाले सबसे महत्वपूर्ण भूकंप ने बेसल, स्विटज़रलैंड को नष्ट कर दिया, और फ्रांस और जर्मनी में फैले एक विशाल क्षेत्र में बहुत अधिक निर्देश दिए।

1386 जर्मनी के सबसे पुराने विश्वविद्यालय, हाइडेलबर्ग यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई।

1386 चर्च ऑफ़ द होली स्पिरिचुअल में एक विशेष पोंटिफिकल हाई मास हीडलबर्ग विश्वविद्यालय के उद्घाटन के अवसर पर।

1540 स्पैनिश विजयवादी हर्नांडो डी सोतोडेस्ट्रॉएड के नेतृत्व में एक अभियान, जो अब अमेरिकी राज्य अलबामा का है, इस प्रक्रिया में चीफ टस्कालोसा की हत्या करके माबिला के गढ़वाले गाँव में पहुँच गया।

1564 इंग्लैंड के नौसैनिक कमांडर जॉन हॉकिन्स ने दूसरी बार अमेरिका यात्रा शुरू की।

1648 उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों में 'बोस्टन शूमेकर्स' पहला श्रम संगठन बना।

1748 ऐक्स-ला-चैपल की संधि ने ऑस्ट्रियाई उत्तराधिकार के युद्ध समाप्त होने पर हस्ताक्षर किए।

1752 रूसो के ओपेरा हाउस में 'ले देविन डु ग्राम' का प्रकाशन किया गया।

1767 मेसन डिक्सन लाइन, मैरीलैंड और पेंसिल्वेनिया के बीच सीमा पर सहमति हुई।

1775 अफ्रीकी अमेरिकी कवि फिलिस व्हीटले गुलामी से मुक्त किये गए।

1790 फ्रेडरिक विल्हेम द्वारा जोसेफ स्कीलेंगि को आमतौर पर अनुमति से पहले की उम्र में ट्यूबिन्गर स्टिफ़ में नामांकन करने की अनुमति दी गई।

1851 मोबी-डिक, अमेरिकी लेखक हरमन मेलविल का एक उपन्यास है, जिसे व्हेल के रूप में प्रकाशित किया गया था।

1851 लंदन में एक महान प्रदर्शनी को बंद किया गया।


1878 थॉमस एल्वा एडीसन ने घरेलू उपयोग के लिए बिजली उपलब्ध करायी।

1898 संयुक्त राज्य अमेरिका ने सैन जुआन पर अमेरिकी ध्वज उठाता है, द्वीप के पर्टो रीको पर औपचारिक कब्जा कर लिया है।

1913 जर्मनी के लीपज़िग शहर से राष्ट्रों के युद्ध के लिए बना स्मारक समाप्त किया गया।

1922 ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी की स्थापना हुई, जिसका नाम बदलकर बाद में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन कर दिया गया।

## बोल ब्यूटीफुल



**मिन्हाज मर्चेंट:** मेरिका के विदेश नीति टिप्पणीकार एश्ले टेलिस चीनी जासूस है या नहीं, यह बात तो ट्रायल शुरु होने के बाद पता चलेगी। हालांकि भारत में मीडिया से लेकर तमाम एनजीओ में ऐसे लोग भरे हुए है, जो बीजिंग के लिए काम करते है। कुछ पोर्टल और यूट्यूब चैनलों का कंटेट देखकर ही यह जाहिर होने लगता है।

**दिलीप मंडल:** महाराष्ट्र में साठ से अधिक माओवादी नेताओं और कैडर को राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडगवीस ने संविधान की प्रति भेंट की। उनके कंधों पर हाथ रखा और वचन दिया कि उनके पुनर्वास के लिए सरकार हरसंभव मदद करेगी। यह भारतीय संविधान और राष्ट्र की जीत नहीं, राष्ट्र में निहित समावेश, करुणा और उदारता की भावना का प्रतीक है।

**केजेएस ढिल्लो:** डूरंड रेखा पर पाकिस्तान के साथ वास्तविक लड़ाई के साथ-साथ नैरेटिव के मामले में भी अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन किया है। इससे सीख लेने की जरूरत है। भारत के लिए भी आवश्यक हो गया है कि एक एकीकृत सूचना केंद्र की स्थापना पर ध्यान दिया जाए।

# आखिर कौन संभालेगा बिहार की कमान? नीतीश-तेजस्वी के नाम पर अब भी सस्पेंस बरकरार!

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए टिकट के बंटवारे के बाद भले ही चुनाव प्रचार अभियान शुरू हो गया है, लेकिन भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), कांग्रेस नीत इंडिया महागठबंधन और जनसुराज पार्टी ने अपने-अपने मुख्यमंत्री के नाम पर सस्पेंस अभी तलक बरकरार रखा है। इससे मतदाताओं का संशय बढ़ता जा रहा है। इससे नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव को दिन में ही तारे नजर आ रहे हैं, क्योंकि गठबंधन सहयोगियों ने इनके पर कतर डाले हैं!

यही वजह है कि एनडीए के घटक दल हिंदुस्तान अवामी मोर्चा (हम) के नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि मुख्यमंत्री का नाम अब स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए। जबकि भाजपा, कांग्रेस और जनसुराज की सुविचारित रणनीति है कि मुख्यमंत्री के नाम का फैसला विधायक दल करेगा। सवाल है कि जीतन राम मांझी ने ऐसा क्यों कहा? क्या नीतीश कुमार के इशारे पर उन्होंने ऐसा कहा, या फिर कोई और बात है।

बताया जाता है कि बिहार में जनता दल यूनाइटेड के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विगत दो दशकों से इस पद पर एन-केन-प्रकारेण काबिज हैं। बीच में उन्होंने कुछ समय के लिए दलित नेता जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनवाया था, लेकिन उनके रंग बदलने के बाद फिर से कमान अपने हाथ में ले लिए। वर्ष 2020 के चुनाव में कम सीटें मिलने के बाद भी भाजपा नेताओं ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाये रखा, जिससे उनके सियासी महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि नीतीश कुमार को बिहार की समाजवादी सियासत का चाणक्य तब से कहा जाता है, जबकि भाजपा के राजनीतिक चाणक्य समझे जाने वाले अमित शाह सिर्फ गुजरात की सियासत तक सीमित थे। ऐसे में नीतीश कुमार और उनके समर्थकों की इच्छा है कि भावी मुख्यमंत्री के लिए नीतीश कुमार के नाम की घोषणा की जाए। जबकि भाजपा सिर्फ इतना कहती है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही राजग चुनाव लड़ रहा है।

समझा जा रहा है कि भाजपा, जदयू, लोजपा आर, हम और रालोमो के बीच टिकट बंटवारे को लेकर जो खींचातानी चली, उससे एनडीए की प्रतिष्ठा और साख दोनों प्रभावित हुई है। इसलिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह फूंक-फूंक कर कोई भी कदम उठा रहे हैं। उन्हें डर है कि उम्रदराज नेता नीतीश कुमार के नाम की घोषणा होते ही युवा वर्ग एनडीए से छिटक सकता है। दूसरा डर यह है कि नीतीश कुमार के नाम की घोषणा होते ही एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर हावी हो सकता है। तीसरा डर यह है कि नीतीश कुमार के विरोधी भीतरघात कर सकते हैं। हालांकि, नीतीश कुमार को एक मौका और दिए जाने की वकालत एनडीए में जारी है।

ठीक इसी प्रकार कांग्रेस भी इंडिया महागठबंधन के भावी मुख्यमंत्री उम्मीदवार के रूप में राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नाम का ऐलान करने से बचना चाहती है। क्योंकि उसे डर है कि ऐसा करते ही सवर्ण और दलित मतदाता कांग्रेस से छिटक जाएंगे।




बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के पहले या बाद में इस वर्ग का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ा है। वहीं, अल्पसंख्यकों ने भी क्षेत्रीय दलों का साथ छोड़कर कांग्रेस को प्राथमिकता दी है।

कांग्रेस पार्टी का गुप्त तौर पर यह भी मानना है कि राजद सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के जंगलराज (2000-2005) को बिहार के लोग नहीं भूले हैं। ये दोनों तेजस्वी यादव के माता-पिता हैं, जिनपर कई तरह के भ्रष्टाचार के मुकदमे चल रहे हैं। आईआरसीटीसी से जुड़े एक घोटाले में पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव का भी नाम शामिल है। खुद तेजस्वी यादव पर भी उपमुख्यमंत्री पद के दुरूपयोग के आरोप लगे हैं।

यही वजह है कि राहुल गांधी उनके नाम के ऐलान से परहेज कर रहे हैं, क्योंकि कांग्रेसी रणनीतिकारों ने भी उन्हें यही सुझाव दिया है। इसी के चलते सीट बंटवारे में भी तेजस्वी यादव, कांग्रेस को उसका वाजिब हिस्सा नहीं दे रहे हैं। जब एक कमजोर कांग्रेस 2020 में 70 सीटों पर चुनाव लड़ी थी तो 2024 के बाद मजबूत हुए कांग्रेस को 100 सीटें नहीं देना गठबंधन न्याय नहीं कहा जा सकता है।

रही बात चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर की नवस्थापित पार्टी जनसुराज की तो वह शुरू से ही बिना मुख्यमंत्री पद के नाम की घोषणा किए ही सभी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं और एनडीए और इंडिया महागठबंधन को नाको चने चबाने पर मजबूर कर रहे हैं। कहीं उनके उम्मीदवार एनडीए की हार की वजह बनेंगे तो कहीं इंडिया गठबंधन की हार की वजह बनेंगे।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एनडीए और इंडिया गठबंधन की ल?ाई के बीच जनसुराज के उम्मीदवार बाजी भी मार सकते हैं। समझा जाता है कि बिहार के मतदाता टीम लालू प्रसाद और टीम नीतीश कुमार को पिछले 35 सालों से आजमा रहे हैं। इसलिए नए दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरे प्रशांत किशोर के उम्मीदवारों को वह ग्रेस भी दे सकते हैं, क्योंकि राजनीतिक सिरफुटौव्वल के बिहारी मतदाता शुरू से विरोधी रहे हैं। कांग्रेस, जनता पार्टी, जनता दल, भाजपा, राजद, जदयू, लोजपा को सियासी सबक देने का कारण एक यह भी माना जाता है।

भाजपा-कांग्रेस के राष्ट्रीय सूत्रों का कहना है कि चूंकि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव आपस में भी सांठगांठ करके सत्ता में आ जाते हैं, इसलिए इनकी रणनीति से सावधान रहने में ही राष्ट्रीय दलों की भलाई है।

बिहार में क्षेत्रीय दलों की मंशा रहती है कि राष्ट्रीय दल महज उसके पिछलग्गू बने रहें। लेकिन इस बार स्थिति अलग है। राष्ट्रीय दलों के चक्रब्यूह में दोनों नेता बुरी तरह से घिर गए हैं और बार बार पुराने सम्बन्धों की दुहाई देकर अस्तित्व रक्षा की कवायद कर रहे हैं, जो काफी मुश्किल बात है।

# छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहेगा प्रदेश का कोई भी छात्र : मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के ठीक पूर्व प्रदेश के छात्र-छात्राओं को बड़ी सौगात देते हुए दशमोत्तर एवं पूर्वदशम छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत एक साथ 10 लाख 28 हजार 205 विद्यार्थियों को 300 करोड़ की छात्रवृत्ति राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में प्रेषित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आने देने के संकल्प के साथ आयोजित किया गया है। यह डबल इंजन सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाए जा रहे शिक्षा-सशक्तिकरण अभियान की एक नई कड़ी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी विजयादशमी के अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई थी। पहले छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया में भेदभाव, विलंब और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं आम थीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में टेक्नोलॉजी आधारित डीबीटी प्रणाली लागू होने से अब पात्र छात्रों के खाते में राशि सीधे पहुंच रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब छात्रवृत्ति वर्ष में एक बार नहीं बल्कि दो चरणों में (अक्टूबर और जनवरी में) दी जाएगी, ताकि छात्रों को समय पर सहायता मिले। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016-17 तक जहां केवल 8.64 लाख विद्यार्थी छात्रवृत्ति से लाभान्वित होते थे, वहीं अब यह संख्या 62 लाख तक पहुंच गई ।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 3 लाख 56 हजार से अधिक विद्यार्थियों को 114 करोड़ 92 लाख, सामान्य वर्ग के 97 हजार से अधिक छात्रों को 29 करोड़ 18 लाख, अन्य पिछड़ा वर्ग के 4 लाख 83 हजार से अधिक विद्यार्थियों को 126 करोड़ 69 लाख और अल्पसंख्यक वर्ग के 90 हजार 758 विद्यार्थियों को 27 करोड़ 16 लाख की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा एकदम स्पष्ट है, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी जी कहते हैं, पारदर्शिता ही सुशासन की पहचान है। डीबीटी प्रणाली इसी पारदर्शिता का सशक्त उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। गत वर्ष जिन विद्यार्थियों को संस्थानों की लापरवाही या पोर्टल की त्रुटियों के कारण छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई थी,



उनके लिए पोर्टल को पुनः सक्रिय किया गया है। जैसे ही डेटा एंट्री पूरी होगी, एक विशेष समारोह में उन्हें भी डीबीटी के माध्यम से राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे, हर छात्र अपने सपनों की उड़ान भर सके।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि पढ़-लिखकर ही हम स्वावलंबी बन सकते हैं और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी बाबा साहब ने शिक्षा के बल पर अपनी राह बनाई। आज हमारे पास संसाधनों की कमी नहीं, आवश्यकता है मेहनत, अनुशासन और लगन की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पुस्तकालयों की ओर रुझान बढ़ाएं, नियमित रूप से विद्यालय जाएं, नवाचार के प्रति जिज्ञासा रखें और समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में 4 करोड़ 27 लाख से अधिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया है। 2016-17 से पहले की सरकारों ने अनुसूचित जाति और जनजाति छात्रों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, लेकिन हमारी सरकार ने न केवल वह राशि जारी की बल्कि दो वर्षों की छात्रवृत्ति एक साथ दी। उन्होंने कहा कि हमारा स्पष्ट संकल्प है कि किसी भी विद्यार्थी के साथ भेदभाव नहीं होगा। ईमानदारी, पारदर्शिता और समान अवसर हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा-सशक्तिकरण के लिए कई नई पहलें की गई हैं। अटल आवासीय विद्यालय के माध्यम से सभी 18 कमिश्नरी में विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जहां श्रमिक परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा मिल रही है। आश्रम पद्धति विद्यालय के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कस्तूरबा बालिका विद्यालय के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग की बालिकाओं को इंटरमीडिएट स्तर तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। अभ्युदय कोचिंग योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी का अवसर मिल रहा है, जिससे अब छात्रों को बाहर नहीं जाना पड़ता।

मुख्यमंत्री ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के माध्यम से प्रदेश के 1 करोड़ 5 लाख परिवारों को ?12,000 वार्षिक पेंशन डीबीटी के जरिए दी जा रही है। पहले ?300 मासिक पेंशन छह महीने में दी जाती थी, जिसमें बिचौलिये हिस्सा खा जाते थे। हमारी सरकार ने इसे बढ़ाकर अब ?1,000 प्रति माह किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब तक 4 लाख से अधिक बेटियों के विवाह कराए जा चुके हैं।

## लखनऊ यूनिट से रवाना होगी ब्रह्मोस की पहली खेप, स्वदेशी रक्षा उत्पादन को मिलेगी नई उड़ान

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ शनिवार को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरोजिनी नगर स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच का फ्लैग ऑफ करेंगे। यह दिन न केवल उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि भारत की रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के संकल्प को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस, जो विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली 'ब्रह्मोस' सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की निर्माता है, ने लखनऊ की नई इंटीग्रेशन एंड टेस्ट सुविधा से मिसाइल सिस्टम की पहली खेप सफलतापूर्वक तैयार कर ली है। यह अत्याधुनिक यूनिट 11 मई 2025 को उद्घाटन के बाद पूरी तरह संचालन में आई थी। यहां मिसाइल इंटीग्रेशन, टेस्टिंग और अंतिम गुणवत्ता परीक्षण की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सफल परीक्षण के बाद मिसाइलें भारतीय सशस्त्र बलों के लिए तैनाती हेतु तैयार की जाती हैं।

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री बूस्टर भवन का उद्घाटन करेंगे तथा बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी देखेंगे। इसी क्रम में एयरफ्रेम और एवियोनिक्स, वारहेड भवन में पीडीआई (प्री डिस्पैच इंस्पेक्शन) तथा ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रेजेंटेशन किया जाएगा। इसके अलावा वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्टोरेज ट्रॉली प्रदर्शन, जीएसटी बिल प्रस्तुतीकरण और मोबाइल ऑटोनमस लॉन्चर का प्रदर्शन भी इस अवसर पर आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान डीजी (ब्रह्मोस) डॉ. जयतीर्थ आर. जोशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चेक और जीएसटी बिल सौंपेंगे, जिससे राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा। ब्रह्मोस मिसाइलों के उत्पादन से उत्तर प्रदेश को निरंतर जीएसटी आय प्राप्त होगी और उच्च कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

सरोजिनी नगर के भटगांव स्थित अत्याधुनिक ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। यहां मिसाइलों के असेंबली, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का कार्य उच्च तकनीकी मानकों के अनुरूप किया जाता है। इस यूनिट से पहली खेप के रवाना होने के साथ ही प्रदेश 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के अभियान में एक सशक्त साझेदार बन गया है। लखनऊ ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर की पहली ऐसी सुविधा है, जहां मिसाइल सिस्टम के निर्माण से लेकर अंतिम परीक्षण तक की पूरी प्रक्रिया देश में ही की जाती है। यह परियोजना न केवल रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रदेश में रोजगार, निवेश और तकनीकी नवाचार के नए अवसर भी सृजित कर रही है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने भारतीय सशस्त्र बलों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता में तेजी से विस्तार किया है। लखनऊ का यह मैन्युफैक्चरिंग सेंटर न केवल भारतीय सेना की आवश्यकताओं को समयबद्ध रूप से पूरा करेगा, बल्कि आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय निर्यात बाजार की मांगों को भी पूरा करने में सक्षम होगा। लखनऊ में स्थापित यह समर्पित ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश को भारत के अगले एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यहां विकसित की जा रही अत्याधुनिक तकनीकें भविष्य में ब्रह्मोस एयरोस्पेस को और भी उन्नत वेरिएंट के मिसाइल सिस्टम विकसित करने में मदद करेंगी।

## जियोफाइनेंस का धनतेरस और दिवाली ऑफर- जियो गोल्ड पर 2 प्रतिशत मुफ़्त सोना व 10 लाख तक के इनाम जीतने का मौका

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मुंबई।** धनतेरस और दिवाली पर सोना खरीदने पर जियोफाइनेंस 2 प्रतिशत मुफ्त सोना ऑफर कर रहा है। जियो फाइनेंस जियो गोल्ड 24 के डेज ऑफर लेकर आया है। खासतौर पर धनतेरस और दिवाली को ध्यान में रखते हुए कंपनी, सीमित अवधि का यह ऑफर लेकर आई है। जियो फाइनेंस और माई जियो ऐप के माध्यम से सोना खरीदने पर ग्राहकों को गारंटीड रिवॉर्ड और 10 लाख तक के इनाम जीतने का मौका मिलेगा। कंपनी के मुताबिक अब सोना खरीदने के लिए अब लंबी कतारों मे लगने और शुभ मुहूर्त का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। ऐप के माध्यम से ग्राहक घर बैठे सोना खरीद सकते हैं।

18 से 23 अक्टूबर, 2025 तक, 2,000 रुपये या उससे अधिक मूल्य का डिजिटल सोना खरीदने वाले ग्राहकों को 2 प्रतिशत मुफ़्त सोना मिलेगा, जो 72 घंटों के भीतर सीधे उनके गोल्ड वॉलेट में जमा हो जाएगा। 20,000 रुपये या उससे अधिक मूल्य का सोना खरीदने पर ग्राहक को 2 फीसदी अतिरिक्त सोना तो मिलेगा ही, वह जियो गोल्ड मेगा प्राइज़ ड्रॉ का हिस्सा भी बन पाएंगे। जिसमें विजेताओं को स्मार्टफोन, टीवी, सोने के सिक्के, मिक्सर ग्राइंडर और गिफ्ट वाउचर सहित कुल 10 लाख के ईनाम दिए जाएंगे हैं। 27 अक्टूबर, 2025 को भाग्यशाली विजेताओं के नामों की घोषणा होगी। बताते चलें कि धनतेरस और दिवाली पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है, जो आने वाले वर्ष के लिए समृद्धि, धन और सौभाग्य का प्रतीक समझा जाता है।

## मंसिमर कौर और ईवा जैन ने बाढ़ पीड़ितों के लिए 40 लाख रुपए की राहत सामग्री वितरित की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ के दौरान चंडीगढ़ की दो लड़कियों ने आगे बढ़कर पहल की। चंडीगढ़ के स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल की ईवा जैन और मंसिमर कौर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत प्रयास शुरू किए। भारी बारिश के कारण कई लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया और हजारों परिवार बेघर हो गए। इस स्थिति में ईवा और मंसिमर ने बाढ़ पीड़ितों की मदद करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने अपने स्कूल के अन्य छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को एकजुट करके लगभग 40 लाख रुपये की राहत सामग्री एकत्र की। राहत सामग्री में 540 किलोग्राम चावल, 120 किलोग्राम दाल, 240 पैकेट बिस्कुट, पानी की बोतलें, टॉयलेट किट, सैनिटरी पैड, दवाएं, घरेलू सामग्री, गद्दे, कंबल और भी बहुत



कुछ शामिल था। यह राहत सामग्री जरूरतमंद परिवारों तक ग्लोबल सिख, सेवा पंजाब और ग्लोबल शेपर्स सोसाइटी जैसे संगठनों में वितरित की गई। यह समाचार इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे युवा छात्र सामुदायिक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और संकट के समय में मदद कर सकते हैं।

## ग्राहकों के लिए बड़ी राहत: इंडिया पोस्ट चंडीगढ़ डिवीजन ने डाकघरों का समय बढ़ाया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**चंडीगढ़।** भारतीय डाक (इंडिया पोस्ट) के चंडीगढ़ डिवीजन आगामी समय में ग्राहक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए 12 चयनित डाकघरों में कारोबारी घंटों का विस्तार करने जा रहा है। इन डाकघरों में देर रात तक काउंटर पर सभी प्रकार के जवाबदेह लेखों की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पहले ये डाकघर केवल शाम 4 बजे तक सेवाएं प्रदान करते थे। भविष्य में, खरड़ डाकघर, चंडीगढ़ के सेक्टर-19, सेक्टर-22, सेक्टर-30 डाकघर और एसएएस नगर के सेक्टर-55, सेक्टर-59, सेक्टर-71 डाकघर शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे, जबकि मोरिंडा, मुल्लांपुर, इंडस्ट्रियल एरिया, चंडीगढ़ , सेक्टर-12, चंडीगढ़ और मनीमाजरा डाकघर शाम 4:30 बजे तक सेवाएं प्रदान करेंगे।

इस पहल से स्थानीय लोग, औद्योगिक इकाइयां, दुकानदार और छोटे उद्यमी इंडिया पोस्ट के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए अपने पार्सल देर रात तक भेज सकेंगे। इसके अतिरिक्त, चंडीगढ़ डिवीजन के मुख्य डाकघरों में रात के काउंटर भी उपलब्ध रहेंगे। चंडीगढ़ जीपीओ सोमवार से शनिवार रात 8 बजे तक खुला रहेगा और रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक सभी प्रकार के लेखों की बुकिंग की सुविधा प्रदान करेगा। वहीं, रोपड़ मुख्य डाकघर सोमवार से शनिवार रात 7 बजे तक सेवाएं देगा।

चंडीगढ़ डाक डिवीजन भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कदम उठाता रहेगा, ताकि जनता को परेशानी मुक्त डाक, बैंकिंग और बीमा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## झारखंड में 'वॉकफॉर डिस्लेक्सिया' जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रांची, (अप्रस)। झारखंड काउंसिल ऑफ़ एजुकेशन रिसर्च और ट्रेनिंग (जेसीईआरटी) ने आज रांची स्थित जेसीईआरटी परिसर में 'वॉकफॉर डिस्लेक्सिया' कार्यक्रम आयोजित किया। यह अक्टूबर माह को डिस्लेक्सिया जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान मौन पदयात्रा में लगभग 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें जेसीईआरटी, डीआईईटी रांची, जीएमएस झखराटांड़ स्कूल के प्रतिनिधि और झारखंड शिक्षा विभाग के साथ कार्य कर रहे 16 सीएसओ साझेदार संगठनों के सदस्य शामिल थे। डिस्लेक्सिया एक सीखने से जुड़ी कठिनाई है, जिसमें व्यक्ति को पढ़ने, लिखने और शब्दों को पहचानने में दिक्कत होती है। यह बुद्धिमत्ता की कमी नहीं है, बल्कि जानकारी को समझने और याद रखने का एक अलग तरीका है। लाल रंग के वस्त्र पहनकर आयोजित इस मौन पदयात्रा का उद्देश्य लोगों में डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूकता फैलाना और डिस्लेक्सिया से प्रभावित लोगों के प्रति सहयोग और समर्थन दिखाना था।

## क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान, चंडीगढ़ में डीजीआर-प्रायोजित व्यवसाय प्रबंधन सर्टिफिकेट कोर्स का समापन समारोह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, चंडीगढ़ में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निदेशालय जनरल ऑफ रिसेटलमेंट द्वारा प्रायोजित 24 सप्ताह के व्यवसाय प्रबंधन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का समापन एवं दीक्षांत समारोह बड़े उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। यह पाठ्यक्रम भारतीय थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना के 19 अधिकारियों के लिए 05 मई 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर सुधीर मलिक, ए.डी.जी., निदेशालय जोन वेस्ट, चंडीमंदिर रहे। उनका स्वागत संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम संस्थान परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के अंतर्गत एक पौधा रोपित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस पाठ्यक्रम ने उन्हें व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय




योजना, विपणन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन तथा सहकारी संस्थागत ढाँचे की गहन समझ प्रदान की है। यह प्रशिक्षण उन्हें सैन्य सेवा के पश्चात् नागरिक जीवन में उद्यमिता, व्यवसायिक प्रबंधन, सहकारी क्षेत्र में नेतृत्व एवं कॉर्पोरेट क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करता है।

मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर सुधीर मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि ष्ठत्नक्र का प्रमुख उद्देश्य देश के पूर्व सैनिकों को नवीन जीवन कौशल एवं प्रबंधकीय दक्षता प्रदान करना है, ताकि वे सेवानिवृत्ति के पश्चात् भी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। ष्ठत्नक्र समय-समय पर देश के विभिन्न प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों के सहयोग से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे पूर्व सैनिक उद्यम स्थापित कर सकें, सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें तथा निजी क्षेत्र में भी बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केवल एक पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि एक नए करियर की दिशा में सशक्त कदम है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने अनुभव और ज्ञान को समाजहित में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों द्वारा निदेशक महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

## 'अर्था इंडिया वेंचर्स' ने 500 करोड़ के 'अर्था वेंचर फंड-2' की घोषणा की

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**चंडीगढ़।** अर्था इंडिया वेंचर्स (एआईवी) ने आज अपने दूसरे प्रारंभिक चरण के माइक्रो वीसी फंड, 'अर्था वेंचर फंडङ्क2 (एवीएफ-2)' के लिए 250 करोड़ रुपयों के पहले चरण की घोषणा की। इस फंड का कुल आकार 500 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जिसमें 100 करोड़ का ग्रीन-शू विकल्प भी शामिल है। फंड ने अपने लक्ष्य के 50 प्रतिशत से अधिक निवेश प्रतिबद्धताएँ पहले ही प्राप्त कर ली हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि निवेशकों को अर्था की ठोस रणनीति और सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड पर गहरा भरोसा है।

इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए 'अर्था वेंचर फंड' के मैनेजिंग पार्टनर अनिरुद्ध ए. दमाणी ने कहा, स्टार्टअप इकोसिस्टम एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है, और ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में हमारा 'एवीएफ-2' लॉन्च हो रहा है। पिछले आठ महीनों में, एक महीने को छोड़कर, भारत में हर महीने 100 से कम सीड निवेश हुए हैं। यह पिछले दशक का सबसे निम्न स्तर है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि 'सीड' से 'सीरीज़-ए' चरण तक पहुँचने का अनुपात, जो परंपरागत रूप से हर 9 में से 1 स्टार्टअप (लगभग 12-13 प्रतिशत) हुआ करता था, अब घटकर केवल 5-6 प्रतिशत रह गया है। यह इस बात का संकेत है कि प्रारंभिक चरण के निवेश पारिस्थितिकी तंत्र में इस समय पूंजी की कितनी भारी कमी उत्पन्न हो चुकी है। दमाणी ने आगे कहा, निवेशक के रूप में इस समय की सबसे उत्साहजनक बात यह है कि मौजूदा परिस्थितियों में सारा शोर-शराबा थम गया है।

अब 'टूरिस्ट फाउंडर्स', यानी केवल चलन के साथ उद्यमिता में आए लोग, लगभग गायब हो चुके हैं। जो बचे हैं, वे असली, गंभीर और टिकाऊ उद्यमी हैं, जो पूंजी का कुशलतापूर्वक उपयोग करते हुए मजबूत व्यवसाय खड़े कर रहे हैं। ये संस्थापक वेंचर कैपिटलिस्ट्स से फंड जुटाने से पहले ग्राहकों से वास्तविक राजस्व प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसी प्रकार की रणनीति असल में 'विंटेज फंड्स' का निर्माण करती है।

## पारस हेल्थ पंचकूला ने फर्स्ट ऐड और लाइफसेविंग ट्रेनिंग के साथ मनाया विश्व ट्रॉमा दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। विश्व ट्रॉमा दिवस के अवसर पर पारस हेल्थ पंचकूला ने सीपीआर और फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया। इस मौके पर हॉस्पिटल में इमरजेंसी फर्स्ट ऐड बॉक्स भी लॉन्च किया गया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को इमरजेंसी के समय तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना और लाइफसेविंग स्किल्स के प्रति जागरूक बनाना है। कार्यक्रम का आयोजन पारस हेल्थ के इमरजेंसी केयर विभाग के नेतृत्व में किया गया, जिसमें हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स और वॉलंटियर्स ने भाग लिया। इस दौरान एक्सीडेंट जैसी आपात स्थितियों में सीपीआर और फर्स्ट ऐड के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। #HarGharSurakshaKiAur अभियान के माध्यम से पारस हेल्थ ने सुरक्षित और सजग समाज के निर्माण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

भारत में ट्रॉमा मौत और विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। हर साल लाखों लोगों की जान सिर्फ इसलिए चली जाती है क्योंकि समय पर प्राथमिक सहायता नहीं मिल पाती। पारस हेल्थ की यह पहल सामुदायिक स्तर पर निवारक तैयारी और तत्परता को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है।

पारस हेल्थ पंचकूला के एसोसिएट डायरेक्टर (इमरजेंसी डिपार्टमेंट) डॉ. चेतन गोयल ने कहा अक्सर मरीज की जान बचाने के लिए हॉस्पिटल पहुंचने से पहले




का समय सबसे अहम होता है। इन शुरुआती मिनटों में पास मौजूद लोगों की तत्परता ही फर्क पैदा करती है। यह ट्रेनिंग लोगों को शांत रहकर तुरंत और सही निर्णय लेने की क्षमता देती है।

फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल ने कहा कि हम रोज़ाना कई इमरजेंसी केस देखते हैं, सड़क दुर्घटना, दिल का दौरा या कार्यस्थल पर चोट। अक्सर लोग असमंजस में कुछ नहीं करते। जबकि यही क्षण जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय कर सकते हैं। हमारा उद्देश्य है कि हर घर में फर्स्ट ऐड बॉक्स मौजूद हो और हर व्यक्ति को उसका इस्तेमाल आना चाहिए। ट्रेनिंग सेशन में इमरजेंसी टीम ने लाइव सीपीआर और फर्स्ट ऐड का डेमो दिया। प्रतिभागियों को सिखाया गया कि ट्रॉमा के लक्षण कैसे पहचानें, छाती पर दबाव (चेस्ट कम्प्रेशन) कैसे दें, और डॉक्टर के आने से पहले स्थिति को कैसे संभालें।

## महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने किया आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में नवनिर्मित व्हील एवं बोगी शेड का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में शुक्रवार को नवनिर्मित व्हील एवं बोगी शेड का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के कर कमलों द्वारा आरेडिका के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया।

आरेडिका को 1000 कोच निर्माण की क्षमता हेतु स्थापित किया गया था। लेकिन निर्माण क्षमता में आरेडिका लगातार वृद्धि कर रहा है, अतः उत्पादन को गति देने के लिए अवसंरचना में विस्तार करना भी आवश्यक होता है। जिससे कोच निर्माण में उपयोग होने वाले व्हीलों एवं बोगियों के उचित रख-रखाव हेतु लम्बे समय से एक अतिरिक्त शेड की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसलिए अभियांत्रिकी विभाग एवं विद्युत विभाग के सहयोग से 3060 स्क्वायर मीटर के नये व्हील एवं बोगी शेड का निर्माण कार्य किया गया है।



महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि यह अवसंरचना विस्तार हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके निर्माण से रेल डिब्बा के उत्पादन में वृद्धि होगी एवं अतिरिक्त व्हील एवं बोगी प्रबंधन में मदद मिलेगी। इसके साथ ही महाप्रबंधक महोदय ने वन्देभारत में लगने वाले सीटों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य, अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन, सीएमएम/फर आर के सिंह, सीएमएम/बोगी सुशील झा, सीएमएम/शेल के के कनौजिया, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द एवं सिविल एवं विद्युत विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एन.एफ. रेलवे के प्रशिक्षण केंद्र में अत्याधुनिक कवच लैब मॉडल का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफ रेलवे) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने आज पांडु स्थित विशेष प्रशिक्षण केंद्र, संकेत और दूरसंचार (एसटीसी) में अत्याधुनिक कवच लैब मॉडल का उद्घाटन किया। इस उन्नत सुविधा का चालू होना भारतीय रेलवे की अधिक सुरक्षित, स्मार्ट और विश्वसनीय रेल संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है।

कवच एक स्वदेशी रूप से विकसित सुरक्षा तकनीक तथा आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसे 4 जुलाई 2020 को नेशनल ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) प्रणाली के रूप में लागू किया गया। यह प्रणाली रेलगाड़ियों की टक्करों को रोकने, सिग्नल संबंधी पहलुओं का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलगाड़ियों की गति को स्वचालित रूप से नियंत्रित करने के लिए बनाई गई है। यह शून्य दुर्घटना मिशन को हासिल करने के लिए भारतीय रेलवे की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है और अत्याधुनिक, घरेलू सुरक्षा समाधानों



के विकास के माध्यम से आत्मनिर्भरता की भावना को दर्शाता है।

एसटीसी/पांडु में नव-स्थापित कवच लैब मॉडल सभी आवश्यक कवच उप-प्रणालियों से सुसज्जित है, जिनमें स्टेशन कवच, लोको कवच, रेडियो फ्रिक्वेंसी संचार, जीएसएम और जीपीएस एंटेना, लोको पायलट ड्राइवर मशीन इंटरफ़ेस, स्टेशन मास्टर ऑपरेशन-कम-इंडिकेशन पैनल और एक सिमुलेशन पैनल शामिल हैं। इस लैब को स्टेशनों के बीच ट्रेनों की आवाजाही का वास्तविक रूप से अनुकरण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो सिग्नल एवं दूरसंचार कर्मियों, लोको पायलटों, सहायक लोको पायलटों और कवच कार्यान्वयन, संचालन एवं रखरखाव से जुड़े अन्य प्रमुख रेल कर्मचारियों के लिए एक व्यापक, व्यावहारिक प्रशिक्षण वातावरण प्रदान करता है।

वास्तविक परिचालन स्थितियों की नकल कर यह सुविधा सिस्टम की कार्यक्षमता, त्रुटियों के निदान और विभिन्न कवच घटकों के बीच समन्वय की समझ को बढ़ाएगी। यह पहल रेल कर्मियों की तकनीकी दक्षता और तैयारी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा प्रदान करेगी, जिससे पूरे नेटवर्क में सुरक्षित और अधिक कुशल रेल संचालन सुनिश्चित होगा।

इस उन्नत प्रशिक्षण सुविधा के चालू होने से विश्वस्तरीय रेल अवसंरचना और परिचालन के लिए नवाचार, सुरक्षा और कौशल विकास पर भारतीय रेलवे के निरंतर फोकस को बल मिलता है।

# नायब सरकार का एक साल: अपराध, बेरोजगारी और नशे का 'घणा कमाल'

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने चंडीगढ़ में सरकार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 'नायब सरकार का एक साल घणा कसूता नहीं, बल्कि घणा बर्बादी वाला रहा है।'

सुरजेवाला ने सरकार के एक साल को 'नाकाबिलियत, यातना और बर्बादी' का प्रतीक बताते हुए कहा कि हरियाणा अब 'हरि का हरियाणा' नहीं, बल्कि 'अपराध का गैंगलैंड' बन गया है।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पिछले एक साल में हरियाणा मर्डर, फिरौती, रंगदारी और गैंगवार जैसी घटनाओं से थर्राया है। यमुनानगर से लेकर सिरसा तक और नूंह से महेन्द्रगढ़ तक अपराधियों का बोलबाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार संगठित अपराध के सामने घुटने टेक चुकी है।

**खनन माफिया की लूट:** रुपये 2200 करोड़ का पहाड़ उड़ाया गया- रणदीप सुरजेवाला ने बताया कि नूंह जिले में खनन माफियाओं ने ?2200 करोड़ रुपये का पूरा पहाड़ ही उड़ा दिया, और सरकार मूकदर्शक बनी रही। सोनीपत में खनन कंपनी द्वारा यमुना नदी की धारा मोड़ने से बाढ़ की त्रासदी और पर्यावरणीय संकट पैदा हुआ।

**'उड़ता हरियाणा': हर दिन 143 युवा नशे की गिरफ्त में-** सुरजेवाला की ओर से प्रस्तुत आंकड़े चौंकाने वाले रहे। सुरजेवाला के अनुसार, हरियाणा में हर दिन औसतन 143 युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में 1,84,000 से अधिक लोग नशा मुक्ति केंद्रों तक पहुंचे हैं:

2020-21: 11,395
2021-22: 24,968
2022-23: 45,065
2023-24: 50,429
2024-25: 52,207

**पेपर लीक फैक्ट्री बना हरियाणा-** शिक्षा और रोजगार को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरा गया। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा आज पेपर लीक का पर्याय बन गया है। एचपीएससी और एचएसएससी को उन्होंने क्रमशः 'हेराफेरी सर्विस कमीशन' और 'सेंटिंग सर्विस कमीशन' कहा। दर्जनों परीक्षाएं – 10वीं-12वीं बोर्ड, एचसीएस, सीईटी, एसआई, क्लर्क, पीटीआई, एच टेट, केवीएस जैसी – या तो लीक हुई या रद्द कर दी गई।

**किसानों पर दोहरी मार:** एमएसपी नहीं, खाद भी नहीं। कांग्रेस नेता ने बताया कि किसान अपनी फसल एमएसपी से नीचे बेचने को मजबूर हैं- धान का एमएसपी : रुपये 2,389, बिकवाली रुपये 1,800- रुपये 1,900

बाजरा का एमएसपी : रुपये 2,775, बिकवाली रुपये 1,800

कपास का एमएसपीः रुपये 8,100, बिकवाली रुपये 6,500-रुपये 7,200

डीएपी और यूरिया खाद की भारी कमी के चलते किसान लंबी कतारों में खड़े हैं और कालाबाजारी जोरों पर है।

**बाढ़ में बही राहत, गायब रही सरकार:** रणदीप ने आरोप लगाया कि बाढ़ आने पर सरकार ने पहले इनकार किया, फिर रुपये 7,000 प्रति एकड़ मुआवजा घोषित किया, पर एक फूटी कौड़ी तक नहीं दी गई। हजारों मकान, ट्यूबवेल, मवेशी और फसलें बर्बाद हुई, पर सरकार ने कोई ठोस राहत नहीं दी।

**वसूली और बिजली दरों में लूट:** सरकार पर आरोप है कि अगस्त 2025 में कलेक्टर रेट बढ़ाकर जनता से सालाना रुपये 5,000 करोड़ की अतिरिक्त वसूली की गई। साथ ही, जनवरी और अप्रैल 2025 में बिजली दरें बढ़ाकर गरीब, किसान और मंदिर तक पर बोझ डाला गया।

**युवाओं का विदेश पलायन और सामाजिक ताना-बाना:** बेरोजगारी के कारण हरियाणा का युवा बड़ी संख्या में विदेश जा रहा है। सुरजेवाला ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सामाजिक भाईचारा तोड़ने की कोशिश कर रही है और 'शकुनि की चौपड़' बिछाई जा रही है।

# जल्द घोषित होगा सीईटी का परिणाम: एचएसएससी ने खोली करेक्शन पोर्टल

24 तक अभ्यर्थी कर सकेंगे फार्म दुरुस्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) का परिणाम निकालने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके चलते आयोग ने शुक्रवार को करेक्शन पोर्टल खोल दिया है। यह पोर्टल 24 अक्टूबर तक खुला रहेगा। इस दौरान अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में हुई गलतियों को सुधार सकते हैं। हालांकि परीक्षा के दौरान सरकार व आयोग ने दावा किया था कि एक माह के भीतर परिणाम का ऐलान किया जाएगा। इसके उलट करीब तीन माह बाद करेक्शन पोर्टल खोला गया है।

एचएसएससी की तरफ से इस साल 26 व 27 जुलाई को सीईटी का आयोजन किया गया था। जिसमें 13.48 लाख युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। दो दिन हुई परीक्षा के दौरान पहले दिन लगभग 6.70 लाख और दूसरे दिन भी लगभग 6.70 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी। शुक्रवार को आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया पर सीईटी से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 26-27 जुलाई को आयोजित ग्रुप सी की सीईटी 2025 परीक्षा के लिए करेक्शन पोर्टल खोला गया है।

अभ्यर्थी 24 अक्टूबर को रात 11 बजकर 59 मिनट तक अपने फॉर्म में सुधार कर सकते हैं। इसके लिए करेक्शन पोर्टल लिंक और नोटिस लिंक भी शेयर किया है। आयोग ने एक पब्लिक नोटिस भी जारी किया है, जिसमें हाईकोर्ट के एक जुलाई के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि सीईटी ग्रुप-सी 2025 परीक्षा के लिए सुधार पोर्टल खोलने का निर्णय लिया गया है। नोटिस में उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे 17 से 24 अक्टूबर के बीच करेक्शन पोर्टल पर सुधार कर लें। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपने दावे के समर्थन में बढ़ाई गई कट-ऑफ तिथि, यानी 14 जून को या उससे पहले वैध आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर दें। आयोग ने स्पष्ट किया है कि श्रेणी सुधार के किसी भी अनुरोध पर भौतिक रूप से विचार नहीं किया जाएगा।


## लापता



आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति नामतः अहसान माझी पुत्र अधम माझी निवासी ग्रगांव कांता बेरिया जिला हावडा पश्चिम बंगाल, आयु लगभग 37 वर्ष, सफेद रंग, कद 5'-1'' काली टी-शर्ट, काला लोअर, पैरों में चप्पल पहने हुए, भाषा बंगाली दिनांक 17.09.2025 को पीजीआई चंडीगढ़ से लापता है। इस संबंध में, डीडीआर सं. 57, दिनांक 01.10.2025 के अंतर्गत पुलिस पोस्ट पीपी पीजीआई चंडीगढ़ में रिपोर्ट दर्ज की गई है।लापता व्यक्ति की फोटोग्राफ ऊपर प्रदान की गई है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपयापुलिस पोस्ट पीजीआई सेक्टर-12 चंडीगढ़ को दूरभाष सं. 0172-2755100, 2760004 एसएचओ पुलिस स्टेशन, सेक्टर-11, चंडीगढ़ को दूरभाष सं. 9779580911, 0172-2920296, 2760002 अथवा पुलिस कंट्रोल रूम दूरभाष सं. 0172—2749194 अथवा 112 पर सूचित करें।

चंडीगढ़ पुलिस

## उत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-14/2025-26 दिनांक 17.10.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए **15.00 बजे** तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्या :** | 30-विद्युत-19/2025-26 (ओपन टेंडर) |
| **कार्य का नाम :** | निरीक्षण गड्ढे का पुनर्निर्माण, आरडब्ल्यूपी के साथ घाटी नाली का प्रतिस्थापन और डीजल शेड अंबाला की अन्य मरम्मत, पटियाला माल शेड का उन्नयन जिसमें पहुंच मार्ग, चारदीवारी और नया गुड्स ऑफिस शामिल है, अबोहर स्टेशन पर कराची माल साइडिंग का उन्नयन और 4 नए डॉक्टर्स चैंबर, एक डार्क रूम और 03 केबिन प्रदान करके ओपीडी का विस्तार करके डिवीजनल रेलवे अस्पताल का उन्नयन और सीनियर एडीईएन/यूएमबी के तहत अन्य संबंधित कार्य |
| **लगभग लागत (रु.) :** | रु. 49,54,489.59 |
| **बोली प्रतिभूति (रु.) :** | रु. 99,100.00 |
| **पूर्ण होने की अवधि :** | 03 महीने |
| **बंद करने और खोलने की तिथि :** | 10.11.2025 |
| **निविदा संख्या :** | 30-विद्युत-20/2025-26 (ओपन टेंडर) |
| **कार्य का नाम :** | एसएसई/डब्ल्यू/ई/अंबाला खंड में पुरानी रेलवे कॉलोनी (चरण-II) में पार्क का विकास/उन्नयन संबंधित कार्य |
| **लगभग लागत (रु.) :** | रु. 10,37,620.97 |
| **बोली प्रतिभूति (रु.) :** | रु. 20,800.00 |
| **पूर्ण होने की अवधि :** | 02 महीने |
| **बंद करने और खोलने की तिथि :** | 10.11.2025 |

**1)** निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **2)** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15.00 बजे** से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **3)** कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **4)** विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। **5)** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **3235/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

**निविदा संख्याः-CAMC2-FLCM-25-26-170**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या CAMC2-FLCM-25-26-170 नियत तिथि 10.11.2025 जारी की जाती है। यह खुली ई.निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नामः** एमसीएफ/आरबीएल की शीट मेटल शॉप में 02 वर्षों के लिए स्थापित मेक-मेसर्स सिस, कोरिया की 02 फाइबर आधारित लेजर कटिंग मशीनों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 97,39,901.89 (रु. सत्तानवे लाख उनतालीस हजार नौ सौ एक और नवासी पैसा मात्र) **धरोहर राशिः (₹)** 1,94,800.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य- रु.5,000.00, कार्य समापन की अवधि- दो वर्ष (24 माह) • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय**-10.11.2025 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**कार्य प्रबंधक/एम. एण्ड पी.**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं. एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/रोबोटिक यू.एफ.लाइन/2025-26/सी532 आई दिनांक **15.10.2025**, आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** कार्यक्षेत्र के अनुसार रोबोटिक अंडर फ्रेम लाइन पर सपोर्टिंग मेम्बर के साथ पूर्ण अंडर फ्रेम का निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 5,97,83,402.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य। **अमानत राशिः (₹)** 4,48,900.00 (रु. चार लाख अड़तालीस हजार नौ सौ मात्र)। **कार्य की मात्रा**-700 अंडर फ्रेम। **कार्य समापन की अवधि**- 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**-06.11.2025 को 11:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीविलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 50/ईटी./2025-26 दिनांकः 15.10.2025**

| क्र.सं | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11251136ए | किट ऑफ साइड वाल ऑफ एलडब्लूएस (इओजी) कोच | 91 सेट | 09.12.2025 |
| 02 | 03251843 | रेटेंशन टेंक (आरएच) | 900 नग | 12.11.2025 |
| | | रेटेंशन टेंक (एलएच) | 900 नग | |
| 03 | 05251075बी | हार्नेस ऑफ अंडरफ्रेम एंड रूफ अरेंजमेंट फॉर एलएचबी एसी-3 टीयर टाईप कोचेज | 198 सेट | 04.11.2025 |
| 04 | 11251255ए | रूफ आर्च फॉर एलएचबी नॉन एसी कोच | 7000 नग | 07.11.2025 |
| 05 | 13251351ए | सेट ऑफ हाई टेंसिल हार्डवायर फॉर फीएट बोगी | 2937 सेट | 04.11.2025 |
| 06 | 01251176 | ऑस्टेनिटिक स्टील सीट 3x1250x3300 एमएम | 70000 कि.ग्रा. | 07.11.2025 |
| | | ऑस्टेनिटिक स्टील सीट 2x1250x4000 एमएम | 20000 कि.ग्रा. | |
| 07 | 15255278 | सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशिनिंग एण्ड प्रोविंग आउट ऑफ सीएनसी पाइप बेल्डिंग मशीन | 1 नग | 18.11.2025 |
| | | टोटल कास्ट ऑफ कॉम्प्रिहेंसिव एएमसी फॉर पाँच वर्ष आफ्टर एक्सपायरी ऑफ वारंटी पीरियड ऑफ टू ईयर | 1 नग | |
| 08 | 15255277ए | सप्लाई ऑफ एचएफ कारस टू स्पीसीफीकेशन | 10 नग | 13.11.2025 |
| 09 | 06251100 | सप्लाई एण्ड अप्लाई बेसिस थर्मल कम साउंड इंसुलेशन मटेरीएल फॉर अंडर फ्रेम ऑफ एलएचबी कोचेज | 199310.05 एसक्यूएम | 10.11.2025 |
| | | सप्लाई एण्ड अप्लाई बेसिस थर्मल कम साउंड इंसुलेशन मटेरीएल फॉर रूफ साईड वाल्स ऑफ एलएचबी कोचेज | 4371 एसक्यूएम | |

**शुद्धिपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 49/ईटी/2025-26 दिनांक 08.10.2025 | टेन्डर नं. **03251079सी** | निविदा खुलने की तिथि- 14.10.2025 के स्थान पर तिथि 30.10.2025 पढ़ें। |
| 02 | 41/ईटी/2025-26 दिनांक 10.09.2025 | टेन्डर नं. **15255233** | निविदा खुलने की तिथि- 15.10.2025 के स्थान पर तिथि 30.10.2025 पढ़ें। |

वेबसाइट पता : www.ireps.gov.in एवं www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## COURT NOTICE

**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Abhimanyu Rajput
**Additional Civil Judge (Senior Division), Kalka**

**CNR No. HRPKA0-000178-2024**
**Next Date:-03-12-2025**
**Bank of India**
**Vs.**
**M/s Modern Furniture**

**Civil suit for recovery**
**PUBLICATION ISSUED TO:**
1. M/s Modern Furniture through its proprietor Sarfudin s/o Imamudin, Ram Nagar, Kaka-133302
2. Sarfudin s/o Imamudin proprietor M/s Modern Furniture, Ram Nagar, Kalka-133302
2nd Address: Sarfudin s/o Imamudin proprietor M/s Modern Furniture, R/o #1085, Indra Colony, Panchkula-134102

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 03-12-2025 at 10:00a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice& district Panchkula

**Additional Civil Judge (Senior Division) Kalka**

**Dated, this day of 14-10-2025**

## COURT NOTICE

**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Puneet Mohan Sharma
**Matrimonial Cases Special Courts, Chandigarh**

**PRINCI**
**Vs**
**RAHUL KUMAR**

**CNR No. CHCH01-008730-2023**
**Next Date:-19-12-2025**

**PUBLICATION ISSUED TO:**
**RAHUL KUMAR**
**H.NO 922, GOVIND NAGAR JHAMPUR NEAR RAHMET CHICKEN SHOP NO 18 BHARAT COMPLEX, ROAD JHAMPUR**

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 19-12-2025 at 10:00a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=Chandigarh

**Additional District Judge Chandigarh**

**Dated, this day of 15-10-2025**

## Public Notice

Subject: Transfer of allotment in respect of apartment no. 1002, on 10th Floor, in Tower No. T-11, in Group Housing Project namely Hero Homes, Mohali Phase-2A situated at Group Housing Site No. 1, Sector-88, SAS Nagar, Mohali, Punjab, upon the death of Mrs. Neera Thapliyal (deceased). Late Mrs. Neera Thapliyal Wife of Mr. Sushil Chandra Thapliyal Resident of # 1742/1, RBI Colony, Sector-44 B, Chandigarh-160047, who was the joint Allottee of the subject apartment as per record, has died intestate on 10-09-2025. Now, Mr. Sushil Chandra Thapliyal Son of Sh. Jagdish Chandra Thapliyal R/o # 1742/1, RBI Colony, Sector-44 B, Chandigarh-160047 and Ms. Arushi Thapliyal Daughter of Mr. Sushil Chandra Thapliyal R/o # 1742/1, RBI Colony, Sector-44 B, Chandigarh-160047, intends to apply for the transfer of the allotment of subject apartment in his/her favour on the basis of being legal heir(s) of above deceased person. If any person is having objection against the transfer allotment of ibid apartment, he/she can submit objection in writing within 15 days from the date of publication of the notice to CRM department, Hero Realty Private Limited, 264, Okhla Phase-3, Delhi-110058. Otherwise, allotment of the subject apartment shall be transferred accordingly and may not entertain subsequent claim, if any. Mr. Sushil Chandra ThapliyalMs. Arushi Thapliyal (Legal heirs)

## COURT NOTICE

**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Abhimanyu Rajput
**Additional Civil Judge (Senior Division), Kalka**

**CNR No. HRPKA0-000297-2023**
**Next Date:-20-12-2025**

**Punjab National Bank**
**Vs.**
**Santokh Singh**

**Suit for a recovery**
**PUBLICATION ISSUED TO:**
Santokh Singh son of Shri Hardeep Singh, resident of House No. 619, B-1, Gurdwara Road, Pinjore, Tehsil kalka, District Panchkula

In above titled case, the defendant could not be served. It is ordered that defendant should appear in person or through counsel on 20-12-2025 at 10:00 am.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=Panchkula

**Additional Civil Judge (Senior Division) Kalka**

**Dated, this day of 14-10-2025**

## Statement Affidavit

I, Akash, son of late Subhash Chand, late Shibu Ram, resident of house number 160, ward 11, Balmiki Mohalla, Bhadad Gali, Tehsil Tohana, District Fatehabad, am a permanent resident. I hereby state the following through my affidavit:
1. The house in which we have lived for many years, in which my grandmother, Sunhari Devi, wife of Shibu Ram, died on 26.8.1997.
2. After her cremation, we, 1. Suresh Kumar, 2. Jaswant, 3. Sarla Devi, 4. Akash, Prince, Shalu, daughters of Subhash Chand, 5. Vikas, Rinku, Manisha, daughters of Kannauj, Pushpa, 6. Mrs. Usha, Guddi, Ompati, Vimala, daughters of Shibu Ram, are the legal heirs of her property, which is within the red line. I wish to get my rights registered. If anyone among these has any objection, they can do so within a month. After that, I will be the legal heir of my rights.

**Sworn In**
**Akash, son of Subhash Chand**
**Bhadad Gali, House No. 160, Ward 11**
**Tehsil Tohana, District Fatehabad**

## उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

| क्र0 सं | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OT-21/ 2025-26 | एस & टी वर्क इन कनेक्शन विद (i) प्रोविसजन ऑफ सेकंड लूप लाइन एट गुरने (जी०आर०एन) स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन (ii) प्रोविजन ऑफ (पी०क्यू०आर०एस०) मशीन साइडिंग एट गुरने (जी आर एन स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन. | 13.11.2025 at 15.00 hrs | Rs. 23463234.88/- | Rs. 267300/- | 180 दिन |

नोट :- वरि0 मंडल सिग० एवं टेली० इंजी०/उ०रे०, डी०आर०एम० ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यो हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें।
1 टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
2 निविदाकारों को ई-टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्याः- एस.डब्ल्यू/सिग/अंबाला/एन0आई0टी0-09/2025-26 दिनांकः 16.10.2025 **3221/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# आज हरियाणा सरकार देश में विकास, सुशासन और विश्वास की बनी नई पहचान: विधायक

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 17 अक्तूबर।** भाजपा विधायक मनमोहन भड़ाना ने हल्कावासियों को दीपावली त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में हरियाणा का कमजोर व वंचित, महिला, युवा तथा किसान वर्ग खुशहाल हुआ है। जहां पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए गरीब व वंचित लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन आज भाजपा सरकार ऑनलाईन माध्यम से उनको घर बैठे योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। हरियाणा में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने तथा मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार के 01 वर्ष पूरा होने पर संबोधित करते हुए भाजपा विधायक मनमोहन भड़ाना ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया।

विधायक भड़ाना ने कहा कि वर्ष 2024 में चुनाव से पहले भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में हरियाणा की जनता को 217 वायदें किए थे, जिनमें से अब तक नायब सरकार 48 वायदों को पूरा कर चुकी है और 90 वायदों को वर्ष 2025 के अंत तक पूरा कर देंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वहीं करके दिखाती है। धरातल पर हुए कार्यों के विश्वास पर ही जनता ने तीसरी बार हरियाणा में भाजपा का परचम लहराने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हरियाणा में हुए शहरी निकाय चुनावों में भी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, जिसकी बदौलत आज हरियाणा में ट्रिपल ईंजन की सरकार तीन गुणा रफ्तार से प्रदेश का विकास कर रही है।

# हरियाणा कांग्रेस ने 'वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान' की अंतिम तिथि बढ़ाई

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा कांग्रेस ने अपने राज्यभर में चल रहे ÷वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान÷ को लेकर बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने अभियान की अंतिम तारीख 15 अक्तूबर से बढ़ाकर 30 अक्तूबर कर दी है। साथ ही, पार्टी के सांसदों, विधायकों और जिला पदाधिकारियों को तय संख्या में हस्ताक्षर जुटाने का स्पष्ट लक्ष्य भी सौंपा गया है।

राव नरेंद्र सिंह ने अपने पत्र में लिखा है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और वोट चोरी के खिलाफ जनता को जागरूक करने का बड़ा प्रयास है। अब यह सुनिश्चित किया गया है कि हर स्तर के नेता और कार्यकर्ता अपने लक्ष्य के अनुरूप हस्ताक्षर जुटाकर 30 अक्तूबर तक फॉर्म जमा करें। पत्र के अनुसार, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हर स्तर के नेताओं के लिए हस्ताक्षरों की संख्या निर्धारित की है। पत्र में कहा गया है कि सभी संबंधित पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस दिशा में सक्रियता दिखाएं और समय सीमा के भीतर अपने फॉर्म या तो जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के माध्यम से या सीधे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जमा करवाएं।


## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 462 ਸੈਕਟਰ 55, ਫੇਜ-1, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Sh. Gurcharan Dass S/o Chura Ram R/o 462, Sector 55, Phase-1, SAS Nagar ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 16.01.2023 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਸਬੰਧੀ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵਲੋਂ ਆਪਣੀ ਮੌਤ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮਿਤੀ 11.10.2022 ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ Charanjit W/o Gurcharan Das ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਅਣ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ। Gurmit Kaur, Municipal Councillor, Ward No 50, SAS Nagar ਵਲੋਂ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਹਲਫੀਆ ਬਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਅਨੁਸਾਰ ਮ੍ਰਿਤਕ Sh. Gurcharan Dass S/o Chura Ram ਦੇ ਵਾਰਸ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਅਨੁਸਾਰ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Charanjit | Wife |
| 2. | Rajiv Kumar | Son |
| 3. | Pawan Kumar | Son |

ਹੁਣ ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਅਣ-ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Charanjit W/o Gurcharan Das R/o Kothi No-462, Sector-55, Phase-1, Mohail ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 462 ਸੈਕਟਰ 55 ਫੇਜ-1, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਜਾਂ ਉਸ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਅਣ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 462, ਸੈਕਟਰ-56, ਫੇਜ-1, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਲਾਭ ਪਾਤਰ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ- 62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਬਿਨੈਕਾਰ ਵਲੋਂ ਐਪਲੀਕੇਸ਼ਨ ਨੰ: 459758 ਮਿਤੀ 09.10.2025 ਰਾਹੀਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਐਸ ਸੀ ਐਫ 74, ਸੈਕਟਰ 61, ਫੇਜ-7, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Surinder Singh S/o Sharam Singh R/o House N. 1416, Phase-10, Mohali ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 29.10.2016 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਸੀ ਅਤੇ ਉਹਨਾਂ ਵਲੋਂ ਐਸ ਸੀ ਐਫ 74, ਸੈਕਟਰ 61, ਫੇਜ-7 ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੀ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਮਿਤੀ 09.12.2024 ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪੁੱਤਰ Parvinder Singh S/o Late Surinder Singh ਅਤੇ Malkit Singh S/o Late Surinder Singh ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਕੀਤੀ ਗਈ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 677 ਮਿਤੀ 15 .01 .2015 ਰਾਹੀਂ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਇਸ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Parvinder Singh S/o Late Surinder Singh ਅਤੇ Malkit Singh S/o Late Surinder Singh ਵਲੋਂ ਐਸ ਸੀ ਐਫ 74, ਸੈਕਟਰ-61, ਫੇਜ-7 ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਦੀ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਆਮ ਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਨਿਮਨ ਹਸਤਾਖਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਅਨੁਸਾਰ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇਗੀ

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਮ੍ਰਿਤਕ ਲਾਭਪਾਤਰ

ਐਪਲੀਕੇਸ਼ਨ ਨੰ: 457985 ਮਿਤੀ 24.09.2025 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪਲਾਟ ਨੰ: 864, ਸੈਕਟਰ-61, ਫੇਜ-7, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 50 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Brinder Kaur W/o Brijmohan Singh Ahluwalia R/o Kothi No-864, Phase-7, Sector-61, Mohali ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 12.02.2015 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਸੀ। ਉਹਨਾਂ ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 864, ਫੇਜ-7, ਸੈਕਟਰ-61, ਮੋਹਾਲੀ ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 12 .02 .2015 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਸੀ . ਉਹਨਾਂ ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 864, ਸੈਕਟਰ 61, ਫੇਜ-7, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 50 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਅਣ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਮਿਤੀ 30.07.2004 ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪੁੱਤਰ Paramjit Walia S/o Brij Mohan Singh R/o Kothi No-864, Phase-7 , Sector-61, Mohail ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ।

ਇਸ ਅਣ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Paramjit Walia S/o Brij Mohan Singh ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 864, ਸੈਕਟਰ 61, ਫੇਜ-7, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 50 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਦੀ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਨਿਮਨ ਹਸਤਾਖਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ . ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਅਣ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਅਨੁਸਾਰ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੇ 50 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਅਲਾਟੀ ਜੀਪੀਏ ਲਾਭਪਾਤਰੀ

ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਨੰ: 459971 ਮਿਤੀ 1.10 .2025 ਰਾਹੀਂ ਫਲੈਟ ਨੰ: ਬੀ-6-1101, ਪੂਰਬ ਪ੍ਰੀਮੀਅਮ ਅਪਾਰਟਮੈਂਟਸ, ਸੈਕਟਰ-88, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Aimtoj Singh Grewal S/o Sukhpal Singh R/o 234, Sector-70, SAS Nagar ਨੇ Harijt Singh S/o Joginder Singh R/o 1054, Sector – 67 SAS Nagar ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਜੀ ਪੀ ਏ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਜੋ ਕਿ Sydney, Austraila ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ ਅਤੇ 137/HRC ਮਿਤੀ 04.08.2025 ਨੂੰ ਦਫਤਰ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਵਲੋਂ ਇਮਬੋਸਡ ਹੈ।

ਇਸ ਜੀ ਪੀ ਏ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Harjit Singh S/o Joginder Singh R/o 1054, Sector– 67 SAS Nagar ਵਲੋਂ ਫਲੈਟ ਨੰ: ਬੀ-6-1101, ਪੂਰਬ ਪ੍ਰੀਮੀਅਮ ਅਪਾਰਟਮੈਂਟਸ, ਸੈਕਟਰ- 88, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਨੂੰ VENUS SETIA W/o VISHAL SETIA R/o # 1033, AGGARSEN NAGAR, SRI GANGANAGAR Aqy RHYTHM SETIA S/o VISHAL SETIA R/o # 4850, PUNCAM SOCEITY, SECTOR -68, MOHALI ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਲਈ ਪ੍ਰਤੀ ਬੇਨਤੀ ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਨੰ : 459971 ਮਿਤੀ 15 .10 .2025 ਰਾਹੀਂ ਦਿਤੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ, ਮੋਹਾਲੀ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਫਲੈਟ ਨੰ: ਬੀ-6-1101 ਪੂਰਬ ਪ੍ਰੀਮੀਅਮ ਅਪਾਰਟਮੈਂਟਸ, ਸੈਕਟਰ-88, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਨੂੰ VENUS SETIA W/o VISHAL SETIA ਅਤੇ RHYTHM SETIA S/o VISHAL SETIA ਦੇ ਨਾਮ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਦੀ ਆਗਿਆ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਕਤ ਜੀ ਪੀ ਏ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ ਗਮਾਡਾ, ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਜੀ ਪੀ ਏ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਫਲੈਟ ਨੰ : ਬੀ-6-1101 ਪੂਰਬ ਪ੍ਰੀਮੀਅਮ ਅਪਾਰਟਮੈਂਟਸ, ਸੈਕਟਰ-88, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਨੂੰ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਦੀ ਆਗਿਆ ਬਿਨੈਕਾਰ ਨੂੰ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਸੁਪਰਡੰਟ
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 294, ਸੈਕਟਰ 56, ਫੇਜ 6 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ Harinder Singh Randhawa S/o Mohinder Singh Randhawa R/o # 43 Valley Brook Cres Caledon ON L7C 4C5 Canada, Harjinder Singh Randhawa S/o Mohinder Singh Randhawa R/o # 149 Sky View Ranch Blvd NE Calgary AB T3N 0K8 Canada , Sukhnandan Kahlon D/o Mohinder Singh Randhawa R/o 2618- Massey Sq Toronto ON M4C 5L6 Canada ਅਲਾਟੀ ਹਨ। Harinder Singh Randhawa R/o # 43 Valley Brook Cres Caledon ON L7C 4C5 Canada. ਨੇ Navneet Singh S/o Sukhdev Singh R/o Village-Kirtowal Kalan, Tam taran PB 143412 ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਜੀ ਪੀ ਏ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਜੀ ਪੀ ਏ ਨੰਬਰ 1175 ਮਿਤੀ 01.09.2023 ਰਾਹੀਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿਤੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਦੇ ਮਾਲ ਸਕੱਤਰ ਵਲੋਂ ਇਮਬੋਸ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। Sukhnandan Kahlon R/o #2618- Massey Sq Toronto ON M4C 5L6 Canada ਨੇ Navneet Singh S/o Sukhdev Singh R/o Village-Kirtowal Kalan, Tarn taran PB 143412 ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਜੀ ਪੀ ਏ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਜੀ ਪੀ ਏ ਨੰਬਰ 1174 ਮਿਤੀ 01.09.2023 ਰਾਹੀਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿਤੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਦੇ ਮਾਲ ਸਕੱਤਰ ਵਲੋਂ ਇਮਬੋਸ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। Harjinder Singh Randhawa R/o # 149 Sky View Ranch Blvd NE Calgary AB T3N 0K8 Canada ਨੇ Harsimran Singh Warech c/o Ajit Singh R/o Flat no-317, 3rd Floor Tower no-9, Alpine Residency, Zirakpur, Mohali ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਜੀ ਪੀ ਏ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਜੀ ਪੀ ਏ ਨੰਬਰ 113/HRC ਮਿਤੀ 26.05.2023 ਰਾਹੀਂ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਵਲੋਂ ਇਮਬੋਸ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ।

ਇਸ ਜੀ ਪੀ ਏ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Navneet Singh S/o Sukhdev Singh R/o Village-Kirtowal Kalan, Tarn taran PB 143412 , Harsimran Singh Warech c/o Ajit Singh R/o Flat no-317, 3rd Floor Tower no-9, Alpine Residency, Zirakpur, Mohali ਵੱਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 294, ਸੈਕਟਰ 56, ਫੇਜ 6 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ Sham Singh S/o Ranbir Singh R/o House No-304, Dairy Complex, Maloya, Chandigarh ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਲੈਣ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ਼ ਮਿਤੀ 17-09-2025 ਨੂੰ ਦਿੱਤੇ ਹਨ। ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਛੱਪਣ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਇਤਰਾਜ ਸੁਪਰਡੰਟ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 294, ਸੈਕਟਰ 56, ਫੇਜ 6 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਸੁਪਰਡੰਟ (ਹ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ

# भाजपा सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में हरियाणा का कमजोर व वंचित, महिला, युवा तथा किसान वर्ग हुआ खुशहाल : बड़ौली

आज हरियाणा सरकार देश में विकास, सुशासन और विश्वास की बनी नई पहचान

प्रदेशाध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए किया सरकार की उपलब्धियों का किया बखान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने प्रदेशवासियों को दीपावली त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में हरियाणा का कमजोर व वंचित, महिला, युवा तथा किसान वर्ग खुशहाल हुआ है। जहां पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए गरीब व वंचित लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन आज भाजपा सरकार ऑनलाईन माध्यम से उनको घर बैठे योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। हरियाणा में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने तथा मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार के 01 वर्ष पूरा होने पर शुक्रवार को रेलवे रोड़ स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2024 में चुनाव से पहले भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में हरियाणा की जनता को 217 वायदें किए थे, जिनमें से अब तक नायब सरकार 48 वायदों को पूरा कर चुकी है और 90 वायदों को वर्ष 2025 के अंत तक पूरा कर देंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वहीं करके दिखाती है। धरातल पर हुए कार्यो के विश्वास पर ही जनता ने तीसरी बार हरियाणा में भाजपा का परचम लहराने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हरियाणा में हुए शहरी निकाय चुनावों में भी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, जिसकी बदौलत आज हरियाणा में ट्रिपल ईजन की सरकार तीन गुणा रफ्तार से प्रदेश का विकास कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा सरकार देश में विकास, सुशासन और विश्वास की नई पहचान बनी है। पिछले 11 वर्षों में प्रदेश ने जनकल्याण, पारदर्शिता और विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। भाजपा ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मंत्र के साथ राज्य ने समग्र विकास का रास्ता अपनाया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से लाखों युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर सरकार नौकरी मिली है। पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी से सरकारी तंत्र में जवाबदेही और निष्पक्षता आई। उन्होंने कहा कि ई-गवर्नेंस के जरिए प्रत्येक योजना और सेवा ऑनलाईन हुई, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगी।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आज हरियाणा देश का पहला राज्य है जो किसानों की 24 फसलों की खरीद



एमएसपी पर कर रहा है। इसके अलावा किसान समृद्धि के लिए फसल खरीद पूरी तरह पारदर्शी हुई है और फसलों के दामों का सीधे किसानों के खाते में भुगतान किया जा रहा है। इसके साथ ही मेरी फसल, मेरा ब्यौरा जैसी योजनाओं से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही सरकार ने मण्डियों में किसानों के लिए सभी सुविधाएं देने का कार्य किया है ताकि हमारे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण व उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की है। हरियाणा सरकार ने हाल ही में लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को प्रत्येक महिला 2100 रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि हमारी महिलाएं आत्मनिर्भर बने। इसके अलावा महिलाओं को अनेक योजनाओं के माध्यम से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा हरियाणा की पंचायत प्रणाली में महिलाओं को 50 प्रतिशत की भागीदारी मिली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। आने वाला दशक भी हरियाणा के स्वर्णिम भविष्य का दशक होगा।

इस मौके पर जिला प्रभारी सतीश नांदल, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार कटारिया, प्रदेश मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी, जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, भाजपा वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, तरूण देवीदास, नंदकिशोर चौहान, आरती शर्मा तथा सोनिया मोर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। एक भारत श्रेष्ठ भारत का मंत्र देने वाले देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर प्रदेश में आयोजित होगी रन फॉर यूनिटी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि 562 रियासतों को तोड़कर देश को एक धागे में पिरोने वाले और एक भारत श्रेष्ठ भारत का मंत्र देने वाले देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। 31 अक्टूबर को उनकी जयंती के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में रन फॉर यूनिटी का आयोजन कर प्रदेशवासियों को एकता व अखंडता का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज वल्लभ भाई पटेल की सोच को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने धारा-370 को हटाया, जिससे जम्मू कश्मीर के विकास को रफ्तार मिली। आज सरकार द्वारा वहां के युवाओं के हाथों में रोजगार प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है।

प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जंयती के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में 06 नवंबर से 25 नवंबर तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रत्येक लोकसभा में तीन दिन रहेगी और रोजाना 10 किलोमीटर तक यह पैदल यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रत्येक दो किलोमीटर पर सभाएं आयोजित होगी। इस यात्रा में हरियाणा में भाजपा के 05 लोकसभा सांसद व राज्यसभा सांसद मौजूद रहें जो भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इसके अलावा इस यात्रा में सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### 26 नवंबर से 06 दिसंबर तक गुजरात के केवडियों तक निकाली जाएगी यात्राएं

प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि इसी क्रम में 26 नवंबर से 06 दिसंबर तक गुजरात के केवडिया गुजरात तक यात्राएं निकाली जाएंगी, ये यात्राएं केवडिया में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर खत्म होंगी। देश में यह चार यात्राएं होगी जो दिल्ली, जयपुर, मुम्बई तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म स्थान से शुरू होगी। इस यात्रा में प्रत्येक जिला से तीन भाजपा युवा कार्यकर्ता तथा 02 युवा समाजसेवी भाग लेंगे।

## विधायक कादियान ने 185.03 लाख की सड़क का किया शिलान्यास

# पबनेरा से उमेदगढ़ तक होगा निर्माण

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। गन्नौर क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने शुक्रवार को 185.03 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। यह सड़क जीटी रोड से पबनेरा वाया पिपली खेड़ा, रामनगर, उमेदगढ़ गांव तक बनाई जाएगी। इस सड़क का निर्माण एससीएसपी योजना के तहत किया जाएगा और इसे 120 दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सड़क बनने से इन गांवों के लोगों और राहगीरों को आवाजाही में राहत मिलेगी। शिलान्यास समारोह के दौरान ग्रामीणों ने विधायक कादियान का फूलमाला से स्वागत किया और सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने पर आभार जताया।

विधायक कादियान ने कहा, यह सड़क काफी समय से ग्रामीणों की एक बड़ी मांग रही है। आज हम केवल एक विकास कार्य का शिलान्यास नहीं कर रहे, बल्कि उस भरोसे की नींव रख रहे है जो जनता ने मुझ पर जताया है। उन्होंने कहा कि गन्नौर हलका मेरा परिवार है। इस परिवार के हर गांव, हर गली तक विकास की रोशनी पहुंचाना मेरा संकल्प है। लोगों ने जो जिम्मेदारी दी है, मैं उसे सेवा समझकर निभा रहा हूं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए है कि सड़क निर्माण में कोई लापरवाही न हो और यह सड़क 120 दिनों के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो। इस अवसर पर एसडीओ अनिल चहल, जेई नवनीत, मनोज कुमार, उमेदगढ सरपंच टिंकू सरपंच, सनपेड़ा सरपंच प्रमोद ढाका, अमित ब्लॉक समिति मेंबर, धर्मपाल, प्रताप सेक्टरी, हरिकिशन, सुरेंद्र, सतीश, ओमप्रकाश फौजी, ठेकेदार नवीन सहित अन्य मौजूद रहे।

## फ्लैट से बिजली का सामान चोरी, आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोनीपत।** जिले के थाना कुण्डली की पुलिस ने फ्लैट से बिजली का सामान चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किय है। गिरफ्तार आरोपी रणजीत पुत्र अरविन्द निवासी दरभंगा बिहार हाल कुण्डली जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 16 अक्टूबर को दीपक पुत्र पवन निवासी कोट मौहल्ला सोनीपत ने थाना कुण्डली मे शिकायत दी कि मेरा कुंडली में -820 है आज समय तकरीबन 8.30 बजे रंजीत पुत्र अरविंद निवासी दरभंगा, बिहार जो में रहते है जो रंजीत मेरे में बिजली की चोरी करता हुआ पाया गया है जो यहां पर बने हुए सभी में बिजली की तार व अन्य सामान चोरी किया जाता रहा है।

## जिला में कमेटी के सम्मुख अनुपस्थित पेंशन धारकों को दस्तावेजों की जांच का दिया एक ओर मौका

सोनीपत (अप्रस)। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशानुसार जिला में पेंशन धारकों के दस्तावेजों के जांच का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ अनुपस्थित पेंशनधारकों ने अभी तक कमेटी के समक्ष जाकर अपनी पेंशन की जांच को नहीं करवाया है। ऐसे सभी पेंशनधारकों को एक ओर मौका दिया जा रहा है। विभाग के द्वार अनुपस्थित पेंशन लाभार्थियों की सूचि सरपंच तथा ग्राम सचिवों को उपलब्ध करवा दी गई है। सरपंच व ग्राम सचिवों के माध्यम से उन सभी पेंशन लाभार्थियों को व्यक्तिगत तौर पर भी संपर्क किया जा रहा है। उपायुक्त ने जिला के सभी पेंशनधारकों से आह्वान किया की जिन पेंशन धारकों ने अभी तक अपनी पेंशन के दस्तावेजों की जांच नही करवाई है तो वह तुरंत सूची के अनुसार अपनी पेंशन की जांच करवाए। ताकि उनको भविष्य में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। सोनीपत नगर निगम क्षेत्र अंत्योदय भवन, एडीसी कार्यालय सोनीपत ब्लॉक बीडीपीओ कार्यालय सोनीपत मुलाना ब्लॉक बीडीपीओ कार्यालय सोनीपत कथूरा ब्लॉक बीडीपीओ कार्यालय कथूरा गोहाना ब्लॉक बीडीपीओ कार्यालय गोहाना गोहाना एमसी गोहाना एमसी कार्यालय खरखौदा ब्लॉक व एमसी एसडीएम कार्यालय खरखौदा राई ब्लॉक इत्यादि शामिल है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जंयती के अवसर पर 31 से 25 नवंबर तक आयोजित किए जाएगे यूनिटी मार्च : महीपाल ढांडा



शिक्षा मंत्री ने गोहना स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वर्ता को किया संबोधित

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हरियाणा सरकार में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने शुक्रवार को गोहाना स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 562 रियासतों को जोडकर देश को एक धागे में पिरोने वाले और एक भारत श्रेष्ठ भारत का मंत्र देने वाले देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। 31 अक्टूबर को उनकी जयंती के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में रन फॉर यूनिटी का आयोजन कर प्रदेशवासियों को एकता व अखंडता का संदेश दिया जाएगा। इस मौके पर पद यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सामाजिक संगठन के लोग, फौज के रिटायर्ड अधिकारी, खिलाड़ी, युवाओं में लोकप्रिय लोग, एनसीसी, एनएसएस के बच्चे भी शामिल होगे।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप अहलावत ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जंयती के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में 06 नवंबर से 25 नवंबर तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रत्येक लोकसभा में तीन दिन रहेगी और रोजाना 10 किलोमीटर तक यह पैदल यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रत्येक दो किलोमीटर पर सभाएं आयोजित होगी। इस यात्रा में हरियाणा में भाजपा के 05 लोकसभा सांसद व राज्यसभा सांसद मौजूद रहें जो भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इसके अलावा इस यात्रा में सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस मौके पर गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, प्रदीप सांगवान, डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, जितेन्द्र शर्मा व महेन्द्र चि?ाना उपस्थित रहे।

# वायु प्रदूषण नियंत्रण व जनस्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए जिलाधीश सुशील सारवान ने पटाखों पर लगाया प्रतिबंध

दिवाली के पहले दिन व दिवाली के दिन सुबह 06 से 07 बजे तथा शाम को 08 से 10 बजे तक ग्रीन पटाखों का कर सकेंगे प्रयोग

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। वायु प्रदूषण नियंत्रण व जनस्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए जिलाधीश सुशील सारवान ने दिवाली त्यौहार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिला में ग्रीन पटाखों (हरित पटाखे) को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण, ऑनलाइन बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जनस्वास्थ्य, पर्यावरण सुरक्षा और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप लिया गया है।

उपायुक्त ने जिलावासियों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे वायु प्रदूषण को कम करने में प्रशासन का सहयोग करें और ग्रीन दिवाली-स्वच्छ दिवाली मनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। क्योंकि बढ़ता वायु प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन या हृदय रोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न करता है।

जिलाधीश ने अपने आदेशों में बताया कि केवल राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (एनईईआरआई) द्वारा प्रमाणित और द्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से लाइसेंस प्राप्त ग्रीन पटाखों को सीमित अवधि व समय में प्रयोग किए जाने की अनुमति होगी।

उन्होंने बताया कि दिवाली के पहले दिन व दिवाली के दिन सुबह 06 बजे से 07 बजे तक और शाम 08 बजे से रात 10 बजे तक तक ग्रीन पटाखें प्रयोग करने की समयावधि निर्धारित की गई है। इसके अलावा ग्रीन पटाखों की बिक्री केवल 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक ही अधिकृत स्थलों पर की जा सकेगी।

जिलाधीश ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम (फ्लीपकार्ट, अमेजोन आदि) के जरिए किसी भी प्रकार के पटाखों की बिक्री, ऑर्डर या वितरण पूर्णत~ प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही एनसीआर क्षेत्र के बाहर से पटाखे लाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने अपने आदेशों में कहा कि पुलिस, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अग्निशमन विभाग, नगरपालिकाएं और सभी उपमंडल अधिकारी इन आदेशों की पालना करवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छापेमारी कर अवैध बिक्री या भंडारण पर तत्काल कार्रवाई करें और प्रतिदिन की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजें।

### आदेशों का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

जिलाधीश ने कहा कि आदेशों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति/व्यापारी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986, तथा विस्फोटक अधिनियम, 1884 के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** पिंकी पुत्री राम बहादुर निवासी मकान नंबर 65, सेक्टर 18-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम पिंकी से बदलकर दिविशा रख लिया है।
एपी-5125

I, hitherto known as Jagmohan S/o Jasbir Singh R/o Farsh Majra, Kaithal, Haryana -136027 have changed my name and shall hereafter be known as JAGMOHAN SINGH.
एपी-5126

**मैं,** कविता रानी पत्नी प्रवीण कुमार निवासी मकान नं 872, श्री राम मंदिर के पास, रुहल पट्टी, गुहणा जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम कविता रानी से बदलकर कविता देवी रखती हूं। भविष्य में मुझे कविता देवी के नाम से जाना जाए। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-5127

**मैं,** अलंकृति पुत्री नीरज गर्ग वासी मकान नं.2399, ग्राउंड फ्लोर सैक्टर-35-सी चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर अलंकृति गर्ग रखा है।

**मैं,** तमन्ना चौहान पत्नी साहिल कुमार वासी गांव पुजम जिला करनाल हरियाणा ने अपना नाम बदलकर तमन्ना से तमन्ना चौहान रखा है।

**मैं,** शैल्ली मधोक पत्नी मनिक कक्कड़ निवासी मकान नं. 25,एक्सटैनंसन, चमन गार्डन, करनाल ने अपना नाम शैल्ली से बदलकर शैल्ली मधोक रख लिया है।

**मैं,** अरुण Agarwal पुत्र राम निवास अग्रवाल वासी मकान नं 41 एन 2nd & 3rd फ्लोर मॉडल टाउन हिसार हरियाणा-125001. ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर अरुण Agarwal से अरुण कुमार Aggarwal रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

**मैं,** ललिता रानी पत्नी संजय कुमार गोयल वासी मकान नं 1611 अर्बन एस्टेट-2 हिसार हरियाणा -125001. ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर ललिता रानी से ललिता देवी गोयल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

**मैं,** मधु Shrama पत्नी रामफल शर्मा वासी मकान नं 1128 अर्बन एस्टेट-2 हिसार हरियाणा -125001. ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर मधु Shrama से मधु Sharma रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** हारुन राशिद पुत्र अरशद अली खान वासी बी-17/458, इनसाइड दिल्ली गेट मलेरकोटला पंजाब ने अपना नाम बदलकर हारुन राशिद खान रखा है।

**मैं,** इंडियन एयर फॉर्स सर्विस नं 649229T, रैंक SGT, मोहिंदर सिंह, पुत्र स्वर्गीय श्री जयमल सिंह, वासी मकान नं 1281 सेक्टर-6, करनाल, हरियाणा, ब्यान करता हूँ कि मेरी पत्नी का नाम मेरे सर्विस रिकॉर्ड में सरोज दर्ज है, लेकिन उनके अन्य दस्तावेज़ों के अनुसार उनका वास्तविक नाम सरोज महला है। सरोज और सरोज महला एक ही औरत हैं, जो कि मेरी पत्नी।
एपी-5128

I, No 2496766Y Hav Sajan Singh S/o Kashmir Singh Resident of Village Ahmadabad PO Talwandi Lal Singh Tehsil Batala Distt Gurdaspur Declare That In My Service Record My Son Name is Wrongly Written As Prabkirat Singh But His Correct Name is Prabhkirat Singh.
एपी-5129

**मैं,** सुमन पत्नी नरेश शर्मा निवासी गांव ध्यौंगला तहसील लाडवा जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम सुमन से बदलकर सुमन देवी रख लिया है।
एपी-5133

**मैं,** Karan पुत्र Shish Pal निवासी मकान नंबर 2226, मौली जागरण कॉम्पलेक्स, मौली जागरण, चंडीगढ़ ने अपना नाम Karan से बदलकर Karan Rajput रख लिया है।

**मैं,** साहिल पुत्र संजीव कुमार, मकान नंबर 93/19, विवेकानंद नगर, जीन्द, तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम साहिल से बदलकर साहिल कुमार रख लिया है।

I, Randeep Kaur, widow of Service No. 1079756P Rank LD Satvinder Singh, resident of Village Makha, Tehsil Kalanwali, District Sirsa (Haryana), hereby declare that my daughter's name has been wrongly recorded as Poonamjeet Kaur in the service records of my late husband. Her correct name is Poonam Sandhu as per all civil documents such as Matric Certificate, Aadhaar Card, Driving Licence and Family ID issued by the Government of Haryana. Therefore, it is declared that "Poonamjeet Kaur" and "Poonam Sandhu" are one and the same person.
एपी-5131

**मैं,** रोनी पुत्र राजपाल निवासी हरि नगर नरवाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि मेरे (आ.नं. 8029 6389258) आधार कार्ड पैन कार्ड में मेरा नाम रोनी है। जबकि मेरे लाइसेंस नं.HR3220130042858 में मेरा नाम राजेश कुमार लिखा हुआ है अब मैंने मेरा नाम राजेश कुमार से बदलकर रोनी रख लिया है भविष्य में मुझे रोनी नाम से ही जाना व पहचाना जाए।
एपी-5132

**मैं,** सुबे सिंह, पुत्र श्री माम चंद, निवासी गांव बदरपुर, तहसील लाहवा, जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम सुबा सिंह से बदलकर सुबे सिंह रख लिया है।
एपी-5133

**मैं,** बलविंन्द्र कौर पत्नी बलदेव सिंह निवासी मकान नम्बर 794, वार्ड नम्बर 22, प्रताप कालोनी, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा - 136118 ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना नाम बलविंन्द्र कौर (Balwinder Kaur) से बदलकर बलविंन्द्र कौर (Balvinder Kaur) रख लिया है।
एपी-5126

**मैं,** मेहर गिरधर पुत्र श्री सुशील गिरधर, निवासी मकान नंबर 150, गली नंबर 3, बाबा दीप सिंह नगर, ढांडरा रोड, बसंत एवेन्यू, लुधियाना, घोषणा करता हूं कि कुछ दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम सुशील गिरधर लिखा है, जबकि सभी उददेश्यों के लिए उनका सही नाम सुशील कुमार गिरधर है।
एपी-5136

**मैं,** राधा रानी, सैन्य संख्या-14882548M रैंक- नायक/एमटी नाम- हीरा लाल काछी की माँ हूँ जो वर्तमान में सर्विस एससी सेंटर नॉर्थ 56 एपीओ बैंगलोर 560007 में कार्यरत है स्थायी पता- ग्राम- भटोली, पोस्ट- बसारी, बसारी, पोस्ट- बसारी, जिला- सागर, मध्य प्रदेश- 470232 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम राधा रानी से बदलकर चाँद रानी काछी कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/01/1975 से बदलकर 01/01/1976 कर ली है। शपथ पत्र संख्या- P0Q2025J220, दिनांक- 17/10/2025

**मैं,** श्रीमती चारु लता सैन्य संख्या- 14268329एच रैंक- नायक (टीएस) नाम- प्रफुल्ल कुमार राणा (सेवानिवृत्त) की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं मेरा स्थायी पता- बेजुगुड़ा, पी.एस- खाती गुड़ा, तेहसील- तेंतुली खूंटी, जिला- नोबारंग पुर, राज्य- ओडिशा -764070 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम श्रीमती चारु लता से बदलकर श्रीमती चारुलता राणा कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219252, दिनांक- 17/10/2025

**मैं,** वरलक्ष्मी पी सैन्य संख्या- 14862784एम रैंक- सिपाही/एमटी नाम- कृष्णराज एम की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- # 1/55, पहली स्ट्रीट, वीटीसी- थलावेडु, डाकघर- थलावेडु, जिला- तिरुवल्लूर, राज्य- तमिलनाडु, पिन कोड- 631212 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम वरलक्ष्मी पी से बदलकर पी वरलक्ष्मी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219251, दिनांक- 17/10/2025

**मैं,** रणदेवी, सैन्य संख्या- JC 343773M रैंक- सूबेदार नाम- बद्रीश सिंह की माँ हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजिमेंट C/o 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- शिमला बायपास रोड, लक्ष्य विहार, गाँव- गणेशपुर, डाकघर- करबारी ग्रांट, जिला- देहरादून, राज्य- उत्तराखंड, पिन कोड- 248007 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम रणदेवी से बदलकर रण देई कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219254, दिनांक- 17/10/2025

**मैं,** समिता अशोक नायर पुत्री श्री बालकृष्ण सोमन उन्नीथन निवासी प्त1002, 10वीं मंजिल, टॉवर सी. हर्मिटेज पार्क, ढकोली, जिला एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम अनुष्का से बदलकर अनुष्का नायर कर दिया है।
एपी-5137

**मैं,** सोनू कुमार पुत्र फकीर चंद निवासी 299, गांव झांसा, तहसील इस्माइलाबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा -136130 ब्यान करता हूँ कि मैंने अपने नाबालिक पुत्र का नाम पियूष से बदलकर पियूष कुमार रख दिया है।
एपी-5126

**मैं,** पूजा मल्होत्रा पत्नी नितिन मल्होत्रा निवासी हाउस नम्बर E35 रेलवे रोड नीलोखेड़ी करनाल ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना नाम पूजा कटारिया से बदल कर पूजा मल्होत्रा रख लिया है। भविष्य में मुझे पूजा मल्होत्रा के नाम से जाना जाय।
एपी-5140

**मैं,** Purnendu Paria पुत्र Bhanu Paria निवासी मकान नंबर 504, सेक्टर 10-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम Punnu Phria से बदलकर Purnendu Paria रख लिया है।
एपी-5125

**मैं,** खुसीया देवी पुत्री सुभाष चंद गाँव थाना, तहसील पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर खुशी रख लिया है।
एपी-5141

## बेदखली सूचना

**मैं,** राम नारायण पुत्र श्री राम सुंदर, निवासी मकान नंबर 78-ए, स्मॉल फ्लैट्स, हाउसिंग बोर्ड कॉम्प्लेक्स, पार्ट-2, मौलीजागरां, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा कृष्णा मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। उसके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** राजेश कुमार पुत्र सुरजीत राम, निवासी मकान सं 2635-ए, गिल्को वेली एक्सटेंशन 5, सेक्टर 127, लांड्रा रोड खरड़, जिला एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा हर्ष, बेटी हर्षिता और मेरी पत्नी मोनिका मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

हम मुमताज अहमद पुत्र मोहम्मद यासीन और मुमताज बेगम पत्नी मुमताज अहमद निवासी मकान सं 150/1, स्मॉल फ्लैट मलोया, चंडीगढ़ सूचित करते हैं कि हमारा बेटा वसीम अहमद और उसका सारा परिवार हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इनके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-5125

**मैं,** शांति देवी पत्नी श्री ईश्वर सिंह निवासी मकान नंबर 584 जाटों मोहल्ला, करनाल बयान करती हूं कि मेरा पुत्र हरी राम व उसकी पत्नी नेहा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। वह अपने लेन-देन, अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।
एपी-5130

**मैं,** वेद सिंह पुत्र भल्लेराम निवासी गांव जागसी, तह- गोहाना, जिला सोनीपत अपने लड़के मंजीत व उसकी पत्नी सरिता और दूसरे लड़के दिनेश व उसकी पत्नी तन्नू को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं क्योंकि ये चारों। मेरे कहने सुनने से बाहर है। भविष्य में इनसे करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-5131

**मैं,** सत्तर पुत्र श्री नाथु निवासी गाँव ढालुवाल, तहसील व जिला पंचकूला (हरियाणा) ने अपनी पुत्री रेशमा से सभी पारिवारिक एवं सामाजिक संबंध समाप्त कर दिए हैं। उक्त रेशमा का मेरे परिवार या मेरी किसी चल-अचल संपत्ति से कोई लेना-देना नहीं रहेगा। भविष्य में जो भी इससे लेन-देन करेगा स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-5134

**मैं,** मोहम्मद अब्दुल पुत्र मोहम्मद अजीम मियां, निवासी मकान नं. 108ए, आशियाना कॉप्लेक्स, सैक्टर-20, पंचकूला हरियाणा-134116 का निवासी हूँ और घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र मोहम्मद इरफान व उसकी पत्नी सलेहा खातून मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बिल्कुल बाहर है इसलिए मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी सभी चल-अचल सम्पतियों से बेदखल करता हूँ। इन दोनों के साथ लेन-देन करने वाला कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम और लागत पर स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार का इनसे कोई लेना-देना नहीं होगा और उनके कृत्य के लिए हम जिम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-5137

**मैं,** सीता राम पुत्र श्री रामकुमार निवासी वाल्मीकी मोहल्ला, काकौत, तहसील व जिला कैथल ब्यान करता हूं कि मेरी पत्नी प्रियंका (आधार नं. 821241474564) मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में हम उसके किसी भी कार्य के जिम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-5139

**मैं,** गुरमीत बेगम पत्नी छोटा खान निवासी गाँव कल्लर भैनी, जिला पटियाला, पंजाब ब्यान करती हैं कि मेरा पुत्र राजवंत खान और उसकी पत्नी आसमा बेगम मेरे और मेरे परिवार के नियंत्रण से बाहर हैं। मैं, इन दोनों को अपनी चल और अचल सम्पति से बेदखल करती हैं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-5138

## बेदखली वापसी

**मैं,** मोनिया सिंह पत्नी जतिंदर सिंह, निवासी मकान नंबर 77, सेक्टर 8-ए, चंडीगढ़, यह सूचित करती हूं कि मैंने अपने पुत्र तनवीर प्रताप सिंह तथा पुत्रवधू मनवीन कौर को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल किया था। अब दोनों मेरे कहने सुनने में हैं और मेरा आदर सम्मान करते हैं। इसलिए, मैं इनकी बेदखली को वापिस लेती हूं। भविष्य में इनका मेरी सभी चल और अचल संपत्तियों पर सम्पूर्ण अधिकार होगा।
एपी-5125

**मैं,** रघबीर पुत्र टेक राम, गांव कुचराणा खुर्द तहसील अलेवा जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने दिनांक 14 मई 2024 को मेरे पुत्र मौसम को अर्थप्रकाश अखबार के माध्यम से बेदखल किया था। अब वह मेरा कहना सुनना मानता है। इसलिए वह मेरी चल अचल संपत्ति में हिस्सेदार होगा। भविष्य में इसके द्वारा किए गए सभी प्रकार के कार्यों की हर प्रकार की जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी।
एपी-5135

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।




# विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर चंडीगढ़ प्रशासन सक्रिय

**सभी विभागों को पहचान दस्तावेज़ साझा करने के निर्देश**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर चंडीगढ़ प्रशासन हरकत में आ गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, स्वप्निल एम. नाइक की अध्यक्षता में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यू.टी. प्रशासन के विभिन्न विभागों सहित सीबीएसई, एलआईसी, डाक विभाग, पासपोर्ट कार्यालय और लेखा महानियंत्रक कार्यालय के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार अरोड़ा ने बैठक की शुरुआत करते हुए बताया कि चंडीगढ़ में पिछला विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2002 में आयोजित किया गया था। नया पुनरीक्षण कभी भी शुरू हो सकता है, जिसके लिए अभी से तैयारी आवश्यक है।

बैठक में सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि वे अपने द्वारा जारी किए गए पहचान पत्रों, प्रमाणपत्रों और दस्तावेज़ों का विवरण, तथा उनसे संबंधित अभिलेखों की उपलब्धता की जानकारी साझा करें। इसका उद्देश्य पुनरीक्षण प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराना है।

### बीएलओ नियुक्ति के लिए मांगी गई कर्मचारियों की सूची

भारत निर्वाचन आयोग के 5 जून 2025 के दिशा-निर्देशों के अनुसार, मतदान केंद्र स्तर अधिकारियों (बीएल ओ) की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू की जानी है। इसके लिए सभी विभागों से कहा गया है कि वे अपने स्टाफ की सूची उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बीएलओ या पुनरीक्षण प्रक्रिया में अतिरिक्त जनशक्ति के रूप में तैनात किया जा सके।

### मतदाता जागरूकता पर भी रहेगा विशेष ज़ोर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम को पुनः सक्रिय करें। इसके साथ ही, मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करने को कहा गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन विभागों ने अब तक नोडल अधिकारी नियुक्त नहीं किए हैं, वे जल्द से जल्द यह कार्य पूरा करें।

### सोशल मीडिया से करेंगे फेक न्यूज़ का मुकाबला

फेक न्यूज़ और गलत सूचनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे मुख्य निर्वाचन अधिकारी, यू.टी. चंडीगढ़ के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें और अपने कर्मचारियों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी सत्यापित जानकारी को जन-जन तक पहुँचाया जा सकेगा।

# मुख्य सचिव ने की चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की कार्यप्रणाली की समीक्षा

**नवाचार और जवाबदेही पर दिया जोर**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**मॉडल सोलर सिटी की दिशा में कदम:** चंडीगढ़ को एक मॉडल सोलर सिटी बनाने की दिशा में भी ठोस पहल की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य सचिव ने सीएचबी को निर्देश दिया कि वह सीएचबी फ्लैट्स की छतों पर सौर पैनल लगाने की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करे। यह पहल क्रेस्ट (चंडीगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी एंड साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन सोसायटी) के सहयोग से की जाएगी, जिससे न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित होगा।

**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने शुक्रवार को चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) की कार्यप्रणाली की एक विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बोर्ड की प्रशासनिक दक्षता, लंबित बकाया वसूली, स्वीकृत पदों की स्थिति और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने बोर्ड की भूमिका को 'शहर के समग्र विकास में एक मजबूत स्तंभ' बताते हुए निर्देश दिया कि सीएचबी को अपने कार्यों और उपलब्धियों का एक व्यापक खाका तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ की बदलती शहरी आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचारी और व्यावहारिक आवास योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस योजना के तहत अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुँच बनाने के लिए बैंकों के सहयोग से जनजागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि पात्र नागरिक योजना का लाभ उठा सकें। बैठक में दीप्रवा लकड़ा, (वित्त सचिव, यूटी चंडीगढ़), प्रदीप कुमार, (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सीएचबी) सहित चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




# सिटको होटलों में डिजिटल बुकिंग की नई शुरुआत



**चंडीगढ़ में सेंट्रल रिज़र्वेशन सिस्टम (सीआरएस) का शुभारंभ**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** चंडीगढ़ पर्यटन निगम (सिटको) ने अपने तीन प्रमुख होटलों – होटल माउंटव्यू, होटल शिवालिकव्यू और होटल पार्कव्यू – के लिए सेंट्रल रिज़र्वेशन सिस्टम (सीआरएस) का सफलतापूर्वक शुभारंभ कर दिया है। इस नई प्रणाली से अब होटलों की बुकिंग एक ही प्लेटफॉर्म से की जा सकेगी, जिससे पर्यटकों को अधिक पारदर्शिता और सुविधा मिलेगी।

शुक्रवार को होटल शिवालिकव्यू में आयोजित एक भव्य समारोह में इस प्रणाली का उद्घाटन चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, द्वारा किया गया। इस मौके पर सिटको के चेयरमैन स्वप्निल एम. नाइक, प्रबंध निदेशक हरि कल्लिक्कट तथा मुख्य महाप्रबंधक पवित्र सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**अब एक क्लिक में होटल बुकिंग संभव:** सीआरएस के माध्यम से अब सिटको की वेबसाइट, टोल-फ्री नंबर और प्रमुख ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों से होने वाली सभी बुकिंग्स को एकीकृत रूप से प्रबंधित किया जाएगा। यह प्रणाली कमरे की उपलब्धता की वास्तविक समय में जानकारी उपलब्ध कराएगी और मानवीय त्रुटियों की संभावना को काफी हद तक कम करेगी।

सिटको ने होटल शिवालिकव्यू में एक आधुनिक सीआरएस केंद्र भी स्थापित किया है, जो एक समय में 30 कॉल्स संभालने में सक्षम है। फिलहाल यह केंद्र सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 24×7 किया जाएगा।

**प्रौद्योगिकी की ओर एक बड़ा कदम:** इस अवसर पर सिटको के प्रबंध निदेशक हरि कल्लिक्कट ने कहा, ÷सीआरएस का शुभारंभ हमारे आधुनिकीकरण के प्रयासों और ग्राहक सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह प्रणाली न केवल हमारी कार्यप्रणाली को अधिक कुशल बनाएगी, बल्कि ग्राहकों के लिए बुकिंग प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाएगी।÷

इस नई प्रणाली से न सिर्फ प्रशासनिक प्रक्रियाएं तेज होंगी, बल्कि पर्यटकों को भी एक बेहतर और सहज अनुभव मिलेगा। सीआईटीसीओ इसे अपने आतिथ्य नेटवर्क में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मान रहा है।












# धनतेरस पर धन्वंतरि पूजा से होती है आरोग्य की प्राप्ति

हिन्दू धर्म में दीवाली पर्व की शुरुआत धनतेरस से होती है। धनतेरस का त्योहार हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदयशी तिथि को मनाते हैं। धनतेरस को प्रदोष काल में माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा की जाती है। इस दिन सोना, चांदी, बर्तन और नई वस्तुएं खरीदना बहुत शुभ होता है तो आइए हम आपको धनतेरस पर्व का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं।

पंचदिवसीय त्योहार दीवाली जल्द ही शुरू होने वाला है, जिसका आरंभ धनतेरस से होता है। वहीं, भाई दूज के साथ इसका समापन होता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर देवता की विधि-विधान से पूजा की जाती है। धनतेरस के दिन खरीदारी करने का भी विशेष महत्व होता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा करने से अरोग्य की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

**धनतेरस का शुभ मुहूर्त:** पंडितों के अनुसार 18 अक्टूबर, शनिवार के दिन त्रयोदशी तिथि का आरंभ दोपहर में 12 बजकर 20 मिनट से होगा। वहीं, 19 अक्टूबर, रविवार को दोपहर के 1 बजकर 52 मिनट पर त्रयोदशी तिथि समाप्त होगी। शास्त्रों के अनुसार, जिस दिन प्रदोष काल में कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि लगती है। उसी दिन धनतेरस का त्योहार मनाने की परंपरा है। ऐसे में 18 अक्टूबर के दिन यह त्योहार मनाया जाएगा। वहीं, 19 अक्टूबर को भी त्रयोदशी तिथि व्याप्त हो रही है। ऐसे में जो लोग 18 तारीख को खरीदारी न कर पाएं वे 19 तारीख को दोपहर के 1 बजकर 52 मिनट पर भी खरीदारी कर सकते हैं। यानी इस बार आप धनतेरस 18 और 19 अक्टूबर दो दिन मना सकते हैं।

**धनतेरस का महत्व है खास:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि के दिन समुद्र मंथन के वक्त धन्वंतरिजी अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसी के चलते इस तारीख को धनतेरस या धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। इसी कारण इस तिथि पर बर्तन खरीदने की परंपरा चली आ रही है। शास्त्रों के अनुसार, भगवान धन्वंतरि विष्णुजी के अंशावतार हैं। ऐसे में धनतेरस के दिन धन्वंतरि भगवान, विष्णुजी, माता लक्ष्मी, कुबेर देवता और यमराज की पूजा करने का महत्व होता है। धनतेरस के दिन बर्तन, चांदी, सोना, झाडू आदि खरीदना बेहद शुभ माना गया है। इस दिन खरीदारी करने से धन में 13 गुना वृद्धि हो सकती है।

**धनतेरस पर इन मंत्रों से करें पूजा, होगा लाभ**

1. ऊँ धन्वतराये नमः।।
2. ऊँ नमो भगवते महासुदर्शनाय वासुदेवाय धन्वंतराये।
3. अमृतकलश हस्ताय सर्व भयविनाशाय सर्व रोगनिवारणाय त्रिलोकपथाय त्रिलोकनाथाय श्री महाविष्णुस्वरूप
4. श्री धनवंतरी स्वरूप श्री श्री श्री औषधचक्र नारायणाय नमः॥



धनतेरस पर ऐसे करें पूजा , होंगे लाभन्वित

पंडितों के अनुसार धनतेरस का त्योहार खास होता है इसलिए इस दिन घर में विशेष पूजा करें, इसके लिए घर और पूजा स्थल को अच्छी तरह साफ करें। घर में रंगोली बनाएं और दीपक जलाएं। पूजा स्थान पर भगवान धन्वंतरि, देवी लक्ष्मी, भगवान कुबेर और गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करें। हाथ में जल लेकर पूजा का संकल्प लें। सबसे पहले गणेश जी का पूजन करें। फिर देवी लक्ष्मी, कुबेर जी और धन्वंतरि जी को फल, फूल, मिठाई, हल्दी, कुमकुम और अक्षत अर्पित करें। इस दिन खरीदी गई नई वस्तु को भी पूजा में रखें और उनकी पूजा करें। अंत में आरती करके शंखनाद करें। शाम के समय घर के मुख्य द्वार पर, दक्षिण दिशा की ओर मुख करके, सरसों के तेल का चार मुख वाला यम दीपक जलाएं। अपने घर के कोने-कोने को रोशन करें।

**धनतेरस पर खरीदें ये सामान, मिलेगा लाभ**

धनतेरस पर झाड़ू खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। झाड़ू को मां लक्ष्मी का प्रतीक कहा गया है, क्योंकि यह घर की नकारात्मकता और दरिद्रता को दूर करती है, इस दिन नई झाड़ू लाने से घर में शुद्धता, समृद्धि और शांति बनी रहती है।

धनतेरस के दिन लक्ष्मी चरण घर में लाना बहुत ही शुभ होता है। पंडितों के अनुसार लक्ष्मी चरण घर में आने से पैसों की कमी नहीं रहती और मां लक्ष्मी का स्थायी वास होता है।

धनतेरस पर मिट्टी की बनी लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा खरीदना अत्यंत मंगलकारी माना गया है, यह प्रतिमाएं घर में सुख-समृद्धि का वास करती और दीवाली पूजा में इनकी स्थापना से सभी बाधाएं दूर होती हैं।

धनतेरस पर साबुत धनिया खरीदना भी शुभ माना गया है। चाहें तो आप मात्र 5 रुपये का धनिया बीज भी ला सकते हैं। शास्त्रों के अनुसार इसे पूजा घर में रखने से आर्थिक तंगी दूर होती है। दीवाली की पूजा के दिन इन बीजों को मां लक्ष्मी को चढ़ाने से धन वृद्धि के योग बनते हैं।

धनतेरस पर धातु खरीदने की परंपरा है, लेकिन लोहे से बनी वस्तुएं खरीदना अशुभ माना जाता है। स्टील भी लोहे का ही एक रूप है, इसलिए स्टील के बर्तन या अन्य सामान खरीदने से भी बचना चाहिए। पंडितों के अनुसार लोहा शनि का कारक होता है, और धनतेरस के दिन इसकी खरीदारी से जीवन में अशुभता आती है।

कांच का संबंध राहु ग्रह से माना जाता है, इसलिए धनतेरस के शुभ दिन पर शीशे से बनी कोई भी वस्तु नहीं खरीदनी चाहिए। शीशा अस्थिरता का भी प्रतीक है। इसलिए इस मौके पर कांच के बर्तन, आईने या सजावटी सामान खरीदने से बचें, क्योंकि यह घर में नकारात्मक ऊर्जा ला सकता है।

7. इस शुभ दिन पर चाकू, कैंची, पिन, सुई या किसी भी प्रकार की धारदार या नुकीली चीजें खरीदना अशुभ माना जाता है। पंडितों के अनुसार नुकीली वस्तुएं घर में दुर्भाग्य और नकारात्मकता को बढ़ाती हैं, और ये समृद्धि के प्रवाह को काट देती हैं।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सहित कई दिग्गज मेयर राजीव जैन की माता के निधन पर शोक जताने पहुंचे



**हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सहित कई दिग्गज नेताओं ने शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नगर निगम सोनीपत के मेयर राजीव जैन की माता शकुंतला देवी जैन के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मनोहर लाल सोनीपत के इंदिरा कॉलोनी स्थित मेयर राजीव जैन के पैतृक निवास पर पहुंचे और माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माता शकुंतला देवी जैन के जाने से केवल परिवार को ही क्षति नहीं हुई है बल्कि उनके निधन से समाज ने एक साहसी धार्मिक प्रेरणा स्वरूपा देवी को खो दिया है।

नगर निगम के मेयर राजीव जैन की माता शकुंतला देवी जैन का 89 वर्ष की आयु में वीरवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। कल से ही माताजी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों का तांता लगा हुआ है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बरूौली, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, चेयरमैन राजकुमार, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमल दिवान, जितेंद्र मलिक व धर्मपाल मलिक, उपायुक्त सुशील सारवान, ए. मोना श्रीनिवास, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, प्रदीप सांगवान, अशोक भारद्वाज, कमल यादव, रवि कुमार, राजकुमार सहित अनेकों पार्षद, सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व भारी संख्या में शहरवासियों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

परिवार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार स्वर्गीय शकुंतला देवी की रस्म पगड़ी आगामी 19 अक्टूबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक मुरथल रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में होगी।

# इंसान तू अपने कदम इस ओर बढ़ा

खरा सौदा जिसको कह रहे हैं, वो इस सच, इस नाम की दौलत के साथ जुड़ा हुआ है, इस रमे हुए राम के साथ जुड़ा हुआ है, हरि की प्राप्ति के साथ जुड़ा हुआ है, वो सौदा किया, वो सच्चा सौदा है, वो खरा सौदा है। कह रहे हैं कि-

फरीदा कोठे मंडप माड़ीआ उसारेदे भी गए।
कूड़ा सउदा करि गए गोरी आइ पए।
और
नाम बिना जो पहिरै खाई। जिउ कूकरु झूठन मुख पाई।
नाम बिना जेता बिउहारु। जिउ मिरतक मिथिआ सिंगारु।

कि इस हरि के बगैर, नाम बिना तू जो पहनता है, खाता है, तो कहते हैं कि वो भोजन तू सोचता है कि छत्तीस पदार्थ हैं, वो बहुत कीमती लिबास है जो तूने पहन रखे हैं। कहते हैं कि वो कूड़ ही है, उसका कोई महत्व नहीं है। महापुरुष कह रहे हैं कि ये तो ऐसे है जैसे कुत्ता जूठन में अपना मुख डाल रहा है। इधर कूड़े के डिब्बे में, वो कूड़े के अन्दर ही मुख डालता रहता है।

श्रृंगार से जीवित सुशोभित होता है लेकिन मृतक को क्या तुम सुन्दर लिबास पहनाओगे? उसकी क्या महत्ता रह जाती है? कहते हैं कि वो मृतक का श्रृंगार के समान है, अगर इस नाम के बगैर, इस हरि के बगैर, यानि कि सब कुछ वो सही मायनों में हमारे लिए सुखद बनता है, आनन्ददायक बनता है अगर हमारा नाता इस प्रभु से जुड़ा होता है। हमारी अवस्था उस प्रकार की बन जाती है तो फिर किसी भी हालात से हम गुज़रं हम आनन्द की महसूसियत करते हैं। इन्सान तू अपने कदम इस ओर बढ़ा। तू ये नाता इस हरि परमात्मा से जोड़ ले, यही साधन है जीवन में आनन्द लाने के लिए। यही जरिया है जिसके कारण तुम्हारे मन को निर्मलता प्राप्त होगी। तुम्हारी भावनाओं को उततमता प्राप्त होगी और उसी अनुसार जब तुम्हारी चाल बन जायेगी, तो तुम शोभा के भी पात्र बनोगे। केवल आनन्द के पात्रा नहीं बनोगे, फिर शोभायमान होगा तुम्हारा जीवन। इससे हटकर चाहे राजा-महाराजा क्यों न हो जाओ, तुम्हें वो रुतबा नहीं हासिल होगा जो कि उनको प्राप्त हुआ जिन्होंने इस हरि को सामने रखा, जिन्होंने इसके रंग में रंगकर सफर को तय किया, जिन्होंने इस संसार में विचरण किया उन सुन्दर भावनाआं से युक्त होकर। तो ऐसी ऊंचाई, ऐसा आनन्द उन्हीं के हिस्से में आया है।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

# सत्संगति मनुष्य में करती है आशा का संचार: मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ़।** सत्संगति मनुष्य को नैतिक, आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाकर कठिन परिस्थितियों में आशा और सकारात्मकता का संचार करती है, जिससे व्यक्ति को मुश्किलों का सामना करने की शक्ति मिलती है और वह अपने जीवन को सार्थक दिशा में ले जा पाता है। सत्संगति कठिन परिस्थितियों में भी मनुष्य में आशा का संचार करती है। दूसरी ओर कुसंगति मनुष्य को पतन की ओर धकेल देती है। जैसे काजल की कोठरी में जाने पर काला धब्बा तो लगेगा ही, कुसंगति से मनुष्य में दुराचार, स्वार्थ और दूसरी बुरी आदतें पैदा होती है।वर्तमान में माता-पिता उच्च शिक्षा संस्थानों में अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए भेजते हैं, लेकिन उनके संस्कारों की तरफ कभी ध्यान नहीं देते हैं। आज कल माता-पिता में भी यह कमी है कि वो अपने बच्चों की पढ़ाई का तो पूरा ख्याल रखते हैं लेकिन बच्चों में संस्कारों के प्रति उनमें कोई गंभीरता नहीं दिखाई देती। मुनिश्री ने कहा कि शिक्षा होनी चाहिए, लेकिन ध्यान रखो, वही शिक्षा सार्थक है जिसके साथ संस्कार है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा आज अच्छे-अच्छे लोग बिगड़ जाते हैं। शिक्षित लोगों में कई तरह के दुर्व्यसनों की प्रवृतियां बढ़ गई हैं। इसके पीछे भी आज के शिक्षण संस्थानों की सबसे अधिक जवाबदेह है। स्कूल तक की लाइफ अलग होती है बड़ा अनुशासन होता है, लेकिन स्कूल के बाद बच्चे जैसे ही कॉलेज में जाते हैं उनके पास पूर्ण उन्मुक्तता और आजादी आ जाती है। वहीं उनके जीवन में शिथिलता आने लगता है। सच्चे और अच्छे विचारों तथा आचरण वाले लोगों का साथ हमें सन्मार्ग की ओर जाने के लिए प्रेरित करता है। अच्छी संगति व्यक्ति को उच्च सामाजिक स्तर प्रदान करती है। साथ ही विकास के लिए सही मार्ग चुनने की प्रेरणा देती है। अच्छे लोगों की संगति बड़ी-से-बड़ी कठिनाइयों का सफलतापूर्वक सामना करने की शक्ति प्रदान करती है और सबसे बढ?र व्यक्ति को स्वाभिमान प्रदान करती है। अच्छी संगति मिलने पर बुरे से बुरा कर्म करने वाला भी अच्छाई की ओर बढने लगता है। इतिहास में ऐसे अनेक संत महात्मा हुए हैं जिनकी संगति में आकर बड़े-बड़े डाकुओं ने भी हत्या और पाप का कार्य छोड़ सदाचार के मार्ग को अपनाया है। ऋषि वाल्मीकि संतों के प्रभाव में आकर ही एक डाकू से विख्यात संत बन गए। मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया सत्संगति आत्म संस्कार का महत्वपूर्ण साधन है। वह बुद्धि की जड़ता को हरती है। वाणी में सच्चाई लाती है। सम्मान और उन्नति का विस्तार करती है तथा कीर्ति का चारों दिशाओं में विस्तार करती है। कांच भी सोने के आभूषण में जड़े जाने पर मणि की शोभा प्राप्त कर लेता है। इसी प्रकार सत्संगति व्यक्ति को अज्ञान से ज्ञान की ओर, असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर, जड़ से चैतन्य की ओर और अविद्या से विद्या की ओर ले जाती है। इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण भरे पड़े हैं कि जब संगति के प्रभाव से व्यक्ति का जीवन ही बदल गया। डाकू भी अच्छी संगति के प्रभाव से ऋषि बन गये।

## पंचांग

शनिवार, 18 अक्तूबर, 2025, सूर्योदयः 06:24 ए एम, सूर्यास्तः 05:48 पी एम, चन्द्रोदयः 04:19 ए एम, अक्टूबर 19, चन्द्रास्तः 04:06 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आश्विन, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः द्वादशी - 12:18 पी एम तक, नक्षत्रः पूर्वाफाल्गुनी - 03:41 पी एम तक, योगः ब्रह्म - 01:48 ए एम, अक्टूबर 19 तक, करणः तैतिल - 12:18 पी एम तक, द्वितीय करणः गर - 01:02 ए एम, अक्टूबर 19 तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः सिंह - 10:11 पी एम तक, राहुकालः 09:15 ए एम से 10:40 ए एम, गुलिक कालः 06:24 ए एम से 07:49 ए एम, यमगण्डः 01:32 पी एम से 02:57 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:43 ए एम से 12:29 पी एम, दुर्मुहूर्तः 06:24 ए एम से 07:09 ए एम, दुर्मुहूर्तः 07:09 ए एम से 07:55 ए एम, अमृत कालः 08:50 ए एम से 10:33 ए एम, वर्ज्यः 11:32 पी एम से 01:16 ए एम, अक्टूबर 19

## भविष्य फल



**मेषः** सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन शुभ है।

**वृषः** कुदरत ने आपको आत्मविश्वास और ते? दिमा? से नवा?ा है इसलिए इनका भरपूर इस्तेमाल कीजिए।

**मिथुनः** विद्यार्थी, कलाकार और खिलाड़ियों के लिए आज का दिन अच्छा है। पिता तथा सरकार की ओर से लाभ होगा।

**कर्कः** आज आय की तुलना में व्यय की मात्रा अधिक रहेगी। आज आप जो भी कार्य कर रहे है उसे पॉजिटिवीटि के साथ करें।

**सिंहः** आज के दिन आराम करना जरूरी साबित होगा, क्योंकि आप हाल के दिनों में भारी मानसिक दबाव से गुजरे हैं।

**कन्याः** आज आपकी बौद्धिक क्षमताएँ आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी।

**तुलाः** आज आप खुद को ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। इसी ऊर्जा के साथ आज आप घर के कामों में परिवारवालों का पूरा सहयोग करेंगे।

**वृश्चिकः** भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें।

**धनुः** आज आप काल्पनिक दुनिया में ही दिन व्यतीत करेंगे। परिवारजनों और मित्रों के साथ खान-पान का आयोजन होगा।

**मकरः** आज ऑफिस के काम से विदेश यात्रा करना पड़ सकता है। यात्रा आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

कुंभः जल्दी ही बीमारी से उबरने की संभावना है। दूसरों को प्रभावित करने के लिए जरूरत से ज्यादा खर्चा न करें।

**मीनः** मिली जुली भावनाएं आज आपको दुखी रखेगी। अपने मूड पर काबू रखते हुए खुश रहने की कोशिश करें।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 ने 276 करोड़ ग्राहक विज़िट्स के साथ तोड़े सभी रिकॉर्ड

चंडीगढ़। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 ने भारत में त्योहारों के दौरान खरीदारी और जश्न मनाने के तरीके को बदल दिया है। इस वर्ष, अमेजन इंडिया ने 276 करोड़ से अधिक ग्राहक विज़िट्स दर्ज कीं, जिनमें से 70 प्रतिशत टियर 2 और 3 शहरों से थीं। सौरभ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष, अमेजन इंडिया, ने कहा, ग्राहकों ने स्मार्टफोन और स्मार्ट टीवी से लेकर साड़ियों, त्योहारी सजावट, ब्यूटी प्रोडक्ट्स और रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुओं तक की खरीदारी की। इस 30-दिवसीय समारोह में केवल पाँच दिन शेष रहते हुए, अमेजन इंडिया ने आज सभी मापदंडों पर अभूतपूर्व भागीदारी की घोषणा की- ग्राहक विज़िट्स सर्वाधिक स्तर पर पहुँचीं, जिससे विभिन्न श्रेणियों में सैकड़ों करोड़ रुपये के जीएसटी लाभ संभव हुए। इसके अलावा, इस साल पूरे देश में सबसे अधिक संख्या में विक्रेता बिक्री के लिए पंजीकृत हुए, जिनमें कांगड़ा, हरिद्वार, मुजफ्फरपुर, जामनगर, दार्जिलिंग, शिमोगा और सेलम जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। पूरे अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान, प्राइम सदस्य विशेष ऑफ़र, डील्स और अमेजन की सबसे तेज डिलीवरी सेवाओं का लाभ उठा सके।

# पीएनबी मेटलाइफ और पॉलिसीबाज़ार ने पेंशन कंजम्पशन फंड लॉन्च किया

**शिमला।** पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पॉलिसीबाज़ार के सहयोग से अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान के अंतर्गत पेंशन कंजम्पशन फंड की घोषणा की है। यह फंड नई फंड ऑफर अवधि के दौरान प्रति यूनिट 10 की प्रारंभिक कीमत पर उपलब्ध होगा। यह एनएफओ 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा और यूनिट्स का आवंटन 31 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। पेंशन कंजम्पशन फंड का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सुनहरे वर्षों में आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना है। यह फंड उन कंपनियों में निवेश पर केंद्रित है जो भारत की बढ़ती घरेलू खपत से लाभान्वित होती हैं। समीर बंसल प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीएनबी मेटलाइफ ने कहा,सेवानिवृत्ति की योजना बनाना हमारे ग्राहकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय निर्णयों में से एक है।पेंशन कंजम्पशन फंड उन्हें भारत की विकास यात्रा में निवेश कर दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण और इक्विटी आधारित अवसरों का लाभ उठाने में मदद करेगा। सर्बवीर सिंह संयुक्त समूह सीईओ पीबी फिनटेक ने कहा आज रिटायरमेंट प्लानिंग केवल बचत नहीं बल्कि रणनीतिक निवेश है जो जीवनशैली को लंबे समय तक बनाए रख सके। पेंशन कंजम्पशन फंड भारत की जीवंत खपत क्षमता को दर्शाता है और निवेशकों को अनुशासित, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के माध्यम से उनकी सेवानिवृत्ति पूंजी बढ़ाने में मदद करता है।

# भाजपा सरकार की प्राथमिकता गरीब व किसान का बना रहे स्वाभिमान: महिपाल ढ़ाडा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढ़ाड़ा ने अपने संबोधन मे कहा कि हरियाणा भाजपा सरकार के नेतृत्व में तीन गुणा की रफतार से तरक्की की ओर अग्रसर है। हम सभी का सकंल्प है, कि हरियाणा को 2047 तक विकसीत हरियाणा बनाने का लक्ष्य को साकार करना है। हम सभी प्रदेशवासियोंको देश की तरक्की में अपना योगदान निभाना है। तीसरी बार की भाजपा सरकार के संकल्प पत्र के 217 सकंल्प में से एक वर्ष तक मौजूदा सरकार ने 46 संकल्प पूरे कर लिए है व अन्य पर तेज गति से कार्य चल रहा है।

तीसरी बार की भाजपा सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर जिला परिषद हॉल सोनीपत में जन विश्वास-जन विकास समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढ़ाड़ा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करी। समारोह में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने भी शिरकत करी। इस दौरान मुख्यअतिथि के द्वारा जिला के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत ड्रा के माध्यम से निकले प्लाटों का आबंटन किया गया। इस दौरान 13 ग्राम पंचायतों के 630 लाभार्थियों को प्लाट आबंटन किया गया। समरोह के दौरान शिक्षा मंत्री व प्रदेशाध्यक्ष ने एक साल घणा कमाल 11 साल, तरक्की बेमिसाल पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। जिसमें मौजूदा सरकार के द्वारा एक साल में किए गए कार्य का दर्शाया गया। इस मौके पर संकल्प से सिद्धी पत्र का भी विमोचन किया गया। जिसमें मौजूदा सरकार की 46 संकल्प सिद्धी जो एक वर्ष में सरकार ने हासिल की है। उन सभी को भी दर्शाया गया है।



शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सभी देश वासियों को बैकों से जोड़ कर बहुत ही उल्लेखनीय कार्य किया है। कांग्रेस की सरकार के समय दिए गए पैसे को दलाल बीच में खाने का कार्य करते थे। जिसे मोदी जी ने खत्म करते हुए देश के 53 करो? लोगों को जीरों बैलेंस के जन-धन खातो से जोडा। अब जब भी सरकार उपर से पैसे भेजती है, तो पूरा पैसा लाभार्थियों के खाते में पहुँचता है। भाजपा सरकार द्वार भ्रष्टाचार को खत्म करने का कार्य किया गया। है। भाजपा सरकार के द्वारा किसानों की आय को दोगुना करने का भी कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मौजूदा सरकार 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का कार्य कर रहीं व 48 घंटों के अंदर उनकी फसल की राशि सीधा किसानों के खातों में डालने का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार गरीब, महिलाओं, किसानों व पढने वाले बच्चो के उत्थान का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबों के हितों के रक्षा करते हुए, उनके स्वास्थ्य की रक्षा करते हुए आयुष्मान योजना को लागू किया। अब किसी भी गरीब को अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए किसी साहूकार के घर के चक्कर लगाने की आवश्यकता नही है। वह अपना 5 लाख रूपये तक का इलाज प्रत्येक वर्ष मुफ्त मे करवा सकता है। सस्ते दामों पर गैस सिलेंडर व अन्य विभिन्न प्रकार की योजनाएं सरकार द्वारा चलाकर गरीबों के उत्थान को प्राथमिकता दी गई। कांग्रेस की सरकार ने हमेशा गरीबों का शोषण किया व उनके उत्थान की तरफ ध्यान नही दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने बिना पर्ची बिना खर्ची सरकारी नौकरी देकर आज प्रदेश के युवाओं में प्रतिर्स्पाधा की भावना का जगाया है। कांग्रेस की सरकार के समय युवाओं को या तो मंत्री के घर के चक्कर लगाने पडते थे या फिर पैसे देकर काम होता है। भाजपा सरकार के समय युवा सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए लगन से मेहनत करता है। बिना पर्ची बिना खर्ची के ही ये सब साकार हो सका है।

# बालासोर में एसुस का नया सर्विस सेंटर लॉन्च; 7 और स्थानों पर ऑन-साइट सपोर्ट का किया विस्तार

चंडीगढ़। प्रमुख टेक्नोलॉजी ब्रांड, एसुस इंडिया ने आज अपने आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क का विस्तार करते हुए बालासोर में नए नेशनल पार्टनर के साथ नया एसुस ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर लॉन्च किया और ऑन-साइट सपोर्ट शुरू किया। यह रणनीतिक कदम ब्रांड की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है कि ग्राहकों को बेहतर अनुभव और आसान पहुँच वाली भरोसेमंद सर्विस मिले।इसके अलावा, एसुस जल्द ही गुरुग्राम, चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना, जयपुर, चेन्नई और पुणे में भी नए सेंटर्स खोल रहा है। ये नए सेंटर्स एसुस इंडिया के लगातार प्रयासों का हिस्सा हैं, ताकि अपने बढ़ते ग्राहक आधार के लिए आसान और बेहतरीन सर्विस उपलब्ध कराई जा सके। इस विस्तार के साथ, एसुस का लक्ष्य सम्पूर्ण भारत में अपनी सर्विस की पहुँच को और मजबूत बनाना है, ताकि लैपटॉप्स, डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ सहित तमाम प्रोडक्ट्स की विस्तृत श्रृंखला के यूजर्स के लिए ऑन-साइट सपोर्ट, तेज़ टर्नअराउंड समय, बेहतर सुविधा और अधिक सहज स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। लॉन्च पर अपने विचार रखते हुए, विशाल म्हालसेकर, नेशनल सर्विस मैनेजर-एसुस सीएससी इंडिया, ने कहा एसुस में ग्राहक संतुष्टि हमेशा से ही हमारी प्राथमिकता रही है।

# राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत में किया इंटर स्कूल सड़क सुरक्षा क्विज का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत में आज एक महत्वपूर्ण और जागरूकता फैलाने वाली इंटर स्कूल रोड सुरक्षा क्विज (प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्थान के सभी 8 विभागों से लगभग 1100 विद्यार्थियों ने भाग लिया और रोड सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और सही नियमों का पालन करने के महत्व को समझाना था। सभी विभागाध्यक्षों ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत करवाया और उन्हें बताया कि सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए किन-किन नियमों का पालन करना आवश्यक है।



प्रधानाचार्य, श्री परवेश सांगवान छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है और उन्हें न केवल अपने शैक्षणिक बल्कि सामाजिक और नैतिक पहलुओं पर भी ध्यान केंद्रिन करने का मौका मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे आगे भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लें और अपने समाज को सुरक्षित और जागरूक बनाने में योगदान दें। इस आयोजन में विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया और सभी विद्यार्थियों ने इसे एक बहुत ही शिक्षाप्रद और रोमांचक अनुभव माना। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से अपील की, वे हमेशा मड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करें।









# उम्मीद एक बेहतर कल की

पुनीत राई

## वार्ड नंबर 8 के लोगों की उम्मीदों का पर्याय बने निगम पार्षद

# पुनीत, राई



सोनीपत जिले की तहसील राई की धरती ने हमेशा ऐसे सपूतों को जन्म दिया है, जिन्होंने न केवल अपने क्षेत्र के विकास के लिए संकल्प लिया बल्कि सेवा, समर्पण और समाजहित को अपना मूल मंत्र बनाया। ऐसे ही व्यक्तित्व हैं पुनीत त्यागी, जो आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

**'राई मेरा, और मैं राई के लिए'** इस विचार के साथ पुनीत त्यागी पिछले कई वर्षों से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। साधारण किसान परिवार में जन्म होने के कारण बहुत कुछ देखा! पुनीत राई ने समाज की भलाई के लिए कार्य किए एवं अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी से सामान्य कार्यकर्ता के रूप में की। संघ परिवार से जुड़े होने के कारण इन्होंने समाज की समस्याओं को निकटता से देखा और समझा है। इन्होंने धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिस कारण इनको त्यागी समाज हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया इसके साथ साथ त्यागी समाज हरियाणा ट्रस्ट और अखिल भारतीय गालव त्यागी ब्राह्मण महासभा का भी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। पुनीत राई निगम वार्ड-8 को अपना परिवार मानते हैं और इसी भाव से हर समस्या को अपनी जिम्मेदारी समझकर दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं।

### जनसेवा से जनविश्वास तक

पुनीत त्यागी ने जबसे वार्ड नंबर 8 के पार्षद के रूप में जिम्मेदारी संभाली है, तभी से उन्होंने 'एक बेहतर कल' की सोच के साथ वार्ड के हर व्यक्ति की आवाज को शासन और प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, सांसद, मंत्री विधायक, और मेयर के साथ समन्वय स्थापित कर पुनीत त्यागी ने क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं करवाईं, और उन्हें धरातल पर उतारने में सफलता भी पाई।

### प्रमुख विकास कार्य

उनके नेतृत्व में वार्ड-8 में अनेक वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान हुआ, जिनमें से कुछ उल्लेखनीय कार्य इस प्रकार हैं :-

1. वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए आरसीसी की फिरनी का निर्माण। कार्य करवाया
2. लगभग 17 करोड़ 40 लाख की लागत से गंदे पानी की निकासी हेतु M P S , मेन पंपिंग स्टेशन के माध्यम से स्थायी समाधान।
3. लगभग 10.96 करोड़ रुपये की लागत से यमुना के जाजल रेनिवेल के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति। की मंजूरी करवाई और कार्य शुरू करवाया
4. लगभग 2.44 करोड़ रुपये की लागत से राई और लिवान में सीवर लाइन का निर्माण। कार्य करवाया
5. लगभगएक करोड़ रुपये की लागत से खेल स्टेडियम का निर्माण। कार्य की मंजूरी करवाई जल्द ही कार्य शुरू होगा
6. P H C , प्राइमरी हेल्थ सेंटर की मंजूरी करवाई ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके
7. शैक्षणिक विकास हेतु स्कूल में नए कमरों और मंच का निर्माण।
8. आमजन की बहुत बड़ी मांग मकानों के ऊपर से गुजर रही 33 केवी लाइन उतरवा कर ग्रामीणों को राहत देने का कार्य करवाया
9. पार्क और ओपन जिम, ब्राह्मण चौपाल, हरिजन चौपाल, शमशान घाट, छठ पूजा घाट, श्रीराम पार्क जैसी सुविधाएं।
10. स्ट्रीट लाइट्स, गलियों का निर्माण, तालाबों की सफाई और बाउंड्री वॉल जैसे मूलभूत कार्य।
11. लगभग 4 करोड़ की लागत से विवाह शादी एवं सार्वजनिक कार्यों के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण
12. महिलाओ एवं बुजुर्गो के लिए अलग से चौपाल
13. वार्ड के सभी गांवों के लिए मुख्यद्वार साइन बोर्ड की मंजूरी

### सामाजिक सरोकारों में अग्रणी

विकास कार्यों के साथ-साथ पुनीत त्यागी ने समाज के जमीनी मामलों को भी गंभीरता से लिया। आधार कार्ड से लेकर प्रॉपर्टी टैक्स , राशन कार्ड, पेंशन योजनाएं, स्वच्छ पेयजल, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य सेवाएं जैसे हर सामाजिक हर पहलू पर उनका ध्यान रहा।हर जरूरतमंद व्यक्ति को उन्होंने अपने द्वार पर उचित समाधान दिया और कभी निराश नहीं किया। समाज के गरीब, शोषित और उपेक्षित वर्ग के लिए वह मजबूत आवाज बनकर उभरे हैं।

### विरासत और विचारधारा का समन्वय

समाजसेवा की यह भावना पुनीत त्यागी को पारिवारिक विरासत में मिली है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के एक सच्चे सिपाही की तरह कार्य करते हुएक्षेत्र के प्रति अपना दायित्व भी पूरी निष्ठा से निभाया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी, विस्तारक की जिम्मेदारी, मण्डल प्रभारी की जिम्मेदारी, अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी के संयोजन और जिला उपाध्यक्ष के पद पर पूरी मेहनत से काम किया और सक्रिय सदस्यता अभियान में हजारों की संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया सरल, सहज, ईमानदार और सूझवान व्यक्तित्व वाले पुनीत त्यागी ने अपने संस्कार और अनुभव के बल पर जनता का विश्वास जीता है। उनका लक्ष्य केवल क्षेत्र का विकास नहीं, बल्कि एक आदर्श समाज की स्थापना है — जहां हर व्यक्ति को समान अवसर, मूलभूत सुविधाएं और आत्मसम्मान मिले। सभी में सामाजिक समरसता का भाव बने उच्च नीच का भेद भाव खत्म हो

**में अपने सभी वार्ड निवासियों का धन्यवाद करता हूँ क्योंकि विकास कार्यों के चलते आप सभी को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन आप एक परिवार की तरह मेरे साथ खड़े रहे और विकास कार्यों के चलते जो परेशानी हुई इसके लिए में क्षमा प्रार्थी हूं और आप सभी का धन्यवाद करता हूँ क्योंकि आप सभी के सहयोग के बिना यह सब कुछ संभव नहीं था**

### निष्कर्ष :

वार्ड 8 का यह नेतृत्व 'विकास' और 'सेवा' का प्रतीक बनकर उभरा है। पुनीत त्यागी ने यह साबित कर दिया है कि यदि नीयत साफ हो और दृष्टि दूरदर्शी हो, तो कोई भी क्षेत्र पिछड़ा नहीं रह सकता। राई को प्रदेश के अग्रणी क्षेत्रों में शामिल करने का उनका सपना अब साकार होता दिख रहा है — क्योंकि यह केवल सपना नहीं, बल्कि सतत प्रयासों की गाथा है।

# खनन माफिया के ट्रक बिना परवाह किए बेखौफ चल रहे

**एक्सक्लूसिव**


अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिले में खनन माफिया के ट्रक और डंपर सड़कों पर दिन-रात बेकाबू और बेखौफ चल रहे हैं। कई गाड़ियों के पास सिर्फ़ 9 टन पास है, मगर वे कई-कई टन ओवरलोड माल लेकर जा रहे हैं। इन गाड़ियों पर एस्टा बॉडी लगी हुई है जिससे क्षमता से कहीं ज़्यादा भार लादा जाता है।

इन वाहनों पर जिम्मेदार विभाग अंकुश ( रोक )नहीं लग पा रहे हैं। जिससे लोगों की जिंदगी और प्रशासन की सड़के भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। यदि किसी टिप्पर की ऊंचाई क्षमता से अधिक होती है तो उसके ऊपर भारी जमाने का नियम है। इसके बावजूद ऊना जिला में ओवर हाइट और और ओवरलोड वाहन वेरोकटोक दौड़ रहे है। सरकार और प्रशासन एक तरफ नियमों का हवाला देता है मगर कार्रवाई करने मे फिसड्डी साबित होता है । ओवरलोड वाहनों में खुलेआम रेत और मिट्टी ,और बजरी का कारोबार हो रहा है । अब जिले में अक्सर देखा जाता है हिमाचल ,पंजाब हरियाणा, राजस्थान के बड़े-बड़े टिप्पर जा आ रहे हैं। मगर प्रशासन को कार्रवाई करने में हिचकिचा क्यों होती है?।

मगर इन भारी-भरकम डंपरों पर कोई हाथ नहीं डालता। प्रशासन की चुप्पी और खनन विभाग की बेख़बरी से माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। जनता सवाल उठा रही है कि आखिर सरकार और पुलिस और खनन विभाग की कार्रवाई सिर्फ़ आम लोगों तक ही क्यों सीमित है? क्या बड़े-बड़े खनन माफियाओं के सामने कानून बौना हो गया है?

नियम के अनुसार 6 चक्का ट्रक में 10 टन ,10 में 16,12 में 25, 14चक्का में 35 ,16 चक्का में 401टन,18 चक्का में 48टन 22 चक्का में 55 टन में पास होता है? मगर नियम और कायदों से हटकर ये रेत, बजरी , मिट्टी ले जाते हैं। जनता की माँग है कि खनन माफिया पर सख़्त कार्रवाई हो, ओवरलोड गाड़ियों की जाँच हो और प्रशासन तुरंत कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करे। दूसरी तरफ ऊना जिला पुलिस ने 18 ट्रक, 161टीपर, 338ट्रैक्टरों, 21जेसीबी को कंपाउंड किया। 538 चालान किए और 4681015। का जुर्माना भी किया।



प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा अवैध खनन करने वालों को बर्दाश्त नहीं जाएगा । राज्य सरकार की सख्ती और प्रशासन की मुस्तैदी से खनन माफिया पर नकेल कसी जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना सुरेंद्र शर्मा ने कहा पुलिस द्वारा खनन माफिया पर लगाम कसी जा रही है । पुलिस ने काफी वाहनों को जब्त और जुर्माना किया ।

**खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय; पनीर,मिठाइयों व दुग्ध उत्पादों के सैंपल जांच के लिए भेजे**

# खाद्य पदार्थों पर सख्ती, सैंपल भरे

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** खाद्य सुरक्षा विभाग ऊना ने त्योहारी समय के बीच पनीर, मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर शुक्रवार को कुठार खुर्द और उन्ना में?1400 केजी पनीर और मिठाईयां ऊना में भारी मात्रा में माल वाहक में आ रही थी। और ये पनीर और मिठाईयां ऊना जिला के अलग-अलग दुकानों में सप्लाई होना था ।इससे ही प्रशासन को सूचना मिली तुरंत विभाग हरकत में आ गया ।

अब तक ऊना मुख्य बाजार और औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल ,?अम्ब,बंगाणा गगरेट ,थाना कला , संतोषगढ़ मेहतपुर में कई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने 55 खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच हेतु एकत्रित किए, जिनमें कलाकंद, बर्फी, गुझिया, लड्डू, पेठा, गुलाब जामुन, रसगुल्ला और पतिसा जैसी मिठाइयां शामिल हैं। यह कार्रवाई खाद्य सहायक उपयुक्त जगदीश धीमान के नेतृत्व में की गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने मिठाइयों के निर्माण, भंडारण और स्वच्छता की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया तथा दुकानों में रखी सामग्री के तापमान, पैकिंग और तिथि संबंधी मानकों की भी जांच की।

सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) जगदीश धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी नमूने में मिलावट पाई जाती है, तो दोषी विक्रेताओं पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभाग की विशेष निगरानी टीम लगातार फील्ड में सक्रिय है और आने वाले दिनों में

ऊना जिला में और भी जगह भी इसी तरह के निरीक्षण अभियान चलाए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ऊना साक्षी शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यदि कोई खाद्य पदार्थ संदिग्ध या खराब पाया जाता है, तो उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर कोई विपरीत प्रभाव न प?।

विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह मिठाईयां, दूध, घी और चॉकलेट्स जैसी वस्तुएं खरीदते समय विश्वसनीयता को जांचते हुए सामान को खरीदें तथा बिल या पैकिंग तिथि की भी अवश्य जांच कर लें। यदि किसी उत्पाद में मिलावट की आशंका हो, तो उसकी जानकारी तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग ऊना को देना सुनिश्चित करें।



# आपदा न्यूनीकरण दिवस व समर्थ अभियान पर गगरेट में कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण, शिमला के दिशा-निर्देशानुसार आज (शुक्रवार) को होटल हेवन हाइट्स, गगरेट में अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस एवं जन जागरूकता अभियान समर्थ 2025 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला जिला इंटर एजेंसी ग्रुप एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ऊना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई।

कार्यशाला की अध्यक्षता तहसीलदार एवं कार्यकारी दंडाधिकारी गगरेट कुलताज सिंह ने की। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला ऊना में ब?ती जलभराव की समस्या, उसके कारणों, संभावित समाधानों और नीतिगत हस्तक्षेपों पर विचार-विमर्श करना है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान भूस्खलन, सुरक्षित निर्माण अभ्यास और आपदा प्रबंधन से जु?ी अन्य चुनौतियों पर भी चर्चा की गई, ताकि भविष्य में जान-माल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2023 और 2025 के दौरान आई प्राकृतिक आपदाओं ने यह स्पष्ट किया है कि आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता और तैयारी ही नुकसान को कम करने का सर्वोत्तम उपाय है। जिला इंटर एजेंसी ग्रुप, ऊना के कन्वीनर प्रो. जसबीर सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में जलभराव, भूस्खलन, जंगल की आग जैसी आपदाओं के कारणों और उनसे निपटने की रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

# प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नियुक्त होने पर देशराज शर्मा ने प्रो. प्रेम कुमार धूमल से लिया आशीर्वाद

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष देसराज शर्मा ने आज हिमाचल प्रदेश के दो बार पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से समीरपुर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात गर्मजोशी और सम्मान के साथ हुई, क्योंकि देशराज शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में हाल ही में हुई नियुक्ति के बाद वरिष्ठ नेता से आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

बैठक के दौरान जमीनी स्तर पर पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा की पहुँच बढ़ाने पर चर्चा हुई। प्रो. धूमल ने देशराज शर्मा को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उन्हें



पार्टी के आदर्शों के प्रति समर्पण, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ काम करते रहने की सलाह दी। शर्मा ने वरिष्ठ नेता के निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए उनका आभार व्यक्त किया और पार्टी के संगठनात्मक विकास और कल्याणकारी पहलों में सक्रिय योगदान देने के अपने संकल्प की पुष्टि की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला महामंत्री अजय रिंटू, जिला उपाध्यक्ष चमन ठाकुर, जिला आईटी सह संयोजक अश्वनी गांधी, समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली, समीरपुर मंडल महामंत्री संजीव डोगरा और हिटलर ठाकुर, भोरंज मंडल महामंत्री अजय कुमार और प्रवीण चंदेल, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल मोहन और कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# ऊना के बैंकों में तकनीकी गड़बड़ी से व्यापारियों को भारी परेशानी

> कुछ व्यापारी बिना क्लेरेंस से सामान नहीं दे रहे, जिस कारण उनका सामान लेने में परेशानी हो रही

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** त्योहारों के इस पीक सीजन में लोगों को बैंकों की सेवाओं में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई दिनों से चेक क्लीयरेंस की प्रक्रिया ठप पड़ी हुई है?। बताया जा रहा है कि सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण कई बैंकों के लेनदेन अटके हुए हैं।

ग्राहकों का कहना है कि उन्होंने समय पर चेक जमा करवाए, लेकिन क्लियरेंस न होने से उनका भुगतान लंबित पड़ा है। वहीं व्यापारी वर्ग को भी सबसे ज्यादा नुकसान झेलना पड़ रहा है। दिवाली जैसे बड़े त्योहारों के मौके पर व्यापारियों को रोजाना लाखों करोड़ों रुपये का लेनदेन करना होता है, परंतु बैंकिंग सिस्टम की खराबी ने उनके कारोबार पर ब्रेक लगा दिया है।

सूत्रों के अनुसार, आरबीआई के सेंट्रल सर्वर में तकनीकी गड़बड़ी आने से चेक क्लियरेंस और अन्य डिजिटल ट्रांजेक्शन में विलंब हो रहा है?। अभी तक इस समस्या को दूर करने के लिए संबंधित बैंकों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।ग्राहकों ने मांग की है कि आरबीआई और बैंक प्रबंधन जल्द से जल्द इस समस्या को ठीक करें ताकि त्योहारी सीजन में आम जनता और व्यापारी दोनों को राहत मिल सके।

# सीएसआर के तहत प्राचीन कोठी का किया शिलान्यास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** एसजेवीएन के निदेशक (कार्मिक) एवं अध्यक्ष, एसजेवीएन फाउंडेशन श्री अजय कुमार शर्मा ने आज 1500 मेगावाट एनजेएचपीएस परियोजना क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का शुभारम्भ किया। इसके तहत उन्होंने देवी साहिबा लाटी जाहरी, खड़काग मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन कोठी का शिलान्यास किया।

अजय कुमार शर्मा ने परियोजना प्रभावित व्यक्ति के माध्यम से परियोजना कार्यों के लिए किराए पर लिए गए एक इलेक्ट्रिकल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

अजय कुमार शर्मा ने कहा कि एसजेवीएन अपने परियोजना क्षेत्रों में न केवल विकासात्मक



गतिविधियाँ कार्यान्वित कर रहा है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि देवी साहिबा लाटी जाहरी, खड़काग मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु एसजेवीएन अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति के अंतर्गत कुल रूपए 36 लाख से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस श्री राजीव कपूर, एनजेएचपीएस के विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति रहे।

एसजेवीएन शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में सीएसआर पहलों के माध्यम से सतत एवं समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। एसजेवीएन फाउंडेशन के माध्यम से कंपनी स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाते हुए एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर रही है।

**न्यूज ब्रीफ**

## मादक द्रव्यों के विरुद्ध निकाली जागरूकता रैली




**गोहर, 17 अक्तूबर (सुभाग सचदेवा)।** राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) जिला मण्डी में आज 17 अक्तूबर 2025 को नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम, जिसमें नशे के सेवन के विरूद्ध शपथ और रैली निकाल कर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूर्ण चंद चौहान ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति से संबंधित यह शपथ दिलाई गई और उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को देश का भविष्य कहा जाता है, इसलिए उनका नशे से दूर रहना और दूसरों को भी इसके प्रति सजग करना अत्यंत आवश्यक है।

# स्कूली बच्चों के हैरतअंगेज करतब ने मोहा सबका मन

> कसौली इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया 19वां वार्षिक समारोह

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** सनवारा स्थित कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने शुक्रवार को 19वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश सिविल सप्लाई कोर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक राजेश्वर गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवीण गोयल, राज मोहन सिंह (सहायक नगर नियोजन अधिकारी) तथा पारुल गोयल भी उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश्वर गोयल ने कहा कि कसौली इंटरनेशनल स्कूल ने 19वर्ष की



अवधि में ही निजी स्कूलों में अपना अलग मुकाम स्थापित किया है, जिसके लिए स्कूल प्रबंधन बधाई का पात्र है। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ -साथ स्कूल खेल व अन्य गतिविधियों में भी अपना परचम लहरा रहा है। गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस मौके पर स्कूल के प्रबंध निदेशक हीरा सिंह ठाकुर,स्कूल प्रिंसिपल राजीव गुलेरिया और वाइस प्रिंसिपल पूनम ठाकुर समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत कराटे, पीटी, योगा और जिम्नास्टिक के हैरतंगेज़ करतबों के साथ हुई इसके साथ ही जूनियर डांस ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इसमें फायर रिंग से गुजरते बच्चे, जलती आग और हाथ से टाइल तोड़ना, बच्चों का अपने ऊपर से मोटर साइकिल गुजारना देख दर्शक दांतों तले अंगुली दबाने को विवश हो गए।

वाइस प्रिंसिपल पूनम ठाकुर ने बताया कि इस बार विद्यालय ने अपना 19वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया । उन्होंने कहा कि इस दौरान साल भर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी विद्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और पाश्चात्य संगीत के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक के बाद एक बेहतरीन प्रस्तुतियां पेश की।

# स्थानीय गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज में नशे के खिलाफ जंग की अनोखी पहल



अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** स्थानीय गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज में आज ÷नशे के खिलाफ जंग÷ विषय पर एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल की गई, जिसका आयोजन कॉलेज स्टूडेंट यूनियन और डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा फैंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक लाइव म्यूज़िक कंसर्ट रहा, जिसमें प्रसिद्ध युवा कलाकार सारभ और यासीन ने अपनी आवाज़ से युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया।

कॉलेज के होनहार विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर कविताओं, गीतों और स्लोगनों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया कि वे ÷नशे से नहीं, अपने सपनों से प्यार करें। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. प्रमोद पटियाल ने शिरकत की। कार्यक्रम में शहर के कई प्रसिद्ध सामाजिक युवा कार्यकर्ता, शिक्षाविद् और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

डॉ. प्रमोद पटियाल ने कहा ÷बच्चों को अपने सपनों के पीछे भागना चाहिए, न कि नशे के पीछे। अपने लक्ष्य ऊँचे रखें और नशे से हमेशा दूरी बनाए रखें। मुख्य अतिथि डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा मैं स्टूडेंट यूनियन और फैंस क्लब को बधाई देता हूँ जिन्होंने नशे के खिलाफ जंग में संगीत और कविताओं को अपना माध्यम बनाया है। संगीत और शब्द हमेशा से परिवर्तन के हथियार रहे हैं ,, आज़ादी की लड़ाई में भी और अब समाज सुधार में भी।

**वार्षिक समारोह** | **पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू ने मनाया वार्षिक समारोह, 110 छात्रों की टुकड़ी ने की भव्य परेड**

# पाइनग्रोव स्कूल ने अल्प समय में कमाया देश में नाम : डॉ मल्लिका नड्डा

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में विद्यालय का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव शुक्रवार को संपन्न हुआ। अंतिम दिन पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पत्नी डॉक्टर मलिका नड्डा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की,जबकि एयर मार्शल मानवेन्द्र सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीआरसी, वीएसएम सदस्य, सशस्त्र बल न्यायाधिकरण विशेष अतिथि रहे। मुख्यातिथि ने पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू के वार्षिक समारोह के दौरान विमान मिग-21 और न्यू ऑफिस ब्लॉक का उद्घाटन भी किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर मलिका नड्डा ने कहा कि विद्यालय ने अथक परिश्रम द्वारा अल्प समय में देश भर में नाम कमाया और



अन्य गण-मान्य अतिथियों के साथ इस उत्सव की शोभा बढाते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि पाइनग्रोव स्कूल ने प्रत्येक गतिविधि पर ध्यान केंद्रित कर प्रदेश में एक विशेष संस्था के रूप में अपनी पहचान बना ली ।

इस अवसर पर एक साथ मार्च करते हुए 110 विद्यार्थियों द्वारा परेड़ 49 छात्र व छात्राओं द्वारा जिम्नास्टिक 33 विद्यार्थियों द्वारा ब्रास बैंड, भारतीय शास्त्रीय और पाश्चात्य संगीत तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सराहनीय आयोजन किया गया। छात्र व छात्राओं द्वारा बनाई, कढ़ाई और सिलाई एवं हस्त-शिल्प कला की प्रदर्शनी देखते ही बनती थी। सिख (एलआई) रेजिमेंट के भूतपूर्व सैनिक परविन्द्र सिंह के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं ने विद्यालय ध्वज के साथ स्कूल बैंड पर 'स्वागतम' सारे ÷जहाँ से अच्छा÷ ÷विजय भारत÷, जी करदा, कदम-कदम बढ़ाए जा, अलमोरा और ÷हम होंगे कामयाब÷ की धुनों पर उत्साह व जोश के साथ परेड की। भारतीय वेशभूषा में 80 विद्यार्थियों ने अलग-अलग समूह में राजस्थानी गान घूमर पर नृत्य किया।

मनराज खन्ना के नेतृत्व में ब्रास बैंड की धुन पर ड्रिल करते हुए विद्यार्थियों ने बेस ड्रम, साइड ड्रम, कर्नल बोगी की धुन और अंग्रेजी धुन सिक्स सोंग की प्रस्तुति पर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। स्कूल के छात्रों ने एक लघु नाटिका ÷उड़ान÷ की प्रस्तुत दी जिसमें बताया गया कि कभी-कभी यह चिंगारी पंखों में बदल जाती है वह पंख जो आसमान की ऊँचाइयों को जीतने का होंसला देते हैं।

## स्कूली रिपोर्ट के माध्यम से उपब्धियों का किया बखान

स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट में विद्यालय की गत वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया है कि विद्यालय प्रतिवर्ष उन्नति की ओर अग्रसर है। रुशान मेहतानी, रयांश शर्मा, विदित बाबा, जयदित्य ठाकुर, वेदांशी बुंदेला, भारती ठाकुर, कीरत अरोड़ा, और यामिनी सिंह द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई । वार्षिक रिपोर्ट में विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन तथा शिक्षा व खेलों में सर्वोतम प्रदर्शन का वर्णन किया गया। लघु नाटिका के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मंच पर नृत्य करके जब शिवाजी महाराज को अफ?लखान के युद्ध की जानकारी मिली तो शिवाजी ने बड़ी सतर्कता से अफजल खान का पेट बाघनख से चीर दिया। आज विद्यालय के नन्हें कलाकारों ने नृत्य करके सबका मन मोह लिया।

**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer Ghumarwin Division HP-PWD, Ghumarwin on behalf of Governor of H.P invites the Percentage Rate bids, in electronic tendering system, from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

| Sr No. | Name of Work | Estimated Cost | Starting Date for downloadig Bid | Earnest money | Deadline for sub--mission of Bid | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Restoration of rain damages on Sumari to Lower Bhapral road km 4/00 to 9/200. (SH:- P/L Cement concrete pavement at Rd 4/340 to 4/370, 4/489 to 4/540 & cement concrete Interlocking Paver Block at RD 5/680 to 5/717, 8/130 to 8/205 and C/O Retaining wall at RD 5/840 to 5/855, 8/735 to 8/750 and C/O V-Shape Drain at RD 4/165 to 4/300, 8/00 to 8/170). ( Under PDNA Year 2023 ) . | Rs.2809549/- | 18-10-2025 | Rs.49700/- | 24-10-2025 | Three Month |
| 2. | Restoration of rain damages on Talai Randoh road Km 0/00 to 2/00 (SH:- C/o wire crate wall RHS at Rd 1/150 to 1/170 & LHS at RD 1/150 to 1/180 and R/wall at Rd 0/215 to 0/230 , 0/275 to 0/290 .(Under PDNA Year 2023). | Rs.3499577/- | 18-10-2025 | Rs.60000/- | 24-10-2025 | Three Month |

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

RO No. 3823_2025-2026

Executive Engineer, Ghumarwin, Division.
HP.PWD. Ghumarwin
On behalf of Governor of Himachal Pradesh

## पंचकूला में मुख्यमंत्री ने हरियाणा विजन को लेकर की बड़ी घोषणाएं

# जापान से आ रहा निवेश, 10 जिले होंगे इंडस्ट्रियल टाउनशिप मॉडल : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 8029 लाभार्थियों को दिए आवंटन प्रमाण पत्र

दूसरे चरण में पिंजौर शहर में 518 प्लॉटों का भी किया आवंटन

डेवलपमेंट ग्रांट के रूप में 2,697 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा




**पंचकूला, 17 अक्तूबर।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गरीब परिवारों को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के दूसरे चरण के तहत प्रदेशभर में लाभार्थियों को 141 ग्राम व 2 महाग्राम पंचायतों में 8029 प्लॉटों का आवंटन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण में पिंजौर शहर में 518 प्लॉटों का भी आवंटन किया गया।

गौरतलब है कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार को 1 साल हो गया है। इस मौके पर सीएम सैनी ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार के इस तीसरे कार्यकाल का पहला साल गौरवशाली रहा और संकल्प, सेवा और समर्पण के साथ प्रदेश की विकास यात्रा को आगे बढ़ाया गया है। हमारी सरकार 'नॉन स्टॉप हरियाणा' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। आने वाले समय में सरकार हरियाणा के अंदर विकास के और नए आयाम स्थापित करने वाली है। लगातार प्रदेश के विकास और लोगों के हितों में तेजी से काम किया जा रहा है। सीएम सैनी ने कहा कि आज देश भर में मोदी मॉडल चल रहा है, पंजाब के लोग भी मोदी के साथ चलने को तैयार हैं। देखा जा रहा है भाजपा के शासन में कोई परेशानी नहीं है। जबकि पड़ोसी हिमाचल प्रदेश और पंजाब में हालात दयनीय हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि आईपीएस और एएसआई की मौत मामले की जांच चंडीगढ़ और हरियाणा पुलिस कर रही है। सरकार पारदर्शी तरीके से काम रही है। इसके साथ सीएम सैनी ने सभी को दिवाली, विश्वकर्मा डे और छठ पूजा की शुभकामनाएं भी दीं।

जिला पंचकूला में हरियाणा सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के कुछ लाभार्थियों को मंच पर आवंटन पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि 100 गज के जिन लाभार्थियों को आज अधिकार पत्र प्रदान किए गए हैं, उनको रजिस्ट्री कराने की सुविधा के लिए धनतेरस के दिन भी तहसील खुली रहेंगी। नायब सिंह सैनी ने कहा कि विगत 26-27 जुलाई को ग्रुप सी पदों की भर्ती के लिए सीईटी परीक्षा का सफल संचालन किया गया। आज हरियाणा कर्मचारी आयोग द्वारा इस करेक्शन पोर्टल को खोल दिया गया है। यह पोर्टल 17 अक्तूबर, 2025 से लेकर 24 अक्तूबर, 2025 रात 11ः59 बजे मिनट तक खुला रहेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पंचायतों को विकास कार्यों के लिए स्टैम्प ड्यूटी और बिजली की खपत पर पंचायत सेस की 1,044 करोड़ 57 लाख रुपये की राशि जारी की। प्रदेश के 322 गांवों में फिरनियों के निर्माण के लिए 169 करोड़ रुपये की राशि भी दी। इसके अलावा, शहरों में भी विकास कार्यों के लिए नगर निकायों को 1,483 करोड़ 77 लाख रुपये की राशि जारी की गई। कुल मिलाकर आज पंचायतों और नगर निकायों को डेवलपमेंट ग्रांट के रूप में 2,697 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि वितरित की गई।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के पहले चरण में 4,002 प्लॉटों का आवंटन किया गया था और आज 8,029 प्लॉटों का किया आवंटन किया गया है। कुल मिलकर इस योजना में अब तक 12 हजार 31 प्लॉटों का आवंटन किया गया है। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के पहले चरण में 15,247 प्लॉटों का आवंटन किया गया और आज दूसरे चरण में पिंजौर शहर में 518 प्लॉटों का आवंटन किया गया। कुल मिलाकर अब तक इस योजना में 15,765 प्लॉटों का आवंटन किया जा चुका है।

### 10 जिलों को इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप बनाने की तैयारी

वहीं हरियाणा विजन को लेकर सीएम नायब सिंह सैनी का कहना है कि हरियाणा के 10 जिलों में इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप बनाने की योजना है। क्लस्टर के अंदर किसानों द्वारा भूमि आमंत्रित की गई है। एक क्लस्टर में लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। सीएम ने जापान दौरे पर बात की और कहा कि उनके जापान के दौरे पर हरियाणा में निवेश को लेकर बातचीत हुई और सकारात्मक परिणाम रहा। जापान से हरियाणा में बड़ा निवेश आयेगा। सीएम ने कहा कि जापान से करोड़ रूपये के एमओयू साइन किए गए हैं।

### जनता ने दिया तीसरी बार जनादेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने नॉन स्टॉप हरियाणा के नारे के अनुकूल डबल इंजन सरकार के माध्यम से सशक्त हरियाणा, समृद्ध हरियाणा, शिक्षित हरियाणा और स्वस्थ हरियाणा बनाने के लिए हमें तीसरी बार जनादेश दिया। यही नहीं, स्थानीय निकायों के चुनाव में भी भाजपा को भारी बहुमत दिया। इस तरह हमारी ट्रिपल इंजन सरकार के जरिए जनता ने हमें तीन गुणा शक्ति प्रदान की है। इसलिए विकसित हरियाणा बनाने के लिए हम तिगुणी गति से काम कर रहे है।

# मांगों के समाधान के लिए सीएम से मिला संघ का प्रतिनिधिमंडल

स्कूल सोसायटियों का जुर्माना माफ करने व अस्थाई स्कूलों का एक्सटेंशन लेटर जारी करने का दिया आश्वासन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** प्राइवेट स्कूल संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सी एम हाउस चंडीगढ़ में मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें प्राईवेट स्कूलों से संबंधित मांगो का ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द समाधान की मांग की।

संघ के प्रदेश सचिव प्रदीप पूनिया व पैटर्न महावीर यादव ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से 2808 स्कूलों का एमआईएस पोर्टल खोलने, स्कूल सोसाइटियों पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने, अस्थाई स्कूलों का एक्सटेंशन लेटर जारी करने, चिराग योजना,134 ए व आरटीई की राशि समय पर जारी करने,प्लेजमनी को कम करने, स्कुली बसों का टैक्स समाप्त करने व बसों की आयु सीमा बढ़ाने, स्कूलों में सोलर लगवाने पर सब्सिडी देने, स्कूलों का बिजली बिल एनडीएस की बजाए डीएस की तर्ज पर करने ,महापुरुषों की जयंती पर बच्चों की छुट्टी करने या छुट्टी न करने का अधिकार स्कूलों को देने आदि मांगों को रखा। जिस पर सीएम ने स्कूल सोसायटियों पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने व अस्थाई स्कूलों का एक्सटेंशन लेटर जारी करने के लिए अधिकारियों को कहा और प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्राईवेट स्कूलों की अन्य मांगों पर विचार कर जल्द ही पूरा करने की कोशिश करेंगे। प्रतिनिधिमंडल मे प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू , प्रदेश सचिव प्रदीप पूनिया, पैटर्न महावीर यादव सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।




# कला और संगीत से तनाव दूर भागता है : जगमोहन आनंद

मनिंदर बब्बू द्वारा गाए गीत ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी को गा कर लोगों को भावुक किया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल 17 अक्तूबर।** एम बी केसी द्वारा दीपावली से पहले रगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक जगमोहन आनंद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जरनैल सिंह ने की। इस अवसर पर मिस्टर आफ एमबीकेसी जगमोहन सिंह को तथा मिसेज आफ एमबीकेसी अंजली शर्मा को चुना गया। इस अवसर पर एमबीकेसी की प्रमुख मनिंदर बब्बू द्वारा गाए गीत ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी को गो कर लोगों को भाबुक कर दिया। इस अवसर पर जगमोहन आनंद ने कहा कि कला और संगीत ईश्वर की साधना का ही एक अंग हैं। संगीत से मन पवित्र होता हैं। आज तनाव और डिप्रेशन के दौर में राहत संगीत से मिलती है। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। उन्होंने मस्टर आफ एमबीकेसी जगमोहन सिंह को तथा मिसेज आफ एमबीकेसी अंजली शर्मा को सम्मान स्वरूप ताज और सम्मान बेल्ट पहनाई । इस अवसर पर मनिंनदर बब्बू, अरविंदर सिंह विनय छावड़ा गीता छावड़ा अवतार सिंह तारी, अजय जैन, अरुण राजपाल, राम प्रकाश, योगिंदर सिंह सिसोदिया, अनुपमा, अंजली शर्मा, रंजीत, जगमोहन सिंह, पूनम, राकेश बंसल, अनीता, अंनिल गिरधर, हरीश बधावन, अनिरुद्ध कालड़ा, पुष्पा कालड़ा, अरुण थापर, रश्मि थापर, विनोद भाटिया, विजय शर्मा, प्रदीप त्यागी, कंवलन कुमार, रजनी, इंद्रपाल सिंह, सीमा, जितेंद सिंह जरनैल सिंह, दविंदर अरोड़ा, राजेश योगी, नरेश दत्त, शिखा, म?, सुनीता, वलदेव रंजन, नेहा, किरण, राकेश तलवार, प्रदीप शर्मा, मोहन थरेजा, विता थरेजा, सुनील भूषण ने गीत गाकर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में और भी प्रस्तुतियां दी गईं।




अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

### श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस- विभिन्न आयोजनों की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंत्री समूह की बैठक

# समारोह में दुनियाभर की प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी : सौंद

आनंदपुर साहिब में होने वाले समारोह विश्व स्तर के होंगे : बैंस

सभी सुविधाएँ समय पर पूरी की जाएंगी और समागम यादगार होंगे : बाली



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अक्टूबर।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित आयोजनों की निगरानी कर रहे पंजाब सरकार के मंत्री समूह ने विभिन्न आयोजनों से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक की। मंत्री समूह की बैठक पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद, शिक्षा एवं लोक संपर्क मंत्री हरजोत सिंह बैंस तथा सलाहकार (पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले) दीपक बाली की अध्यक्षता में पर्यटन कार्यालय, सेक्टर 38 में आयोजित की गई। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री समूह ने अधिकारियों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी आयोजन प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों सहित राज्य भर में श्रद्धा और सुचारु ढंग से आयोजित हों।

हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि नवंबर का पूरा महीना नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी और उनके अनुयायियों की अनुपम शहादत को समर्पित रहेगा, जो साहस, धर्म और आस्था के शाश्वत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को भारत और विदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इन आयोजनों को अविस्मरणीय बनाने हेतु आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा, ''यह ऐतिहासिक दिवस केवल श्रद्धांजलि नहीं है, बल्कि यह हमारी आध्यात्मिक जिम्मेदारी भी है कि हम सुनिश्चित करें कि 350वें शहीदी दिवस से जुड़ी पवित्रता और श्रद्धा हर व्यवस्था में झलके।'' उन्होंने बताया कि आनंदपुर साहिब में होने वाले आयोजन विश्व स्तर के होंगे।

पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आगे बताया कि 23 से 25 नवंबर तक होने वाले मुख्य आयोजनों के दौरान श्री आनंदपुर साहिब नगर को सफेद रंग से रंगा जाएगा, जो पवित्रता और शांति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए सड़कों की मरम्मत, टेंट सिटी, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सहायता और कुशल ट्रैफिक प्रबंधन जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाहनों की पार्किंग के लिए 29 स्थानों की पहचान की गई है और आयोजन के दौरान ये सभी पार्किंग स्थल सक्रिय रहेंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को पवित्र स्थल तक लाने और वापस ले जाने के लिए एक समर्पित शटल बस सेवा चलाई जाएगी। उन्होंने कहा, ÷मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही कि ये यादगार आयोजन धार्मिक विश्वासों और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न हों।÷

दोनों मंत्रियों ने कहा कि हर विभाग इस आयोजन की आध्यात्मिक गरिमा को बनाए रखने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता और समन्वय के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि तैयारियों की समीक्षा और सभी सुविधाओं व बुनियादी ढांचे से जुड़ी आवश्यकताओं को समय पर पूरा करने के लिए लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने कहा, ÷श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी की अनुपम शहादत विश्वास और मानवता के सर्वोच्च आदर्शों का प्रतीक है। हमारा सामूहिक प्रयास यह यकीनी बनाया है कि दुनिया के हर कोने से आने वाले श्रद्धालु इस ऐतिहासिक दिवस की पवित्रता और इन समागमों के सुचारु संचालन का अनुभव कर सकें।'

इस अवसर पर बोलते हुए, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग के सलाहकार दीपक बाली ने बताया कि भारत के सभी 28 राज्यों के मुख्यमंत्रियों को इन स्मरणीय आयोजनों में शामिल होने का आमंत्रण भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब को इन ऐतिहासिक समारोहों की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिनमें कीर्तन दरबार, नगर कीर्तन, लाइट एंड साउंड शो और अंतर-धर्म सम्मेलन शामिल होंगे। उन्होंने कहा, 'हमें विश्वास है कि गुरु साहिब के आशीर्वाद और सेवा भावना के बल पर यह पवित्र अवसर पीढ़ियों तक शांति, श्रद्धा और एकता के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा।'

# राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** नशे के विरुद्ध युद्ध अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय मकनपुर शरीफ न्यू-चंडीगढ के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में खंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय की नौवीं और दसवीं कक्षा की छात्राओं ने गिद्दा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नौवीं कक्षा के छात्र गुरजीत सिंह ने स्लोगन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, दसवीं कक्षा की छात्रा आमना ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस खंड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को गत दिवस नशे के विरुद्ध युद्ध अभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान माननीय शिक्षा अधिकारी श्रीमती गिन्नी दुग्गल और उप शिक्षा अधिकारी सरदार अंग्रेज सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, इन विद्यार्थियों को तैयार करने वाली अध्यापिकाओं, श्रीमती मंजीत कौर कंप्यूटर संकाय और श्रीमती निशु बाला एसएस मिस्ट्रेस की प्रशंसा की गई और इन विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूरे स्टाफ को बधाई दी गई।

# वार्डबंदी के तहत जीरकपुर में किया जा रहा है सर्वे



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा


**जीरकपुर।** जीरकपुर। नगर परिषद जीरकपुर द्वारा शहर में वार्डबंदी को लेकर सर्वे का काम किया जा रहा है। यह कदम आगामी होने एमसी चुनाव की तैयारियों के तहत उठाया गया है, ताकि जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुसार हर वार्ड का संतुलन तय किया जा सके। इस सर्वे के तहत नगर परिषद की टीम शहर के सभी इलाकों में जाकर बारीकी से आंकड़े जुटा रही है, ताकि वार्डों की सीमाएं जनसंख्या अनुपात के हिसाब से तय की जा सकें।नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार, जीरकपुर शहर पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विकसित हुआ है। ढकोली, बलटाना, भबात, पीरमुछल्ला और नाभा साहिब समेत आसपास के एरिया में तेजी से सोसायटियों की संख्या बड़ी है। जनसंख्या में भारी वृद्धि के कारण कई पुराने वार्डों का आकार असमान हो गया है, कुछ वार्डों में जनसंख्या बहुत अधिक है तो कुछ में काफी कम।

सर्वे के दौरान टीम यह भी देख रही है कि किन इलाकों में नई कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं, किन क्षेत्रों में जन सुविधाएं मौजूद हैं और कहां तक नगर परिषद की सेवाएं पहुंच रही हैं। इस डेटा के आधार पर जीरकपुर को समान रूप से विकसित करने का खाका तैयार किया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट तैयार होने के बाद इसे स्थानीय प्रशासन को भेजा जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के तेज़ विस्तार को देखते हुए यह वार्डबंदी बेहद जरूरी कदम है। इससे न केवल जनप्रतिनिधित्व बेहतर होगा बल्कि नगर परिषद की योजनाओं का लाभ हर क्षेत्र तक समान रूप से पहुंच सकेगा।

> वार्डबंदी के तहत अभी शहर में सर्वे का काम चल रहा है। सर्वे का काम पूरा होने व रिपोर्ट के बाद ही आगे की प्लानिंग की जाएगी।
> **परविंदर सिंह भट्टी,** कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जीरकपुर।.

# त्योहारों की भीड़ ने बढ़ाया जीरकपुर में जाम का संकट, मुख्य सड़कों पर घंटों फंसे रहे वाहन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** जीरकपुर में त्योहारी सीज़न की शुरुआत के साथ ही सड़कों पर यातायात जाम की समस्या असहनीय हो गई है। प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव इतना बढ़ गया है कि लोगों का आवागमन दूभर हो गया है। विशेष रूप से चंडीगढ़ बैरियर से लेकर मेकडी चौक तक, वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, जिसके कारण इस छोटे से फासले को पार करने में भी घंटों लग रहे हैं। जाम की यह समस्या केवल मुख्य सड़कों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि शहर की अंदरूनी गलियों और मार्गों पर भी भारी भीड़ और जाम देखने को मिला, जिससे स्थानीय निवासी और बाहर से आए लोग बुरी तरह परेशान हुए।

इस जाम का एक बड़ा कारण त्योहारी खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़ और सड़कों के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए वाहन हैं। लोग अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी वाहन पार्क कर देते हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और यातायात थम जाता है। कोहिनूर ढाबे के पास की स्थिति तो और भी भयावह थी, जहां जाम इतना लंबा खिंच गया कि वाहन चालकों के धैर्य की परीक्षा हो गई। कई जगह तो जल्दबाजी या गलत कट लेने के चक्कर में वाहन एक-दूसरे के सामने आ गए, जिससे स्थिति और बिगड़ गई और जाम खुलने में काफी वक्त लगा।

पटियाला हाईवे पर भी जाम की समस्या बनी रही, जो कि इस क्षेत्र का एक प्रमुख और व्यस्त मार्ग है। इस हाईवे पर भी लोगों को घंटों अपने वाहनों में फंसे रहना पड़ा। यातायात पुलिस की अपर्याप्त व्यवस्था और लोगों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी भी इस समस्या को बढ़ा रही है। त्यौहारी माहौल में लोग जहां खुशी और उत्साह के साथ खरीदारी करने और एक-दूसरे से मिलने निकल रहे हैं, वहीं सड़कों पर लगने वाला यह भीषण जाम उनके इस उत्साह को कम कर रहा है और उन्हें निराशा दे रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन को त्योहारों के दौरान यातायात प्रबंधन के लिए एक विशेष योजना बनानी चाहिए थी। मुख्य सड़कों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और गलत पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। साथ ही, लोगों को भी यह समझना होगा कि उनकी छोटी सी लापरवाही (जैसे गलत जगह पार्किंग) पूरे यातायात तंत्र को बाधित कर सकती है। वर्तमान में, जिस तरह से यह जाम लोगों के दैनिक जीवन को प्रभावित कर रहा है, यह स्पष्ट है कि जीरकपुर की यातायात व्यवस्था को तत्काल और व्यापक सुधार की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की विकट स्थिति से बचा जा सके।

# एसएमजीआई, डेरा बसी में दिवाली बैश 2025 बड़े उत्साह के साथ मनाया



अर्थ प्रकाश/चौहान

डेरा बसी। श्री सुखमणि ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स (एसएमजीआई) के डेरा बसी परिसर में दिवाली के अवसर पर 'दिवाली बैश 2025' बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरा परिसर जगमगाती रोशनियों, रंग-बिरंगी रंगोलियों और सजावटी दीपों से सुसज्जित था, जिससे उत्सव का वातावरण उल्लास, खुशी और एकता से भर उठा।

कार्यक्रम में लाइव डीजे सत्र, स्वादिष्ट खानपान के स्टॉल और आकर्षक रैम्प वॉक जैसे कई मनोरंजक आयोजन हुए। छात्रों ने विभिन्न संस्थानों के बीच रंगोली प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रकाश और रचनात्मकता के इस अनोखे संगम में जटिल डिज़ाइनों के माध्यम से छात्रों ने अपनी कल्पनाशीलता को अभिव्यक्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एसएमआईटी, द्वितीय पुरस्कार एसएसआईईएसएस और एसएसडीआईपीआर, जबकि तृतीय पुरस्कार एसएससीओईपी ने जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. मुकेश वर्मा, डॉ. अमन कौल, डॉ. प्रीति कौर सहित कई प्राध्यापकों ने विजेताओं को सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. दमनजीत सिंह ने छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि दिवाली जैसे त्योहार हमें एक परिवार के रूप में जोड़ते हैं।

# हरजीत सिंह संधू ने तरनतारन उपचुनाव में दाखिल किया नामांकन, भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह



अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** भाजपा ने गुरुवार को पंजाब की तरनतारन विधानसभा सीट से हरजीत सिंह संधू को अपना उम्मीदवार घोषित किया। यह सीट जून में आप विधायक कश्मीर सिंह सोहल के निधन के कारण खाली हुई थी। उपचुनाव की तारीख की घोषणा अभी बाकी है। संधू (40) तरनतारन में भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष हैं। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार श्री हरजीत सिंह संधू ने आज तरनतारन विधानसभा सीट से उपचुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। नामांकन के दौरान भाजपा लीगल सेल पंजाब के संयोजक श्री एन.के. वर्मा, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा पंजाब प्रभारी, राष्ट्रीय मंत्री और जम्मू से विधायक श्री नरेंद्र सिंह रैना और भाजपा पंजाब के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री अश्विनी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। नामांकन के समय भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद श्री हरजीत सिंह संधू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि ÷तरनतारन की जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा ही विकास का असली विकल्प है।÷ इसके बाद रणजीत पैलेस में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया। रैली में कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया। श्री एन.के. वर्मा नामांकन के अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल तरनतारन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पंजाब का भविष्य और 2027 के विधानसभा चुनाव को परिभाषित करने वाला चुनाव है। कार्यक्रम के दौरान पूरे माहौल में जोश, उत्साह और जीत का विश्वास साफ़ दिखाई दे रहा था। रैली में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने तंज कसते हुए कहा- दिल्ली हारने के बाद केजरीवाल डिप्रेशन में हैं।

# लाला लाजपत राय कन्या विद्यालय में 'ग्रीन दिवाली' पर अणुव्रत समिति ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अर्थ प्रकाश प्रदीप पाल



जगराओ। शुक्रवार को केंद्र द्वारा निर्देशित प्रोग्राम जगराओं के स्कूल लाला लाजपत राय कन्या विद्यालय में अणुव्रत समिति जगराओं द्वारा करवाया गया जिसका टॉपिक था इको फ्रेंडली दिवाली कैसे मनाएं। प्रोग्राम की शुरुवात महिला मंडल एवम अणुव्रत समिति के सदस्यों द्वारा अणुव्रत गीत के माध्यम से की गई । प्रोग्राम के मुख्य वक्ता श्री जैन श्वेतांबर के अध्यक्ष श्री परवीन जी जैन थे । उन्होंने बहुत ही अच्छे ढंग से बच्चो को समझाया की हम कैसे बिना पटाखों के दिवाली मना सकते हैं । इससे दो फायदे होंगे , पहला हम अपने माता पिता की सहायता करेगे फ़ज़ूिल खर्च ना करके ,दूसरा हम वातावरण को भी प्रदूषित होने से बचा सकते है । हमें घरों में डिस्पोजल सामान का इस्तेमाल कम करना चाहिए । जितना हो सके इस से बचे । स्टील के बर्तनों का इस्तेमाल ज़्यादा से ज़्यादा करना चाहिए। साथ ही उन्होंने बच्चों को इको फ्रेंडली होली मनाने की प्रेरणा भी दी । उन्होंने समझाया कि कैसे हम बिना पानी के ड्राई होली खेल सकते है । इस से पानी की दूर उपयोग नहीं होगा । हमे बिना केमिकल के रंगों का प्रयोग करना चाहिए । नेचुरल कलर का प्रयोग भी कर सकते है । साथ ही में उन्होंने वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण के बारे में भी जानकारी दी। बताया की कैसे पटाखों से होने वाला शोर हमारे ब्रेन को नुक़सान पहुँचाता है , इससे हमारे कानो को भी बहुत क्षति होती हैं, हमे उचा सुनाई देने लगता हैं, छोटे बच्चे भी इस आवाज़ से बहुत डर जाते हैं । कई बार आग भी लग जाती है।अगर हम ध्यान से पटाखे नहीं चलाते तो ये हमारे हाथ में भी फट सकते है । जिससे हमारी स्किन जल जाती हैं और हमारे को बहुत तकलीफ़ होती हैं । दिवाली पर हम अपने रिश्तेदारों को गिफ्टऔर मिठाइयाँ देते हैं, जो कि अच्छी बात है पर साथ में यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हम उन्हें इको फ्रेंडली चीजे ही दे जो की पर्यावरण को नुक़सान न पहुंचाएं । उन्होंने बच्चो को इको फ्रेंडली दिवाली मनाने का संकल्प भी करवाया गया । छोटे छोटे नियम अपनाने से ही जीवन में बड़ा परिवर्तन आएगा और आपको सफलता जरूर मिलेगी । प्रोग्राम के अंत में स्कूल के प्रिंसिपल श्री मती नीना गर्ग जी ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया और भरोसा दिलाया की सभी बच्चे यह संकल्प को पूरा करेगे। अंत में स्कूल प्रिंसिपल एवं सीनियर सिटीजन वेल फ़ेयर फोरम के अध्यक्ष श्री मदन लाल जी बांसल को सम्मानित किया गया । अणुव्रत समिति के सदस्य नवीन जैन, नवनीत जैन,ललित जैन, राजपाल जैन,परवीन जैन , विनोद जैन ,पूजा जैन एवं महिला मंडल के सदस्य सुनीता जैन,किरना जैन जी की ख़ास उपस्थिति रही ।

# पंजाबी सिंगर राजवीर जवंदा के भोग कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब



बेटी अमानत बोली, पापा का सपना मैं पूरा करूंगी

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

जगराओ। पंजाबी सिंगर राजवीर जवंदा के पैतृक गांव पौना में शुक्रवार को भोग समागम कार्यक्रम हुआ। यहां राजवीर की आत्मिक शांति के लिए अरदास की गई। इस दौरान राज्यसभा सांसद विक्रम साहनी ने कहा कि जवंदा की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाएगी। बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी सरकार उठाएगी। इस संबंध में वह जल्द ही सीएम भगवंत मान से मिलेंगे।

वहीं, जवंदा की बेटी अमानत कौर ने कहा- मेरे पापा सबसे प्यारे पापा थे, मुझे लक्की मानते थे, वो कहते थे मैं तुझसे बहुत प्यार करता हूं, वो अब मुझसे दूर चले गए। जैसा उनके साथ हुआ वो किसी के साथ ना हो। इस मौके पर पंजाबी सिंगर रेशम अनमोल, एक्टर रंजीत बावा, सतिंदर सत्ती, सचिन आहूजा, बूटा मोहम्मद और गुग्गू गिल पहुंचे। समागम में पंजाबी एक्टर गुग्गू गिल ने कहा कि इस तरह के होनहार बहुत कम होते हैं। उसने छोटी सी उम्र में बड़ा नाम कमाया। वहीं इंदरजीत निक्कू ने कहा कि राजवीर जवंदा के जाने से पूरी पंजाबी कायनात को दुख है। इस तरह की मौत नहीं होनी चाहिए थी। बूटा मोहम्मद ने कहा कि परमात्मा का हुकम मानना पड़ता है। वो न तो कच्ची फसल देखता है और न पक्की फसल। वहीं, पंचकूला पुलिस ने साफ किया है कि राजवीर जवंदा की मौत बोलेरो से टकराने से नहीं हुई थी। पुलिस के मुताबिक, वहां कोई काले रंग की बोलेरो गाड़ी मौजूद नहीं थी। जांच अधिकारी ने बताया कि 27 सितंबर को राजवीर बद्दी से शिमला जा रहे थे। वह पांच दोस्तों के साथ थे और सभी अपनी-अपनी बाइक पर सवार थे। पिंजौर के पास उनकी बाइक एक गाय से टकरा गई, जिससे वह गिर पड़े। लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल डेराबस्सी में दिवाली का त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी।** गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल डेराबस्सी में दिवाली का त्यौहार बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने और उसका महत्व समझाने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में स्कूल की मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर सुरिंदर सिंह विरदी, उपाध्यक्ष अमृतपाल सिंह, मैनेजर गुरजीत सिंह, सदस्य कपूर सिंह, बलजीत सिंह वालिया, अमृतपाल मोदी और स्कूल की प्रिंसिपल कविता अत्री सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिवाली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए सभी कक्षाओं के कमरों को बहुत ही सुंदर और आकर्षक तरीके से सजाया गया था। विद्यार्थियों ने दिवाली से संबंधित कविताओं, भाषणों, शब्द-कीर्तन और नाटकों के माध्यम से दिवाली का सही अर्थ दिखाया। इसके अलावा, उन्होंने रंगोली बनाने, दीये सजाने और थाली सजाने आदि जैसी कई अन्य गतिविधियों में भाग लिया। इंजीनियर सुरिंदर सिंह विरदी ने सभी को दिवाली के त्यौहार की बधाई दी और विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कपूर सिंह ने बंदी छोड़ दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। अमृतपाल सिंह ने सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। स्कूल की प्रधानाचार्या कविता अत्री ने सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उन्हें 'प्रदूषण-मुक्त' और 'प्रकृति-अनुकूल' दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में, इस शुभ अवसर पर स्कूल की प्रबंध समिति ने सभी स्टाफ सदस्यों को दिवाली उपहार देकर सम्मानित किया।

## धनतेरस और दीपावली के दृष्टिगत आवश्यक आदेश जारी

**सोलन (यशपाल कपूर)।** जिला दण्डाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने 18 से 20 अक्तूबर, 2025 तक धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117, स?क नियमन नियम, 1999 के नियम 15 एवं 17 तथा हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन नियम, 1999 के नियम 184 तथा 196 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए हैं।

इन आदेशों के अनुसार धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक से पुराना बस अड्डा सोलन तक 18 अक्तूबर से 20 अक्तूबर, 2025 तक प्रातः 11.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग एवं आवागमन के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि रोगी वाहन, अग्निशमन वाहन, सेना, आपातकालीन सेवा, कानून एवं व्यवस्था में प्रयुक्त वाहनों पर यह आदेश लागू नहीं होंगे।

# खेलकूद से बढ़ती है समझने की शक्ति : राजेश

## बिलासपुर में अंडर-19 राज्य स्तरीय छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर बोले तकनीकी शिक्षा मंत्री

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 17 अक्तूबर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल एक दूसरे को जानने का अवसर मिलता है बल्कि एक-दूसरे क्षेत्रों की संस्कृति को समझने का माध्यम बनती है। राजेश धर्माणी आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 छात्रा मेजर खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस चार दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 11 जिलों एवं दो स्पोर्ट्स हॉस्टल की कुल 647 छात्राओं ने फुटबॉल, हॉकी, हैंडबॉल तथा बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

उन्होंने सभी विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई दी तथा सभी प्रतिभागी छात्राओं की खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ और मजबूत बनता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना भी सशक्त होती है।


उन्होंने कहा कि बेटियों को सशक्त और सक्षम बनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में ल?कों से कम नहीं हैं, बल्कि कई स्थानों पर वह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। खेलों के माध्यम से उन्हें आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के राज्य स्तरीय आयोजन न केवल खिला?ियों को प्रतिस्पर्धा का अनुभव देते हैं, बल्कि उन्हें अपने व्यक्तित्व को निखारने और आत्मविकास की दिशा में आगे ब?ने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

राजेश धर्माणी ने छात्राओं से अपने जीवन लक्ष्य के साथ-साथ व्यावसायिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समान रूप से ध्यान देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से जहां आत्मविश्वास मजबूत होता है तो वहीं जीवन में अनुशासन जैसे गुणों का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में वह स्वयं को स्थापित कर सके।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं व अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश में खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हिमाचल की यह प्रतिभाशाली बेटियां भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

राजेश धर्माणी में इस खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली जिला की टीमों को पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में चार प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं हॉकी, फुटबॉल, बास्केटबॉल और हैंडबॉल में छात्रा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मंडी जिला विजेता रहा जबकि बिलासपुर उपविजेता रहा। हॉकी प्रतियोगिता में सिरमौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और ऊना उपविजेता रहा। फुटबॉल में सोलन जिला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया जबकि शिमला उपविजेता रहा। हैंडबॉल प्रतियोगिता में भी बिलासपुर जिला विजेता रहा और सिरमौर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मार्च पास्ट में बिलासपुर की टीम ने बेहतरीन तालमेल और अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

इसके अतिरिक्त राज्य स्तर पर आयोजित बास्केटबॉल स्टेट चैंपियनशिप में स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट ने विजेता का खिताब जीता, जबकि हॉकी स्टेट चैंपियनशिप में स्पोर्ट्स हॉस्टल माजरा विजेता रहा।



## जल बहाव सिंचाई योजना शिरार सौनी पूल रौंडा सेरी का निर्माण कार्य आवंटित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 17 अक्तूबर।** हिमाचल प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, जायका चरण-दो , जल बहाव सिंचाई योजना शिरार सौनी पूल रौंडा सेरी निर्माण कार्य कृषक विकास संगठन शिरार सौनी पूल रौंडा सेरी के सदस्यों की उपस्थिति में ठेकेदार को जारी करवाया गया। योजना निर्माण अनुसूची कृषक विकास संगठन शिरार सौनी पूल रौंडा सेरी की उपस्थिति में खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू से खण्ड परियोजना प्रबंधक तथा ठेकेदार ने आश्वस्त किया कि योजना का निर्माण कार्य दी गई अनुसूची के अनुसार तय समय पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा । इस उपलक्ष में खंड परियोजना प्रबंधन कार्यालय के अन्य अधिकारी, निर्माण अभियंता भरत भूषण, कनिष्ठ अभियंता मनमोहन सिंह तथा कृषक विकास संगठन शिरार सौनी पूल रौंडा सेरी के प्रधान नारायण नेगी व ग्राम पंचायत शिरार प्रधान चित्र लेखा , कृषक विकास संघठन के अन्य सदस्य व वहाव सिंचाई योजना शिरार सौनी पूल रौंडा सेरी के लाभार्थी मौजूद रहे। फसल विविधीकरण परियोजना, लघु सिंचाई सुविधाओं के विकास और सुधार, डेयरी, शीटाके मशरूम की खेती के माध्यम से आजीविका में सुधार, किसानों का सिंचाई एवं बाजार आधारित फसलोंत्पादन में क्षमता निर्माण आदि के क्षेत्र में कार्य कर रहा है ।

# राज्यपाल ने नारी सेवा सदन और बालिका आश्रम का दौरा किया

बालिकाओं और महिलाओं को दीपावली की शुभकामनाएं दीं

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** दिवाली उत्सव से पूर्व राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और उनकी धर्मपत्नी एवं राज्य रेड क्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा की अध्यक्ष जानकी शुक्ला ने आज जिला शिमला के मशोबरा स्थित नारी सेवा सदन और बालिका आश्रम का दौरा किया। उन्होंने आश्रम में रह रही महिलाओं और बालिकाओं को दिवाली की शुभकामनाएं दीं और मिठाइयां वितरित कीं। महिलाओं और बालिकाओं से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा जीवन को आकार देने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बालिकाओं से आग्रह किया कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए क?ी मेहनत करें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि अपना उत्साह कभी कम न होने दें और सदैव राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का प्रयास करें।

शुक्ल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और यहां के त्यौहार राज्य की समृद्ध देव संस्कृति से जु? हुए हैं। हमारी भावनाएं और मूल्य सदैव इन दिव्य परंपराओं से जु? रहने चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे संस्थानों में रह रहे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के समान अवसर दिए जाने चाहिए। उन्हें सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि उन्हें अपना कौशल और आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का उपयुक्त मंच मिल सके। राज्यपाल के सचिव सी. पी. वर्मा, जिला प्रशासन के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## जिला कुल्लू भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया अपनी कार्यकारिणी का विस्तार

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 17 अक्तूबर।** जिला कुल्लू भाजपा ओबीसी मोर्चा ने अब अपने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिला कुल्लू भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष बलवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यकारिणी में

उपाध्यक्ष पद के लिए विरेंद्र भार?द्वाज, चुनी लाल, विजय महंत, गुलबदन महंत को नियुक्त किया गया। वही, महामंत्री के लिए अरुण महंत, दीवान सिंह को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष पद के लिए लीलामणि, सचिव पद के लिए अनिल महंत, ठाकुर दास वर्मा, चमन नायर, सुनील कुमार, राधा देवी को नियुक्त किया गया हैं। जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह ने बताया कि कार्यालय सचिव के लिए दिनेश कुमार, प्रवक्ता के लिए छबील दास, आईटी प्रभारी के लिए सूर्याश, सोशल मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र भारद्वाज, को नियुक्त किया गया हैं। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के रूप में विजय कुमार, राजेश कुमार, रविन्द्र सिंह, डाबे राम, इंद्र देव, हरी सिंह, बिहारी लाल, सूनी चंद को नियुक्त किया गया हैं।

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जिला कुल्लू के विभिन्न मंडलों में अध्यक्ष की भी तैनाती की गई हैं। जिसमें नग्गर मंडल से चमन महंत,मनाली से हर्ष नायर,कुल्लू से भुवन कांत, भुंतर से निरत नायर, पार्वती से जगत राम, बजौरा से ज्ञान दास, सैंज से महेंद्र सिंह, मंगलौर से हेम राज, बंजार से डोला राम, आनी से के वर्मा, दलाश से रमेश वर्मा की नियुक्ति की गई हैं। वही, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, , भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित सूद,आनी के विधायक लोकेंद्र लौकी,नरोतम ठाकुर,बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी भीमसेन शर्मा,दानवेंद्र सिंह ने पूरी कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की दिशा में काम करें ताकि आगामी चुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिल सके।

# बाल रामलीला में रावण ने विभीषण को लात मार लंका से किया बेदखल

हनुमान जी ने अशोक वाटिका उजाड़ लंका जला राख की

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर।** बाल रामलीला शाह तलाई में अशोक वाटिका उजाड हनुमान ने अक्षय कुमार,जम्मू माली इत्यादि राक्षसों का संहार दृश्य पंडाल में बैठे दर्शकों को खूब भाया। मेघनाथ ने ब्रह्म शक्ति से हनुमान को बाधं रावण सन्मुख पेश दृश्य में हनुमान रावण संवाद पर दशकों ने खूब तालियां बजाई।

रावण ने सगे भाई विभीषण को लंका से देश निकाला होते ही रामा दल में प्रभु श्री राम से मित्रता, लंका के गुप्तचर सुख सारण वानर सेना ने भेद लेते पकड़ा परंतु लक्ष्मण ने रावण के नाम खत दे मुक्त कर लंका भेजा। रामेश्वर धाम की स्थापना दृश्य में पंडित रावण ने राम के यज्ञ को पूरा कर लंका पति महाराजा रावण पर विजय प्राप्ति आशीर्वाद दिया, प्रभु राम ने दक्षिणा में अपने पुण्य कर्म का फल पंडित रावण को दिया दृश्य रात्रि कार्यक्रम का अति मनमोहक रहा। समुद्र पर सेतू बांध दृश्य में वरदानी नल नील हाथों पत्थर से तैयार सेतू से रामादल सेना लंका के द्वारा पहुंची। श्री राम ने सेनापतियों के मसबारे उपरांत युवराज अंगद को शांति दूत बन लंका भेजा दृश्य रात्रि कार्यक्रम का अंतिम रहा। अभिनय में रविंद्र शर्मा, रोहित ठाकुर, हर्ष वनियाल, अमित ठाकुर, राकेश मोनू, सुरेश पंडित, अजय शर्मा, अंकुश सोनी, मोहित शर्मा,अथर्व भारद्वाज, अथर्व कौशल, सूर्याश, दीपांश, अक्षू, ऋत्विक विराज कृष इत्यादि ने भूमिका अदा की।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल पेंशनर्ज ने सरकार के विरुद्ध बोला हल्ला-बोल




**कुल्लू 17 अक्तूबर (अशेष शर्मा)।** हिमाचल पेंशनर्ज फैडरेशन कुल्लू खंड ने आज सरकार के खिलाफ रैली निकालकर हो हल्ला बोला। इस प्रदर्शन में विशाल रैली निकाली गई और सैंक?ें पेंशनरों ने भाग लिया। और सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास किया गया। यह रैली पेंशनरों की लगातार अनदेखी को लेकर निकाली गई। सर्वसहमति से महासंघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वह पेंशनरों की अनदेखी न करे और अपने चहेतों को रेवड़ियां बांटना बंद करें, अन्यथा पेंशनर्ज का यह आंदोलन उग्र होगा। पेंशनर संघ के अध्यक्ष एनएन शर्मा ने कहा कि उन्होंने इस बात पर भी आपत्ति प्रकट की है कि सरकार द्वारा गत दिन पूर्व जो करुणामूलक आधार पर नौकरी हेतु जो नीति जारी की है वह मंजूर नहीं है। उन्होंने यह भी मांग रखी कि पेंशनर्ज के लिए स्थाई नीति बनाए जाने के लिए महासंघ के साथ एक बैठक की जाए साथ ही पेंशनर्ज की दो माह की पेंशन तुरंत जारी की जाए। मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया गया कि पुनर्नियुक्ति प्रथा को बंद किया जाए अन्यथा महासंघ न्यायालय में शिकायत दर्ज करेगा। यह भी तय किया गया कि उपायुक्त कुल्लू महासंघ के साथ बैठक की तिथि तय करें।बैठक में आपदा के समय क्षतिग्रस्त हुए लोरन सड़क मार्ग को ठीक न करने पर रोष प्रकट किया।

# दीपावली के उपलक्ष्य पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, उपायुक्त ने विजेताओं को किया सम्मानित

एनआईसी विभाग के कर्मचारियों ने बनाई आकर्षक रंगोली पाया प्रथम स्थान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**केलांग, 17 अक्तूबर।** आगामी दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में जिला लाहौल-स्पीति में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। उपायुक्त किरण भड़ाना के निर्देशन में आज उपायुक्त कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक संस्कृति को प्रोत्साहित करना एवं कार्यालय वातावरण में रचनात्मकता और सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देना रहा।

प्रतियोगिता में सभी विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने विभिन्न रंगों एवं आकृतियों के माध्यम से दीपावली के पर्व की सौंदर्यपूर्ण झलक प्रस्तुत की। विशेष रूप से महिला कर्मचारियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने सृजनात्मकता और सौंदर्यबोध का सुंदर समावेश किया।

उपायुक्त किरण भड़ाना ने सभी विभागों द्वारा तैयार की गई रंगोलियों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा और सामूहिक सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं। सबसे बेहतरीन रंगोली बनाकर (हृढ्ढष्ट) एनआईसी विभाग के कर्मचारियों ने पर प्रथम स्थान , द्वितीय स्थान लाहौल स्पीति पुलिस विभाग की महिला कर्मचारियों ने एवं उपायुक्त कार्यालय की अभिलेख एवं वितरण शाखा की टीम तीसरे स्थान पर रही। उपायुक्त ने सभी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया तथा समापन पर सभी प्रतिभागियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं।

## आपदा प्रभावितों को समर्पित रहा शिविर, 50 यूनिट रक्त एकत्रित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 17 अक्तूबर।** जिला कुल्लू के पतलीकुहल में मां दुर्गा कला मंच मेला ग्राउंड में आज टीम गोली एवं रक्त एकत्र संग्रहालय जिला कुल्लू के संयुक्त तत्वाधान में आपदा प्रभावितों को समर्पित एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका विधिवत शुभारंभ रक्त एकत्र संग्रहालय के इंचार्ज डॉक्टर हीरालाल बौद्ध व टीम गोली के कप्तान सनी नेगी द्वारा किया गया जिला कुल्लू के रक्त एकत्र संग्रहालय में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए इस एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन टीम गोली द्वारा किया गया जिसमें टीम गोली के सदस्यों, पतलीकुहल पुलिस के जवान, महिलाओ और स्थानीय रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया इस एक दिवसीय रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने में अपना बेशकीमती योगदान दिया टीम गोली के कप्तान सनी नेगी का कहना है कि उनकी समस्त टीम सामाजिक कार्यों में हमेशा तत्पर रही है और अब तक वह साल 2018 से अब तक 20 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं और भविष्य में भी वह सामाजिक कार्यों में अपनी पूरी टीम के साथ तत्पर रहेंगे।



## सड़क बहाली के लिए एनएचपीसी ने जारी की साढ़े 22 लाख की सहायता

**कुल्लू (अशेष शर्मा)।** एसडीएम बंजार, पंकज शर्मा ने बताया कि मानसून के दौरान बंजार क्षेत्र में हुए नुकसान के पश्चात प्रशासन द्वारा क्षेत्र में पुनर्स्थापना के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रशासन के अथक प्रयासों से एनएचपीसी के सौजन्य से कॉरपोरेट सामाजिक एवं पर्यावरणीय वित्तपोषण घटक के अंतर्गत सैंज बाजार सड़क की बहाली के लिए 22 लाख 50 हजार रुपए की सहायता स्वीकृत की गई है।

पंकज शर्मा ने बताया कि इस सहयोग से सड़क की मरम्मत एवं यातायात बहाली के कार्य को गति मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा इस समय न केवल सरकारी स्तर पर बल्कि कई गैर सरकारी संगठनों तथा समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से भी बंजार उपमंडल में राहत और पुनर्स्थापना के कार्य निरंतर रूप से किए जा रहे हैं।

# डीसी ने अंकुश को भेंट की क्रिकेट किट

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** जिला ऊना में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने शुक्रवार को स्थानीय खिला?ी अंकुश को एक संपूर्ण क्रिकेट किट भेंट की। इस अवसर पर सीपीओ ऊना संजय संख्यान भी उपस्थित रहे।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि अंकुश इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने जा रहे हैं, जो आगामी 3 से 9 नवंबर तक दिल्ली में आयोजित होगा। अंकुश हिमाचल प्रदेश की ओर से चयनित होकर इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि युवाओं में छिपी खेल प्रतिभा को सही दिशा, मार्गदर्शन और सहयोग देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अंकुश जैसे खिला?ी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने में जुटे हुए हैं।

अंकुश ने क्रिकेट किट भेंट करने के लिए उपायुक्त ऊना जतिन लाल का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सहयोग उनके लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने संकल्प जताया कि वे पूरी लगन और समर्पण के साथ खेलेंगे ताकि जिला ऊना और हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर सकें।

गौरतलब है कि अंकुश उपमंडल ऊना के संतोषग? का निवासी हैं और वे दिल्ली में होने वाली डेफ राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता (3 से 9 नवंबर) में भाग लेंगे।

## सोलन में राष्ट्रहित में लिखें कार्यक्रम का आयोजन

**सोलन।** शुक्रवार को ÷राइट फोर नेशन÷ अर्थात ÷राष्ट्रहित में लिखें÷ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र कार्यवाह रोशन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सोलन के वरिष्ठ साहित्यकार, स्तंभकार, लेखक, संपादक, पत्रकार, पत्रकारिता के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों को राष्ट्रहित में लेखन के लिए प्रेरित करना था। रोशन ने कहा कि ÷आज समाज में विघटनकारी ताकतें लेखन के माध्यम से युवाओं को भ्रमित कर रही हैं। विशेष रूप से जेन जेड (जेन-?ी) के नाम पर युवाओं को राष्ट्रविरोधी विचारधारा की ओर मोड़ा जा रहा है। ऐसे समय में लेखन से जुड़े हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह राष्ट्र और समाज के हित में सकारात्मक लेखन करें।

**नई लैब** | सोलन में दूसरा साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) लैब का उद्घाटन

# हिमाचल प्रदेश की दूसरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स लैब शुरू

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



सोलन, 17 अक्टूबर। शूलिनी विश्वविद्यालय के 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ ने अपना 18वां साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) लैब उद्घाटित किया, जो राष्ट्रीय मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (एनएम-आईसीपीएस), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा समर्थित है। यह लैब हिमाचल प्रदेश में स्थापित दूसरी सीपीएस लैब है, जो राज्य की शिक्षा और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शांत पहाड़ियों के बीच स्थित यह लैब तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. प्रेम कुमार खोसला (चांसलर, शूलिनी विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रो. रणबीर चंदर सोबती (कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय), श्रीमती सरोज खोसला (संस्थापक, अध्यक्ष एवं ट्रस्टी, एफएलएसबीएम), डॉ. राधिका त्रिखा (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईआईटी रोपड़ङ्कटीआईएफ ऑवध), और डॉ. मुकेश सी. केस्टवाल (मुख्य नवाचार अधिकारी, आईआईटी रोपड़ङ्कटीएफ ऑवध) भी मौजूद थे।

परियोजना प्रबंधक श्री देशराज धीमान और तकनीकी टीम ने लैब का दौरा कराया, जिसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने अत्याधुनिक संसाधनों को देखा। यह लैब शिक्षा, अनुसंधान, प्रोटोटाइपिंग, परीक्षण और सहयोग के लिए एक समग्र मंच के रूप में कार्य करेगी।

**लैब में प्रमुख सुविधाएँ में शामिल हैं:** आईआईटी रोपड़ द्वारा विकसित आईओटी किट्स, बीएलई विकास उपकरण, पर्यावरणीय सेंसर, और 3डी प्रिंटर। तकनीकी टीम ने पहले प्रशिक्षण सत्र में 35 छात्रों और शिक्षकों को सीपीएस टूलकिट्स और प्रयोग आधारित सीखने से परिचित कराया।

# मुख्यमंत्री मस्त, प्रदेश त्रस्त; खराब हालात जगजाहिर : दुष्यंत

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश में लॉ एंड आर्डर पर सरकार को घेरा

कहा, आज विपक्ष भी सरकार के इशारों पर चल रहा, जेजेपी बन रही जनता की आवाज

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 17 अक्टूबर।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन मजबूती पर फोकस करते हुए जनसंपर्क अभियान की प्रक्रिया में तेजी लाई है। शुक्रवार को रोहतक के कलानौर हल्के के बालंद गांव में जेजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व हल्का कलानौर प्रधान मनोज बालंद द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला मुख्यातिथि एंव मुख्य वक्ता उपस्थित हुए। साथ में राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लतानी, जिला रोहतक प्रभारी हरज्ञान मोखरा एवं जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा मोजूद रहे। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रोहतक जिले के जेजेपी पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा करके फीडबैक लिया और रोहतक जिले में संगठन को और अधिक मजबूत करने को कहा। मनोज बालंद ने पुष्प गुच्छ एवं फूलमाला भेंट कर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लतानी का बालंद गांव में पहुंचने पर स्वागत किया। मनोज बालंद के छोटे बेटे के जन्मदिन पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी और केक कटवाया। रोहतक जिला प्रभारी हरज्ञान मौखरा एवं जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लतानी का रोहतक जिले में पहुंचने पर स्वागत किया।

गांव के बुजुर्ग राजा ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। बैठक में उमड़े समूह को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और जनहित के मुद्दों को उठा रही है। उन्होंने कहा कि जेजेपी के कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़-चढ़कर हो रही है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी के स्थापना दिवस के बाद प्रदेशभर में हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे और महिलाओं की राजनीति में भागीदारी को बढ़ाने पर जेजेपी पूरा फोकस करेगी। साथ ही इनसो भी छात्राओं को अपने संगठन से जोड़ने पर जोर देगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा प्रदेश में आज कानून व्यवस्था ना के बराबर है उन्होंने कहां की जब पुलिस अधिकारी ही आत्महत्या करने पर मजबूर हैं तो प्रदेश में आम जनता का क्या होगा उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है आम जनता आज प्रदेश में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही है। लूटपाट व डकैती की घटनाएं आए दिन लोगों में असुरक्षा पैदा कर रही हैं। अपराधों पर अंकुश लगाने में सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है।

### लोगों को पार्टी से जोड़ें कार्यकर्ता

उन्होंने पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं से कहा कि वे गांव गांव जाकर नए लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करें और संगठन को मजबूत करें जिससे पार्टी का संगठन मजबूत होगा और पार्टी मजबूत होकर उभरेगी। प्रवक्ता जिला रोहतक एडवोकेट अजय कुमार इंदौरा ने बताया कि निम्नलिखित जिला रोहतक प्रभारी हरज्ञान मोखरा, जिलाध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा, दलवीर भराण, राजेश सैनी, रविन्द्र सांगवान,, मनोज बालंद, कृष्ण घणघस, प्रवेश कंसाला,राजेश गुलिया, प्रवीण लाम्बा, श्रीमती प्रेमलता, खुशी राम प्रजापत,रविन्द्र बखेता,रमेश मोखरा, मकड़ौली, रामबिलास, बनियानी, हरकिशन खटक, राजेंद्र वाल्मीकि, ओम डोभ, जितेंद्र बल्हारा,राजेश राठी, अमित सिंधु, अभिषेक देशवाल, प्रदीप बनियानी,आजाद देशवाल, सुनीत राणा, विक्की सरपंच, प्रवीण भूटानी, फूल राणा भीम कुंडू, समुंदर काला, सुरेश, राजवंती, मुकेश, डॉ देवेंद्र बालंद,डॉ महेंद्र, राजू भ्रांत, राजा, चांदी राम, जितेंद्र, सत्यवान, कृष्ण हवलदार, वाले, सुल्तान सिंह, धूप सिंह सुनील बनियानी, अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## 40 की उम्र के बाद महिलाओं की हड्डियां होने लगती हैं कमजोर : डॉ. ममगाईं

**कुरुक्षेत्र (राजकुमार वालिया)।** हर साल 18 अक्टूबर को वर्ल्ड मीनोपॉज डे मनाया जाता है। महिलाओं में मीनोपॉज के प्रति जागरूकता फैलाने और उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए मौजूद विकल्पों पर बात करने के उद्देश्य से इस दिवस को मनाया जाता है।भारत की स्थिति कुछ ऐसी है कि यहां पर महिलाएं अपनी सेहत पर कम ध्यान देती हैं और उस बढ़ने पर उनकी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं;वहीं मीनोपॉज आने पर उनके स्वास्थ्य में और ज्यादा गिरावट आने का डर रहता है।÷यह कहना है पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के फिजिशियन डॉ.शैलेंद्र ममगाई शैली का।

उन्होंने बताया कि मीनोपॉज के कारण महिलाओं को मूड स्विंग्स, हॉट फ्लैशेज आदि की शिकायत हो सकती है।अगर आप मीनोपॉज से पहले ही और इसके दौरान अपनी डाइट का ख्याल रखें, तो उनकी सेहत अच्छी रह सकती है।

## राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किया प्रदीप दलाल की किताब 'न्यूज फॉर सेल' का विमोचन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 17 अक्तूबर।** गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मनोवैज्ञानिक, स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक प्रदीप दलाल द्वारा लिखित चर्चित पुस्तक न्यूज़ फॉर सेल का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने लेखक को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पुस्तक आधुनिक मीडिया की दिशा और दशा पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत करती है। पुस्तक ऑफलाइन प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ अमेजन् किंडल, फ्लिपकार्ट और रेख्ता जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध है। लेखक प्रदीप दलाल ने बताया कि न्यूज फॉर सेल के माध्यम से उन्होंने मीडिया की बदलती प्राथमिकताओं, कॉर्पोरेट दबावों और जनसरोकारों से बढ़ती दूरी जैसे मुद्दों को उजागर करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि यह किताब किसी उपदेश के लिए नहीं, बल्कि समाज को यह सोचने पर विवश करने के लिए है कि क्या समाचार अब केवल बाजार की वस्तु बन चुके हैं या अब भी जिम्मेदारी का माध्यम हैं। प्रदीप दलाल ने आगे कहा कि पत्रकारिता एक समय समाज का चौथा स्तंभ मानी जाती थी। आज़ादी से पहले इसे एक मिशन के रूप में देखा जाता था, लेकिन समय के साथ यह मिशन से व्यवसाय की ओर बढ़ गई है। आज विज्ञापन, टीआरपी और राजनीतिक स्वार्थों की दौड़ में मीडिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। यह पुस्तक इन्हीं प्रश्नों और चुनौतियों पर केंद्रित है। इसमें स्वतंत्र भारत से लेकर डिजिटल युग तक मीडिया के उत्थान, पतन और संक्रमणकाल का गहन विश्लेषण किया गया है।

## भारत विकास परिषद ने किया दीपोत्सव का भव्य आयोजन

**कुरुक्षेत्र, (अर्पण वधवा)।** आज भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा शानदार एवं रंगारंग शुभ दीपावली समारोह ÷दीपोत्सव ÷ का भव्य आयोजन स्टर्लिंग रिजॉर्ट्स में किया गया। लगभग 140 सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम को और अधिक रोचक बना दिया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष विजयंत बिंदल, प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल, राष्ट्रीय संस्कार टोली सदस्य अशोक चौधरी, शाखा के पूर्व अध्यक्षों पवन गुप्ता, सुभाष भाटिया, रमेश गुलाटी द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। तत्पश्चात सभी सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ बिटिया आदित्य गुप्ता द्वारा श्री गणेश वंदना से किया गया।

## केंद्र व प्रदेश सरकार सेवा, सुशासन व अंत्योदय की दिशा में कर रही है निरंतर कार्य : डॉ. अरविंद

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 17 अक्तूबर।** हरियाणा के सहकारिता, निर्वाचन, कारागार, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं अंत्योदय की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान घोषणा पत्र में शामिल किए गए 217 संकल्पों में एक वर्ष दौरान 46 संकल्पों को पूरा कर लिया है तथा शेष संकल्पों को पूरा करने के प्रति संकल्पबद्ध है।

डॉ. अरविंद शर्मा स्थानीय जिला विकास भवन स्थित सभागार में हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का प्रथम गौरवपूर्ण वर्ष होने के उपलक्ष में आयोजित जन विश्वास-जन विकास के लिए स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला से राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित किया, जिससे वर्चुअली जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थिगण ने भी लाइव सुना। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा एक वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई तथा उपस्थिगण को एक वर्ष की उपलब्धियों की बुकलेट एवं पंपलेट भी वितरित किए गए। निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के 9 लाभार्थियों को 100 गज के प्लॉट के अधिकार पत्र भी सौंपे। कार्यक्रम के उपरांत तीन गांवों खरैंटी, खरकड़ा छाजाण व गिरावड़ के 243 लाभार्थियों को प्लॉट के अधिकार पत्र वितरित किए गए। डॉ. अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हिसार में हवाई अड्डे का शुभारंभ किया है।

## पूर्व विधायक दुड़ाराम ने दी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी

स्थानीय डीपीआरसी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए पूर्व विधायक दुड़ाराम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 17 अक्टूबर।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जन विश्वास - जन विकास समारोह के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम पंचकूला में हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और प्रदेशवासियों को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा के त्योहारों की प्रदेशवासियों को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन डीपीआरसी सभागार में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दुड़ाराम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के अंतर्गत पात्र 79 लाभार्थियों को 100-100 गज के प्लॉट के अधिकार पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही उपस्थितजन को प्रदेश सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल के दौरान विकासात्मक योजनाओं को प्रदर्शित लघु फिल्म भी दिखाई गई।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रदेश के हर जिले में सड?, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि बीती शाम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बातचीत के दौरान फतेहाबाद हलके के गांव ढांड, मेहूवाला, रामसरा, सरवरपुर, गदली व सालमखेड़ा सहित छह गांवों की फिरनी निर्माण के लिए लगभग छह करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। यह मुख्यमंत्री की जिले के विकास के प्रति अपनेपन को दर्शाता है। छह गांवों की फिरनी निर्माण के लिए लगभग छह करोड़ की राशि स्वीकृत पर पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

## साकरा क्रिकेट महाकुंभ में सामाजिक एकता की मिसाल दिखी : अशोक गुर्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 17 अक्तूबर।** ग्राम खेल कमेटी साकरा द्वारा गांव में क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने शिरकत की और महाकुंभ का रिब्बन काटकर उद्घाटन किया और खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों ने भाजपा नेता अशोक गुर्जर का फूलों की माला डालकर भव्य स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजनों से न केवल युवा प्रतिभाओं को आगे बढने् का अवसर मिलता है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है उन्होंने खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए युवाओं से नशे और व्यर्थ की गतिविधियों से दूर रहने का आह्वान किया। हरियाणा की नायब सरकार की खेल नीति खिलाडियों के लिए वरदान साबित हो रही है। सरकार की खेल नीति का परिणाम है कि आज हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ी खेलों में उच्चकोटि का प्रदर्शन कर मैडल जीतकर प्रदेश व देश का नाम समूचे विश्व में चमका रहे है। खिलाडियों की प्रतिभा पर हमें गर्व है।



## हर घर दीवाली अभियान के तहत 139 विधवाओं को वितरित किया सामान

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 17 अक्टूबर ।** जन सेवा संस्थान, रोहतक की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ÷हर घर दीवाली÷ अभियान का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के संस्थापक, डॉ. स्वामी परमानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम समाज की जरूरतमंद बहनों और विधवाओं के लिए समर्पित है। मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, विशिष्ट अतिथि रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, संस्थान के संस्थापक, डॉ. स्वामी परमानंद, महेंद्र अग्रवाल, विनोद गुप्ता (महासचिव), वीके मित्तल, मोहिंदर शर्मा, नवीन खन्ना न निःशुल्क स्कूल में पड़ रहे बच्चों की विधवा माताओं को दो मिठाई के डब्बे, मोमबत्ती, लेडीज सूट, शाल या कम्बल,नमकीन पैकेट तथा रु. 50 दक्षिणा नकद वितरित किए गए। आज इस कार्यक्रम में कुल 139 विधवाओं को सेवा प्रदान की गई।

## बिहार में फिर एनडीए सरकार बनेगी : खेल मंत्री

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा सरकार के तेज़-तर्रार मंत्री गौरव गौतम को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही बिहार के दरभंगा एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा के खेल और कानून मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

वे बिहार चुनाव में भाजपा की ओर से चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों की जीत में अहम भूमिका निभाएंगे। गौरव गौतम हरियाणा सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बिहार की जनता को बताएंगे। वे यह भी साझा करेंगे कि किस तरह हरियाणा सरकार ने विकास, सुशासन और पारदर्शिता के मॉडल पर काम करते हुए राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

गौरव गौतम ने कहा कि ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाए हैं। हर घर तक उज्ज्वला योजना के तहत गैस, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान, जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल और किसानों के हित में अनेक योजनाओं से जनता का जीवन बदल गया है। बिहार में भी अब यही विकास यात्रा और तेज़ी से आगे बढ़ेगी।÷ उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का विजन और विकास मॉडल पूरे देश के लिए प्रेरणा बना है। हम बिहार के लोगों को बताएंगे कि कैसे हरियाणा में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, युवाओं के लिए खेल सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुए हैं। गौरव गौतम ने कहा कि ÷बिहार में एक समय ऐसा था जब तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सरकार के दौरान पूरा बिहार क्राइम, भ्रष्टाचार और लूट की नगरी बन चुका था। जनता भय और असुरक्षा के माहौल में जी रही थी।

लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में बनी एनडीए सरकार के बाद बिहार के लोगों ने अमन, विकास और चयन (शांति) की नई सुबह देखी है। गौरव गौतम बिहार के विभिन्न जिलों में जनसभाओं, संवाद कार्यक्रमों और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं के साथ जुड़कर जनता को केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से अवगत कराएंगे।

## बाल महोत्सव में विद्यार्थियों की प्रतिभा को डीसी ने सराहा

**रेवाड़ी।** जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से स्थानीय बाल भवन में आयोजित 11 दिवसीय बाल महोत्सव में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के बच्चों ने सोलो डांस, सोलो सॉन्ग और रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

उक्त परिषद के चेयरमैन एवं उपायुक्त अभिषेक मीणा ने इस कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। एडीसी राहुल मोदी भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि बाल महोत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभाओं को और अधिक निखार रहे हैं। शिक्षकों और अभिभावकों को ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

समारोह

केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर रहे जिला स्तरीय समारोह के मुख्यातिथि

## केंद्र और राज्य सरकार के कार्यकाल में देश-प्रदेश ने हर क्षेत्र में की तरक्की : कृष्णपाल

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय 'जन विश्वास-जन विकास' समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने की।

मुख्य अतिथि केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने दीप प्रज्वलन के साथ जिला स्तरीय 'जन विश्वास-जन विकास' समारोह का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। समारोह में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से तैयार की गई सरकार के तीसरे कार्यकाल की एक साल की उपलब्धियों पर केंद्रित बुकलेट का वितरण भी किया गया। जिला स्तरीय समारोह में पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का शुभ सन्देश भी वर्चुअल रूप से सुना व देखा गया। समारोह में उपस्थित नागरिकों ने मुख्यमंत्री हरियाणा के संबोधन को बड़े उत्साह के साथ देखा और सुना। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित फिल्म और गीत का प्रदर्शन देखा, जिसमें राज्य में हुए जनकल्याणकारी कार्यों, विकास योजनाओं और सार्वजनिक हित के निर्णयों की झलक प्रस्तुत की गई। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन को साकार करने का काम कर रही है। हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष का सफर जनता के विश्वास, विकास और सुशासन के प्रतीक के रूप में दर्ज हुआ है। राज्य सरकार ने बीते एक वर्ष में अंत्योदय और जनकल्याण की अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला साल घणा कमाल रहा है केंद्र और राज्य सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत देश और हरियाणा प्रदेश ने हर क्षेत्र में बेमिसाल तरक्की की है।

### मोदी के सपनों का विकसित भारत अमृत स्तंभों पर टिका

केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का विकसित भारत चार अमृत स्तंभों पर टिका है। ये अमृत स्तंभ हैं हमारी नारी शक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, महिलाएं और किसान प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन के मुख्य आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों का कल्याण और उत्थान ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाएगा।

## मिष्ठान भंडार की फैक्टरी पर सीएम फ्लाइंग की रेड, 175 क्विंटल घटिया मिठाई बरामद

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 17 अक्तूबर।** दीपावली से पहले मिठाई बाजारों में मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए फूड सेफ्टी विभाग, सीएम फ्लाइंग और सीआईडी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कैथल जींद रोड पर एकांत में संचालित शिव शक्ति मिष्ठान भंडार की फैक्ट्री पर छापेमारी कर टीम ने 175 क्विंटल घटिया क्वालिटी से तैयार मिठाइयां बरामद कीं। मौके पर फैक्ट्री मालिक और कर्मचारी रेड की भनक लगते ही फरार हो गए।

टीम जब फैक्ट्री के अंदर पहुंची तो हालात देखकर अधिकारियों के भी होश उड़ गए। फैक्ट्री में स्वच्छता के नाम पर भारी लापरवाही बरती जा रही थी। रसगुल्ले, चमचम और खोया से भरे टबों में मरी हुई माखियां तैर रही थीं। मिठाइयों को ढकने के लिए ढक्कन तक नहीं लगाए गए थे। गंदगी और दुर्गंध से फैक्ट्री परिसर का माहौल असहनीय था। जांच के दौरान टीम को पता चला कि फैक्ट्री में घटिया क्वालिटी के दूध, सिंथेटिक रंग और बेस्वाद केमिकल्स से मिठाई तैयार की जा रही थी, जिसे स्थानीय बाजारों में बड़े पैमाने पर सप्लाई किया जाना था। फूड सेफ्टी विभाग के निरीक्षक डॉ. पवन चहल ने बताया कि दीपावली को देखते हुए जिले में 'मीठे में ज़हर' अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत टीम को सूचना मिली थी। मौके से 175 क्विंटल माल सील कर सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आरोपयों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।